सुप्रभात
रांची, मंगलवार
08.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 89



06 पोटका विधानसभा: अब झामुमो की संभावना बेहतर



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल
भवन निर्माण विभाग, राँची
Mail:-splworksdivbcdmc@gmail.com

निविदा रद्द सूचना

Nodal Officer, e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer, Special Works Division Building Construction Department, Ranchi द्वारा PR 337219 Building ( 24-25) के तहत प्रकाशित Construction of Boundary Wall (750'0" ) with Camp Office at Proposed New Jharkhand Bhawan Site, Navi Mumbai, Maharashtra कार्य का NIT 24/2024-25 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ० नि० वि०
राँची।

PR.NO.338273 Building(24-25):D

गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
कार्यालय,अधीक्षक,उप कारा, खूँटी
Phone No.- 06528 – 220853
E-mail – supt.khunti@gmail.com & sj-khunti@jharkhandmail.gov.in

–: कार्यालय आदेश :–
ई0–निविदा संशोधन सूचना

उप कारा, खूँटी के प्रथम त्रैमासिक अल्पकालीन ई0 निविदा दिनांक –01.01.2025 से 31.03.2025 तक के लिये खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय हेतु विज्ञापन संख्या–PR337590 Prison (24-25).D (e-tender-HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-1/2025/ 4849 जो दिनांक–15.10.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में खोली जानी है। लिपिकीय भूलवश निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 12.10.2024 के स्थान पर 13.10.2024 अंकित हो गया है। जिसे निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–12.10.2024 को अपराह्न 4:00 बजे तक पढ़ा जाय। शेष निविदा की शर्त यथावत् होगी।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

PR 338210 Prison(24-25).D

## गिरिडीह टाउन प्लानर मंजूर आलम को चुनाव कार्य से रखें दूर : भाजपा

रांची। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचकर गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में पदस्थापित टाउन प्लानर मंजूर आलम, कनीय अभियंता सलाही फिरोज एवं एसडीपीओ जीत वाहन उरांव को चुनाव कार्य से मुक्त करने के लिये शिकायत दी गयी। प्रतिनिधिमंडल में सुबोध कान्त भी शामिल थे। सुधीर श्रीवास्तव ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि मंजूर आलम विगत 8 वर्षों से गिरिडीह नगर निगम में पदस्थापित हैं और गिरिडीह वार्ड नंबर 7 के मूलवासी सलाही फिरोज जो कनीय अभियंता हैं, यह दोनों पदाधिकारी अपना पद का दुरुपयोग करते हुये सरकार में शामिल राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता जैसा व्यवहार कर रहे हैं। इसके अलावा जीत वाहन उरांव जो 2019 में भी चुनाव में वहां पदस्थापित थे एवं फिर से गिरिडीह में ही उनका प्रतिस्थापन किया गया है।

### जामताड़ा में गरजे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन, कहा

# हम आदिवासी इस भूमि के असली मालिक हैं

**चम्पई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकाल फेंकने का संकल्प दोहराया**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची/ जामताड़ा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकाल फेंकने का संकल्प दोहराया। नाला प्रखंड अंतर्गत नूतनडीह फुटबॉल मैदान में मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने घुसपैठियों से आदिवासी समाज की माटी, बेटी और रोटी को बचाने की जरूरत पर बल दिया। यहां उपस्थित हजारों मांझी परगना, पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं आम लोगों की भीड़ के सामने उन्होंने भूमिपुत्र आदिवासियों को यहां की जमीन का असली मालिक बताते हुए कहा कि जिस जमीन की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों बाबा तिलका मांझी, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो के नेतृत्व में संथाल हूल हुआ था, उसी भूमि से आज फिर से यह जन-आंदोलन शुरू हुआ है।

उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आदिवासी समाज अपनी जमीन की लूट, बहु-बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ तथा पूजा स्थलों पर कब्जे की कोशिशों को बर्दास्त नहीं करेगा। हम लोग बाईसी बुला कर इन जमीनों को वापस उनके मूल मालिकों को दिलवाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। संथाल परगना में आदिवासियों की स्थिति पर चिंता जताते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस भोगनाडीह से संथाल हूल की शुरूआत हुई, आज उसी वीर भूमि में आदिवासियों के घर उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। इस परिस्थिति में बदलाव की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि युवा वर्ग समाज को जागरूक करने तथा संस्कृति को बचाने के लिए आगे आए और यह भी सुनिश्चित करे कि उनके आस-पड़ोस में ऐसी घटनाएं न हों। पिछले तीन हफ्तों में संथाल परगना में पाकुड़, बरहेट एवं जामताड़ा में चार 'मांझी परगना महासम्मेलन' हो चुके हैं, जिसमें पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस बैठक में शामिल कई माझी परगनाओं ने खुल कर स्वीकार किया कि स्थानीय ग्रामीण उनके पास जमीनों पर अतिक्रमण की शिकायत लेकर आते रहते हैं, लेकिन इस मुद्दे पर सरकारी अधिकारियों का कोई सहयोग नहीं मिलता है।

### पीएम ने फोन कर चम्पई के स्वास्थ्य की ली जानकारी

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार की सुबह झारखंड के पूर्व सीएम चम्पई सोरेन को फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। पूर्व सीएम ने उन्हें बताया कि चिकित्सकों के अथक प्रयास एवं आम लोगों की दुआओं से अब वे काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। पीएम ने अस्वस्थ रहने के बावजूद, अस्पताल से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आयोजित आदिवासियों के एक महासम्मेलन में शामिल होने के लिए, उनके जज्बे की तारीफ की। मालूम हो कि पिछले शनिवार को स्वास्थ्य संबंधित जटिलताओं की वजह से उन्हें टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। कल उन्होंने अस्पताल से ही बरहेट में आयोजित 'मांझी परगना महासम्मेलन' को विडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा संबोधित किया था। इस फोन कॉल के लिए पीएम को धन्यवाद देते हुए भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने मीडिया को बताया कि संथाल परगना में आदिवासियों के अस्तित्व पर जो संकट मंडरा रहा है, उसे देखते हुए समाज के लोगों को जागरूक एवं संगठित करना जरूरी है। समाज की माटी, रोटी एवं बेटी तथा जल, जंगल व जमीन की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उपायुक्त का कार्यालय कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)

आम सूचना

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड रॉंची का संकल्प संख्या–2103 दिनांक–30.08.2024 के आलोक में विभागाधीन पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आंगनबाडी सेविका–सह–पोषण परामर्शी (पोषण सखी) के पूनर्बहाली हेतु इच्छुक पोषण सखी दिनांक–09.10.2024 तक संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में अपना–अपना आवेदन विहित प्रपत्र में निश्चित रूप से समर्पित करेंगे। उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 338268 (Women, Child Development & Social Security) 24-25 (D)

## शिक्षा परियोजना कर्मियों ने दिया धरना, कहा बात नहीं बनी तो करेंगे हड़ताल

रांची। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कर्मी मुख्यमंत्री आवास के समक्ष दो दिनी सामूहिक अवकाश पर रहे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव शरण ने बताया कि झारखंड के सभी 24 जिलों के कर्मी मुख्यमंत्री आवास के समक्ष अपनी लंबित मांगों को लेकर दो दिवसीय सामूहिक अवकाश पर हैं। धरना प्रदर्शन में राज्य के सभी जिलों के जिला परियोजना कार्यालय के कर्मी, प्रखंड कार्यालय के कर्मी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के कर्मी शामिल हुए। संघ की प्रमुख मांगों में वेतन वृद्धि एवं महंगाई की तर्ज पर सीपीआई लागू करना, समूह बीमा एवं चिकित्सा बीमा लागू करना एवं सेवा नियमितीकरण करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी उनकी मांगें नहीं मानी गयीं तो दुर्गा पूजा के बाद सभी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने को विवश हो जाएंगे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पोस्ट पर बाबूलाल मरांडी ने दी कड़ी प्रतिक्रिया, कहा-

# हेमंत सोरेन को संवैधानिक ज्ञान का अभाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संवैधानिक ज्ञान का अभाव है। दरअसल, सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन ने एक्स पर गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाने पर मुकदमा दर्ज करने संबंधी निर्देश दिया है। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते रुझान से मुख्यमंत्री बौखलाहट में हैं। वे गलत सलाहकारों से घिर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पंच प्रण के तहत गोगो दीदी योजना द्वारा भाजपा महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इस योजना के

- मैं खुद भरवाऊंगा गोगो दीदी योजना का फॉर्म, सरकार दर्ज कराये मुकदमा

अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार बनने के तुरंत बाद 2100 रुपये प्रति माह भेजे जायेंगे। इसके लिये भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से फॉर्म भरवा रहे हैं। ताकि, महिलाओं को उनके अधिकार और सशक्तिकरण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को बाधित करने का हरसंभव प्रयास



कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। ताकि, वे अपने मिशन से पीछे हट जायें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को फिर से आगाह कर देना चाहता हूं कि आप चाहे जितने भी झूठे मुकदमे दर्ज करवा लें, हम भाजपा कार्यकर्ता आपके इन दमनकारी हथकंडों से डरने वाले नहीं हैं। पहले भी आपने कई मुकदमे दर्ज कराये हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे गोगो दीदी योजना के फॉर्म भरवाने के कार्य को हर घर तक पहुंचायें। राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके उत्थान के लिये इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करें। उन्होंने कहा कि मैं खुद भी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अपनी माताओं बहनों के बीच जाकर गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाऊंगा।

JAP-IT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Dept. of Information Technology & eGovernance, Govt. of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401041, 2401044, 2401067 https://japit.jharkhand.gov.in

EXPRESSION OF INTEREST (EoI)
(Short-Term Notice / Tender)
Letter No. (EoI): 2203 Ranchi, Dated: 04.10.2024

JAP-IT invites techno – commercial proposal through Expression of Interest (EoI) from eligible organizations for Selection of System Integrator (SI) for 'Re-development of the application / website along-with other Additional Modules for Mukhya-Mantri Maiyan Samman Yojana (MMMSY)'.
EoI can be downloaded from the official website https://japit.jharkhand.gov.in and https://jharkhand.gov.in. Bidders have to submit the hard copy of the techno – commercial bids on or before the scheduled date & time in the office of JAP-IT. EoI schedule is mentioned below:

| S N | Item | Description |
|---|---|---|
| 1. | EoI Ref. No. | JAP-IT/MMMSY/RE-DEVELOP/01/2024 |
| 2. | Name of Work | For Selection of System Integrator (SI) for 'Re-development of the application / website along with the Modules for MMMSY Portal'. |
| 3. | Tender Fee | INR 05,000.00 (Rs. Five Thousand only) to be submitted in form of Demand Draft (DD) in favor of CEO, JAP-IT. |
| 4. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 50,000.00 (Rs. Fifty Thousand only) to be submitted in form of Demand Draft (DD) in favor of CEO, JAP-IT. |
| 5. | Availability of Tender Online for bidding | |
| i. | Bid Downloading Date | From 05.10.2024 |
| ii. | Last date and time of Bid Submission | Latest by 15.10.2024 till 03:30 pm |
| iii. | Technical Bid Opening | On 15.10.2024 till 04:30 pm |
| iv. | Live Demonstration of web-based application and Presentation | On 16.10.2024 from 11:30 am |
| v. | Financial Bid Opening | Will be announced accordingly. |

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 338170 (Information Technology) 24-25 (D)

## वोट के लिए भाजपा राज्य की बहन-बेटियों के साथ कर रही है छल : कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। गोगो दीदी योजना पर तंज कसते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि जैसे पुत के पांव पालने में नजर आते हैं, उसी प्रकार भाजपा के गोगो दीदी योजना के फॉर्म की सचाई नजर आती है।

राकेश सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने कौन सा ऐसा बैंक खोल दिया जिसमें बिना खाता नंबर के पैसा भेजा जाएगा। मतलब साफ है कि वोट के लिए राज्य की बहनों, बेटियों के साथ भाजपा फिर छल कर रही है। इनकी नियत में खोट है। बेटियों को ये सबल करना नहीं बल्कि बोट बैंक के रूप में सिर्फ इस्तेमाल करना चाहती है। मंईयां सम्मान योजना से डरी भाजपा अब पूरी तरह बौखला गई है। अपने 10 सालों के शासनकाल में बेटियों को प्रताड़ित करने वाली भाजपा को झारखंड में चुनाव के वक्त बेटियों की चिंता सता रही है।

राकेश सिन्हा ने कहा कि जब इस राज्य में भाजपा की सरकार थी तब भाजपा ने महिलाओं के सम्मान के लिए कितनी योजनाएं धरातल पर उतारी उसका हिसाब देना चाहिए। चुनाव के वक्त बेटियों के सम्मान की बात करना भारतीय जनता पार्टी को शोभा नहीं देता। महागठबंधन सरकार की इच्छा शक्ति के आगे भाजपा की हर घोषणा फेल है। जनता का विश्वास महागठबंधन सरकार पर है। इस चुनाव में भाजपा हाशिये पर चली जाएगी।

### सांसद सीपी चौधरी ने गिरिडीह डीसी के खिलाफ खोला मोर्चा

# सात दिनों के अंदर घुसपैठिये की रिपोर्ट मांगी

- सांसद के पत्र की अवहेलना करना बन चुका है डीसी की कार्यशैली का अंग
- गृह मंत्रालय को भी सांसद ने दी सूचना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह डीसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सोमवार को फिर से डीसी को पत्र लिखा है। डीसी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि सांसद के पत्र की अवहेलना करना आपकी कार्यशैली का अंग बन गया है। पर्यावरण के प्रति आपका आचरण और नदियों के साथ प्राकृतिक जलस्त्रोतों पर अवैध अतिक्रमण जैसे गंभीर विषय पर आपने कोई जवाब नहीं दिया। दो माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी मांगी गयीं सूचनाएं अब तक उपलब्ध नहीं करायी गयीं। प्रशासनिक लापरवाही और जानबूझ कर सांसद के पत्र की अवहेलना करना आपकी कार्यशैली का अंग बन चुका है। लिखा कि सात दिनों के अंदर मेरे द्वारा मांगी गयी सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आपका मेरे प्रश्नों का उत्तर ना देना आपके खिलाफ न्यायिक समीक्षा में अभिलेख के रूप में देखा जायेगा। मैं बिना पूर्वाग्रह के आप से सकारात्मक प्रति-उत्तर की अपेक्षा रखता हूं।

### गिरिडीह में बांग्लादेशी घुसपैठ का ब्यौरा करायें उपलब्ध



सांसद ने पत्र में डीसी को यह भी लिखा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर्यावरण एवं प्रदूषण पर जो आपकी प्रशासनिक कार्यशैली रही है। वैसा आचरण न कर गिरीडीह जिला में एक भी अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिम ना रहे यह सुनिश्चित करें। कहा कि गृह मंत्रालय को भी इसकी जानकारी दी है। गिरीडीह जिला में शहरी क्षेत्र क्रमशः वार्ड के सूची के साथ बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिम की उपस्थिति का ब्यौरा जांच के बाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्र में गिरिडीह जिला के सभी पंचायतों में जांच कर बांग्लादेशी घुसपैठ की उपस्थिति का भी ब्यौरा देना सुनिश्चित करें। सांसद सीपी चौधरी ने सात दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/22/2024-25
1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत बेन्दी ग्राम लेधपा के दुमुहान नाला में पुलिया निर्माण। | 8167262.00 | 163500 | 10000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु पंचायत शिबला ग्राम शिबला में पुराना शिबला से डोकिया होते हुए विश्रामपुर देवी मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (भाग–2) | 6253900 | 125100 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.10.2024 से दिनांक 19.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 338245 Rural Development(24-25).D

## विकास के मानकों पर पिछड़ गया है लोहरदगा : नीरू शांति भगत

- कांग्रेस छोड़ कई लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव व लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा कि लोहरदगा विकास के मानकों पर पिछड़ गया है। वित्त मंत्री का क्षेत्र होने के बावजूद यहां विकास दूर दूर तक दिखाई नहीं देता है। हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में नीरू शांति भगत बोल रही थीं। इस दौरान लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से आये कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता समेत अल्पसंख्यक समुदाय के कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि लोहरदगा के लोग कांग्रेस राज से त्रस्त हैं। मौके पर केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय का सिर्फ वोट चाहती है उनका विकास नहीं। मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, नीरू शांति भगत, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, एस अली, कलिम खान, साजिद कलाल, मतउल खान, कबीर अंसारी, मो जावेद, साहिद अंसारी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**इन्होंने ली सदस्यता :** कुदुस अंसारी, तजमुल कुरैशी, मो. शमीम अंसारी, तमामील, राजू खान, नासरीन प्रवीण, यूनुस, रेयाजत अंसारी, बबलू अंसारी, कबीर अंसारी, सदाम अंसारी, साजिद आलम, मोइन अंसारी, जफिर अंसारी, मो. जुफ्फकुल, यूनुस अंसारी, एरफुन अंसारी, जुल्फिकार, वसीम राजा, अपसर अंसारी, मोख्तार अंसारी, सरोज अंसारी, जफर खान, साजिद खान, तमामिल, कुतुश अंसारी, अजमल खान, मोइएन, मोख्तार खान, रेसासत खान, रेयाज अंसारी समेत सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## छवि रंजन की डिस्चार्ज अर्जी पर अब 14 नवंबर को होगी सुनवाई

रांची। बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की खरीद–फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिस्चार्ज याचिका पर अब 14 नवंबर को सुनवाई होगी। याचिका सोमवार को सुनवाई के लिये सूचाबद्ध थी। लेकिन कोर्ट के नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई। अब सुनवाई वार्षिक अवकाश के बाद होगी। मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 19 जुलाई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या&MID/KHUNTI/F₂-10/2024-25 दिनांक–05.10.2024
कार्य का नाम:–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | राजकीय मध्य–सह–उच्च विद्यालय, सिन्दरी में गेट, चाहरदिवारी का निर्माण कार्य। | खूँटी | अड़की | 24.72600 | 0.05 | 120 दिन |
| 2. | राजकीय मध्य–सह–उच्च विद्यालय, सिन्दरी में बालक एवं बालिकाओं के लिए 10–10 अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | खूँटी | अड़की | 24.25800 | 0.05 | 120 दिन |
| 3. | कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, रनियाँ में खाना खिलाने के लिए एक अतिरिक्त स्थान हेतु हॉल का निर्माण कार्य। | खूँटी | रनियाँ | 15.54900 | 0.05 | 90 दिन |
| 4. | कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, रनियाँ में चाहरदिवारी का ऊँचाई बढ़ाने का कार्य। | खूँटी | रनियाँ | 24.94800 | 0.05 | 120 दिन |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–07.10.2024 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–14.10.2024 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समय:–14.10.2024 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथि:–16.10.2024 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.–मेल आई डी:–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी / 7320969093 / email:- midivkhunti@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा / राशि घट–बढ सकती है । तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा ।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

PR 338179 Minor Irrigation(24-25)#D

## मतदान केंद्र परिसर के 200 मीटर परिधि के बाहर रहेंगे उम्मीदवारों के इलेक्शन बूथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च की सीमा 40 लाख रुपए तक की राशि तय की गई है। वह सोमवार को राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए निर्वाचन व्यय से संबंधित जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही

- मतदान केंद्र पर बने प्रत्याशियों के शिविर में उनका प्रतीक चिन्ह अथवा झंडा लगाना प्रतिबंधित : के रवि कुमार

स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी प्रत्याशी एवं राजनैतिक दल तय निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने निर्वाचन व्यय का ब्योरा संबंधित पदाधिकारी कार्यालय को ससमय उपलब्ध कराएंगे।

श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से



संबंधित मतदान केंद्र परिसर के 200 मीटर की परिधि के बाहर ही उम्मीदवारों के इलेक्शन बूथ रहने हैं। इलेक्शन बूथ में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इसके अंदर कोई खाद्य पदार्थ नहीं परोसा जाए, न ही भीड़ की अनुमति दी जाएगी। साथ ही किसी भी इलेक्शन बूथ में प्रत्याशियों के प्रतीक चिन्ह अथवा झंडे लगाना सख्त रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केन्द्र परिसर के 200 मीटर की परिधि को चिन्हित किया जाना है। यह भी जानकारी दि गयी कि चुनाव के घोषणा के 72 घंटे के अन्दर सभी निजी स्थानों से पार्टी के झंडों को हटा लिया जाना है, इसके पश्चात नाम वापसी के बाद अभ्यार्थियों की सूची तैयार होने के पश्चात निजी स्थानों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए झंडे लगाये जा सकते हैं।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सुप्रभात


**मां का छठा स्वरूप**

**कात्यायनी**



रांची, मंगलवार
08.10.2024

# खबर मन्त्र



khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 89

10 जमशेदपुर में दुर्गोत्सव पर गरबा व डांडिया की धूम

# खुले पंडाल, मां के दर्शन से भक्त हो रहे निहाल





सोमवार को रांची के अधिसंख्य पूजा पंडालों के पट खुल गये। पट खुलते ही मां भवानी के दर्शन को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सीएम हेमंत सोरेन ने आरआर स्टोर्टिंग क्लब समेत कई पंडालों का उदघाटन किया। साथ ही मां से झारखंड की खुशहाली और अमनचैन की कामना की। वहीं खबर मन्त्र की एमडी मंजू सिंह ने देवव्रत पाहन के साथ गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति मोरहाबादी के पंडाल का उदघाटन किया। इस मौके पर श्रीमती सिंह ने पूजा-अर्चना कर राज्य और देश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है, जो हमें जोड़ने का काम करती है।

**चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना। कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानव-घातिनी॥**

नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा-अर्चना का विधान है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। मां कात्यायनी की उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी सहजता से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलायीं। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। यह वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गयीं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिन्दी यमुना के तट पर की गयी थी। इसीलिए यह ब्रजमण्डल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यन्त भव्य और दिव्य है। यह स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। दायीं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। माँ के बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है। इनकी उपासना और आराधना से रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इसलिए कहा जाता है कि इस देवी की उपासना करने से परम पद की प्राप्ति होती है।

## न्यूज डायरी

### कोयला खदान में धमाका सात मजदूरों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम के एक कोयला खदान में सोमवार को हुए जबरदस्त धमाके में सात मजदूरों की मौत हो गयी। धमाके की वजह का अब तक पता नहीं चला है। बचाव और राहत का कार्य जारी है। इससे पहले बीरभूम जिले में त्थर खदान में पत्थर तोड़ने के दौरान तीन श्रमिकों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने जानकारी दी कि गांव में एक प्राइवेट कोयल खदान में ब्लास्टिंग के दौरान हादसा हुआ। कई मजदूरों के शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद किए गए हैं।

### इंदिरा गांधी पेंशन योजना का बढ़ेगा दायरा

**रांची।** झारखंड सरकार बुजुर्गों के लिए पेंशन योजना में बदलाव करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत अब इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ 80 वर्ष के ऊपर के वृद्धों को भी दिया जायेगा। इस आशय की स्वीकृति मंगलवार को हेमंत कैबिनेट की बैठक में दी जासकती है। बैठक प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होनेवाली है। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव की स्वीकृति मिल सकती है।

### लातेहार में नक्सलियों से मुठभेड़, दो जवान जख्मी

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकाखाड़ जंगल में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों के पैर में गोली लग गयी। हालांकि, दोनों खतरे से पूरी तरह बाहर हैं। जख्मी पुलिसकर्मियों में पलामू के रहने वाले एएसआई नागेंद्र पांडेय और चाईबासा के रहने वाले आरक्षी राम सिंह सोरेन हैं।

### बीमार चंपई से बात कर पीएम मोदी ने जाना हाल

**रांची।** पीएम मोदी ने सोमवार को झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन को फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। झामुमो छोड़ कर भाजपा में आये कोल्हान टाइगर को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें छुट्टी अब अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। पीएम ने उनकी जम कर तारीफ भी की।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 71000 रु./10 ग्राम
चांदी : 93000 रु./प्रति किलो

# हेमंत ने लोगों को घर और इलाज की दी बड़ी सौगात

## मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की रखी आधारशिला

### इस्लाम नगर के 291 लाभुकों को सौंपी आवास की चाबी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए निरंतर प्रयास के क्रम में सोमवार को एक ओर स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ी वहीं दूसरी तरफ लोगों का अपना घर होने का सपना भी पूरा किया। सीएम श्री सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी परिसर में 300 बिस्तर से ज्यादा क्षमता वाले मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखते हुए अपने संबोधन में ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना का आनलाइन उदघाटन किया साथ ही करीब 291 लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपी।

अध्याधुनिक अस्पताल की आधारशिला रखते हुए सीएम ने कहा कि झारखंड के लोगों को नवीनतम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, इसी क्रम में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ गयी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। खासकर, झारखंड जैसे पिछड़े और गरीब राज्य में अस्पतालों चिकित्सकों और दवाओ समेत अन्य चिकित्सीय सुविधाओं की कितनी कमी है, यह मालूम हुआ। हमारी सरकार ने इस महामारी की वजह से उत्पन्न चुनौतियों के बीच बेहतर प्रबंधन के बल पर कोरोना पर जीत प्राप्त की।

इसी के साथ हमारी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी से राज्य में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत बनाने को सरकार ठोस कदम उठा रही है। अपोलो हॉस्पिटल का शिलान्यास इस राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने वालों को सरकार पूरा सहयोग करेगी।



### घर का सपना साकार किया

इस अवसर पर सीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना के लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपकर उनके अपने आशियाना के सपने को साकार किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव सुनील कुमार, सूडा निदेशक अमित कुमार, नगर निगम प्रशासक संदीप कुमार सिंह और अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप की एक्सक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीता रेड्डी प्रमुख रूप से मौजूद थीं।


## पीड़ित राज्यों के सीएम संग बैठक में बोले शाह

# नक्सलवाद पर अब अंतिम प्रहार की जरूरत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नक्सलवाद की मौजूदा स्थिति को लेकर सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों अहम बैठक हुई। बैठक में मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के पूरी तरह खात्मे पर प्रतिबद्धता जतायी गयी। ऐसे में नक्सलवाद पर एक अंतिम प्रहार जरूरी है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद से लड़ने के लिए सरकार ने दो रूल ऑफ लॉ तय किया है। पहला, नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में कानून का राज स्थापित करना और गैरकानूनी हिंसक गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लगाना और दूसरा हिंसा के कारण विकास से वंचित क्षेत्र की तरक्की। बैठक में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा और तेलंगाना के सीएम, बिहार के डिप्टी सीएम, आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री और झारखंड से सीएम के प्रनिधि शामिल थे। वहीं बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारी, नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए सुरक्षा बलों की सख्ती के साथ ही सरकार इन क्षेत्रों में विकास को भी प्राथमिकता दे रही है।

(शेष पेज 11 पर)



### बूढ़ा पहाड़ व चकरबंधा क्षेत्र नक्सलमुक्त

श्री शाह ने कहा कि नक्सली के खिलाफ लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में है। आज बूढ़ा पहाड़ और चकरबंधा जैसे कई क्षेत्र नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की 85 फीसदी कैडर को खत्म कर दिया गया है। नक्सलवाद पर एक अंतिम प्रहार करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 2019 से 2024 तक नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी कामयाबी मिली है।

## अश्रितों को सीएम ने दिये 4-4 लाख

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार हुये 15 युवाओं के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया। मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को 1 लाख की मदद की। सीएम ने वर्ष 2023 में ओरमांझी मॉब लिंचिंग की घटना में मृत मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को 5 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। सीएम ने उपस्थित पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनायें व्यक्त की। उन्होंने कहा, जो हमें छोड़ गये, उन्हें तो वापस नही लाया जा सकता है। परिजनों के साथ सरकार हमेशा खड़ी रहेगी। उन्हें हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हमसभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाये लोगों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपने जिम्मेवारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा ऐसे पीड़ित परिवारों के सुख-दुः ख को बांटता आया हूं।

(शेष पेज 11 पर)

## लैंड फार जाब में लालू परिवार को बड़ी राहत

**नयी दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव व तेज प्रताप यादव को जमानत दे दी है। उन्हें 1-1 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी गयी है। अब इस मामले अगली सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी। इससे पहले लालू, तेज प्रताप और तेजस्वी यादव राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे थे। उनके साथ पार्टी सांसद मीसा भारती भी मौजूद थीं।

# दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार

## आज भौतिकी के पुरस्कार की घोषणा, 10 दिसंबर को सौंपे जायेंगे सम्मान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** दो अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को वर्ष 2024 का चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मिलेगा। यह घोषणा चिकित्सा क्षेत्र के लिए नोबेल विजेताओं का चयन करने वाली स्वीडन की कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट मेडिकल यूनिवर्सिटी की नोबेल असेंबली ने सोमवार को की। यह पुरस्कार जीतने वाले को एक करोड़ 10 लाख स्वीडिश क्रोना (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) दिए जाते हैं। भारतीय राशि में यह 8.90 करोड़ रुपये आंकी गयी है। यह पुरस्कार स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर दिया जाता है। पुरस्कार विजेताओं को नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को आयोजित समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।



### शांति के नोबेल की घोषणा शुक्रवार को

मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और बृहस्पतिवार को साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वालों की घोषणा की जायेगी। शांति के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के लिए यह घोषणा 14 अक्टूबर को की जायेगी।

### माइक्रो आरएनए की खोज

अमेरिकी वैज्ञानिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन ने माइक्रो आरएनए की खोज और जीन विनियमन में इसकी भूमिका के लिए फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2024 का नोबेल पुरस्कार जीता है। ये खोज जीवों के विकास और कार्य करने के तरीके के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

(शेष पेज 11 पर)

## रांची में केंद्रीय मंत्री शिवराज और पटना में गिरिराज बोले

# झारखंड में शीघ्र एनआरसी लागू करना जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/पटना।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को रांची में कहा कि झारखंड सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिये बढ़ रहे हैं। संथाल परगना क्षेत्र में घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी में बड़ा परिवर्तन आया है। आदिवासी आबादी 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनते ही एनआरसी लागू करेंगे। घुसपैठियों की पहचान कर चुन-चुन कर राज्य और देश से बाहर निकालेंगे। वहीं पटना में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने झारखंड में जल्द ही एनआरसी लागू करने की वकालत की थी। उन्होंने शिवराज के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि कृषि मंत्री ने कुछ भी गलत नहीं कहा है। झारखंड में तुरंत एनआरसी लागू किया जाना चाहिए। यह राज्य आदिवासियों की पहचान से जुड़ा हुआ मुद्दा है।



(शेष पेज 11 पर)

सुप्रभात

मंगलवार 08.10.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 171

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## पुरानी रंजिश में पत्रकार से मारपीट, पुलिस कर रही है छानबीन

**जोड़ापोखर।** जोडापोखर थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ जामाडोबा निवासी पत्रकार फरीद अहमद के साथ पुरानी रंजिश को लेकर असमाजिक तत्वों ने मारपीट की। उन्होंने थाना में मामला दर्ज कराते हुए कहा कि उनकी जामाडोबा अस्पताल के निकट फूल की दुकान हैं, जिसमें बैठकर चाय पी रहे थे। तभी बनियाहिर निवासी कलीम का पुत्र परवेज दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर पहुंचा और अचानक मारपीट करने लगा। उनका इलाज चासनाला अस्पताल में हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व एक अक्टूबर को उनकी पत्नी जामाडोबा बाजार गई थी तो उसके साथ भी उन लोगों ने गाली गलौज की थी। पुलिस आस पड़ोस के जल्लु सहित अन्य दो को थाना लाकर पूछताछ कर रही है। इस धटना से स्थानीय पत्रकारों में रोष व्याप्त है।

## पप्पू पाचक हमला कांड में सुनवाई

**धनबाद।** वासेपुर रहमतगंज निवासी पप्पू पाचक पर हुए जानलेवा हमलाकांड मे सोमवार को सुनवाई हुई। .अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है।गौरतलब है कि पप्पू पाचक को 25 जून 17 की रात पुराना बाजार में अज्ञात शूटरों ने गोली मारी थी। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया था जब वे बच्चों के साथ ईद की खरीदारी करने गए थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने ,उसके साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के मामले में सोमवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी बलियापुर निवासी मंगल दास को बीस वर्ष कैद एवं बारह हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर बलियापुर थाने में 19 अप्रैल 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 19 अप्रैल 24 को पीड़िता बलियापुर बाजार गई थी कि आरोपी मंगल उसे बहला फुसला कर अपने साथ बोकारो ले गया आरोप था की काली मंदिर में मंगल ने उसके साथ शादी की पीड़िता ने कोर्ट को दिए बयान में आरोप लगाया की मंगल बीते 1 वर्षो से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था । अनुसंधान के बाद पुलिस ने 7 जून 24 को इस मामले में आरोप पत्र दायर किया था। चार जुलाई 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अभियोजन ने इस मामले में आठ गवाहों का परीक्षण कराया था।

## विस चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद।** आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर सोमवार को डीआरडीए सभागार में मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने मॉक पोल डाटा को डिलीट करने, समय पर डाटा का संप्रेषण करने, 1200 से अधिक वोटर वाले मतदान केंद्रों पर सेकंड पोलिंग ऑफिसर की तैनाती करने, वोटर टर्नआउट, वेब कास्टिंग, पोलिंग पार्टी के कार्य, बीएलओ के कार्य, वॉलंटियर, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर आदि बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। बताया गया कि प्रशिक्षण दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहेगा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक तथा प्रशिक्षकों में राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, उमेश लाल, महफूज आलम, ब्रज किशोर चौबे आदि मौजूद थे।

# कार से स्प्रीट और शराब बरामद

### फोर्ड इंडोवर वाहन में लादकर ले जा रहे थे महुआ और स्प्रीट

- नकली शराब बनाकर पूजा में खपाने की थी तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** हीरक मार्ग में वाहन चेकिंग के दौरान लेडीडुमर पुल के पास बरोरा थाना की पुलिस ने फोर्ड इंडोवर गाड़ी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बनाने वाला तरल पदार्थ बरामद किया। धंधेबाज और चालक भागने में सफल रहे। पचासलीटर के बीस डिब्बे में भरा करीब एक हजार लीटर स्प्रीट, इंपीरियलब्लू का खाली 60 कारटुन, 20 लीटर महुआ शराब और 5 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त किया। यू पी नम्बर की यह गाड़ी बाघमारा की ओर जारही थी। ऐसा अनुमान लगाया जारहा है कि नकली शराब बनाने वाला गिरोह अपने ठिकाने पर ले जा रहा था। लेकिन रास्ते में पकड़ा गया। बरोरा थाना में डीएसपी पुरुषोत्तमकुमार सिंह ने पत्रकारों को बतायाकि संदेह होने पर पुलिस ने पीछा किया। चालक तेज गति से चलातेहुए बेरकुदर मोड़ पहुंचा। वहां गाड़ीको खड़ा कर भाग निकला। तलाशी के दौरान मादक पदार्थ बरामद हुआ। इस संबंध में वाहन चालक और धंधेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी जय प्रकाश, स अ नि सत्येंद्र प्रजापति, अजय कुमार और राजेश मंडल शामिल थे। मालूम हो कि नकली अंग्रेजी शराब बनाकर जिले के विभिन्न इलाके में आपूर्ति करने वाले कई गिरोह है। जिनका ठिकाना महुदा, तोपचांची और राजगंज थाना क्षेत्र है। जहां से बोतलों में पेकिंग कर कतरासससहित अन्य थाना क्षेत्र के होटल, गुमटी, ढाबा में भेजी जाती है।

## नशा खुरानी गिरोह के तीन सदस्य धराये

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म से नशा खुरानी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जीआरपी को सौंप दिया गया। जीआरपी पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुट गई है। गिरफ्तार आरोपियों में दो पुरुष समेत एक महिला है। आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि तीनों एक ही फैमिली से हैं। तलाशी में उनके पास से यात्रियों से चुराए जेवरात, कपड़े, नशे की गोली आदि बरामद हुई है। उनकी गिरफ्तारी से एक अन्य कांड का भी उद्भेदन हो गया। दरअसल पिछले दिनों धनबाद कोडरमा के बीच इसी गिरोह ने एक यात्री को कोल ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश किया और उनके पास से दो अंगूठी, एक मोबाइल फोन, 25 हजार नकद, एटीएम कार्ड, पेन, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस लेकर रफ्फू चक्कर हो गए थे। नशा खुरानी गिरोह को पकड़ने के लिए आरपीएफ ने स्पेशल टीम बनाई। होश में आने पर यात्री ने डेहरी में जी आर पी में 15 सितंबर 2024 को सामान की चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी तथा वह लगातार धनबाद आरपीएफ और जीआरपी के सम्पर्क में था। आज नशा खुरानी गिरोह के पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर धनबाद पहुंचा और आरोपियों के पास से बरामद अपनी शर्ट की पहचान होने के बाद पता चला कि इसी गिरोह ने उनके समान की चोरी की थी। हालांकि कपड़े के अलावा यात्री का चुराया अन्य कोई सामान बरामद नहीं हो सका है।



## दुर्गोत्सव : पुलिस ने निरसा अनुमंडल में किया फ्लैग मार्च

### दुर्गापूजा में बनाए रखें शांति



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** चिरकुंडा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में पुलिस ने सोमवार को चिरकुंडा थाना परिसर से फ्लैग मार्च किया, जो पूरे निरसा अनुमंडल क्षेत्र के थाना व ओपी क्षेत्र तक भ्रमण किया। फ्लैग मार्च चिरकुंडा, कुमारधुबी, गल्फरबाड़ी, पंचेत, निरसा, कालुबथान, एमपीएल होते हुए मैथन पहुंचा। एसडीपीओ ने बताया कि यह फ्लैग मार्च दुर्गापूजा के विभिन्न पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने एवं लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए निकाला गया। लोगों को लगे कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि आम नागरिक त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाएं। छोटे बच्चे जो भीड़- भाड़ में खो जाते हैं, उनके लिए पंडालो में अनाउसमेंट की व्यवस्था है। छोटे बच्चों की जेब में कागज पर उनके अभिभावक का नाम, पता व फोन नंबर डाल दें। कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और आम नागरिकों को सुरक्षा देने में पूर्णतः सक्रिय रहेगी। गलत लाभ उठाने वाले लोगों पर प्रशासन सख्ती बरतेगी। मौके पर चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, कुमारधुबी, गलफरबाड़ी, पंचेत, कालुबथान, मैथन ओपी प्रभारी व पदाधिकारी सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# एसएसपी ने दिया ट्रैफिक और पीसीआर अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** एसएसपी ने दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को पुलिस लाइन में ट्रैफिक जवानों, पीसीआर के पदाधिकारियों को पूजा के दौरान अलर्ट रहने के नर्देश दिए। एसएसपी एचपी जनार्दनन ने कहा इस बार चुनाव भी है, जिससे दुर्गा पूजा और भी संवदेनशील हो गया है। इस अवसर पर आज मॉक ड्रिल भी किया गया। पूजा के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अपराधी पॉकेटमारी व अन्य अपराध की घटना को अंजाम देते हैं। साथ ही चोरी भी रात में बढ़ जाती हैं। ऐसे में अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस बल को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस को किस तरह अलर्ट होकर अपनी ड्यूटी करनी है, इसकी जानकारी टाइगर पुलिस और जवानों को दी गई। धनबाद पुलिस की यह कोशिश रहेगी कि दुर्गा पूजा का त्योहार शांति पूर्ण ढंग से बीते। छिनतई, चोरी और डकैती जैसी घटनाएं ना हो, इस बात का खास ख्याल पुलिस रखेगी। धनबाद में पिछले कुछ साल से वाहनों की संख्या बढ़ी है, जिस कारण ट्रैफिक की समस्या खड़ी हो रही है। सड़क की क्षमता पूर्व की तरह ही है। जगह-जगह पूजा पंडाल होने के कारण पब्लिक मूवमेंट बढ़ गया है। पूजा के दौरान ट्रैफिक की समस्या खड़ी होती है। इसके लिए ट्रैफिक डीएसपी के द्वारा एक ट्रैफिक प्लान बनाया गया है। शांति बैठक में पूजा पंडाल के वॉलेंटियर्स के साथ बातचीत की गई है। वॉलेंटियर्स के द्वारा अधिक भीड़ वाले जगह की लिस्ट बनाई गई है। पुलिस और वॉलेंटियर्स मिलकर भीड़ को नियंत्रित करेंगे।

### पूजा पंडालों में लगेंगे सीसीटीवी

सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही ड्रोन कैमरे के जरिए भी निगरानी की जाएगी। लाइट युक्त वाहन भी रहेंगे। संवेदनशील इलाके में लाइट युक्त वाहन खड़े रहेंगे, जहां पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है। यह लाइट युक्त वाहन मूव भी करते रहेंगे।

## करकेंद में भरा गया गोगो दीदी योजना का फॉर्म

**पुटकी।** गोगो दीदी योजना में पंजीकरण हेतु सोमवार को करकेन्द बाजार स्थित राणी सती मंदिर प्रांगण में फार्म भरवाने के लिए दर्जनों महिलाएं पंहुची। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि झारखंड सरकार लोगों को ठगने का काम कर रही है। भाजपा सरकार जैसे ही सत्ता में आएगी, हर माह की 11 तारीख को 2100 रुपये हर महिला के खाते में आएंगे। विधायक श्री सिन्हा ने अपने हाथ से कुछ महिलाओं के फार्म भी भरे। मौके पर मनोज मालाकार, आनंद खंडेलवाल, मंजू बगाडिया, वरुण रवानी आदि मौजूद थे। भाजपा के गोगो दीदी योजना को लेकर क्षेत्र की महिलाओं में अभी से ही काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### एक नजर में

## द रिवाज के डांडिया नाईट में उमड़ी महिलाओं की भीड़



**कतरास।** श्यामडीह (कतरास) स्थित द रिवाज डांडिया नाईट का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता रोहित यादव ने दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। कार्यक्रम में धनबाद , झरिया , कतरास, बाघमारा सहित जिले के विभिन्न इलाके की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डी जे के धुन पर माँ दुर्गा की आराधना में महिलाएं समर्पित थी। नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरावाली की धुन पर महिलाएं , युवती , कपल , एवं पारिवारिक समूह एक साथ बड़े लॉन में माता रानी के लिए नृत्य करती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी के भजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सफल बनाने में द रिवाज की टीम के डॉ ऋतुराज , कौशल सिंह , सोनू विश्वकर्मा, कुमारी आकृति , कुमार दीपेंद्र सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पश्चिमी झरिया में राजभाषा पखवाड़ा संपन्न



**पुटकी।** पश्चिमी झरिया क्षेत्र, मुनीडीह के अफसर क्लब में सोमवार को राजभाषा पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण सह समापन संपन्न हुआ। महाप्रबंधक अरिंदम मुस्तफी एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने दीप प्रज्वालित किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि क्षेत्र को कॉर्पोरेट स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार मिला हैं। हिंदी सरल और सुगम भाषा हैं। सभी अधिक से अधिक इसका प्रयोग करें। राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयतायो को प्रशाष्टि पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक आशीष मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त), सौरव कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक (वि. एवं या.), प्रभात रंजन झा, क्षेत्रीय प्रबंधक (असैनिक), मानिक गर्ग, कुमारी अनुपमा, प्रबंधक, कुमारी वर्षा, उप प्रबंधक (का.), आदि मौजूद थे।

## जिले में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मरीजों पर उपायुक्त ने जताई चिंता

### विभागीय अधिकारियों को दिये सख्त आदेश, सिविल सर्जन से मांगी डेथ रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस एवं मलेरिया के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए सोमवार को समाहरणालय में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समीक्षा बैठक की। सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन से पूछा कि एक माह में इन बीमारियों के कितने मरीज मिले, जांच हेतु टेस्ट किट की क्या स्थिति है, बीमारी से कितने लोगों की मौत हुई, एण्टी लार्वा केमिकल का छिड़काव हो रहा है या नहीं तथा वार्ड वाइज फॉगिंग और साफ सफाई की जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि मलेरिया व डेंगू के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर मच्छर के लार्वा की जांच कर रही है। उपायुक्त ने कार्यो पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बाघमारा, निरसा एवं गोविंदपुर में एन्टी मलेरिया प्रोग्राम की खराब स्थिति है। कार्यो में तेजी लाने की बात कही। सिविल सर्जन को आखिरी तीन माह में डेंगू और मलेरिया से मरने वाले मरीजों की डेथ रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी के स्वास्थ्य से लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि शहरी क्षेत्र के किसी वार्ड में डेंगू के लार्वा की जांच नहीं की जा रही है। नालियों की साफ सफाई की स्थिति भी बदतर है। ना ही फॉगिंग या केमिकल का छिड़काव हो रहा है। सारे सरकारी काम सिर्फ कागजों पर दर्शाए जा रहे हैं। बैठक में अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) पीयूष सिन्हा, डब्ल्यूएचओ सर्विलेंस ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार तिवारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार मौजूद थे।

## चोरों ने ट्रांसफॉर्मर को क्षतिग्रस्त कर तांबा चुराया

### ढाई लाख रुपये का नुकसान, सिंहपुर गांव में पसरा अंधेरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की बैजना कोलियरी में रविवार की देर रात चोर ट्रांसफॉर्मर का सारा सामान खोल कर ले गए। चुराये गए सामान की कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। चोरों का दल रात लगभग डेढ़ बजे कोलियरी के 25 नंबर पावर हाउस में दो दीवार काटकर घुसा और चोरी की। इसके पूर्व 29 नंबर खदान के स्वीच रूम का ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास किया। परंतु सिक्योरिटी गार्ड की सजगता के कारण कामयाब नहीं हो सके। पावर हाउस में दो दीवार काट कर घुसे और आराम से ट्रांसफॉर्मर का तीन सौ लीटर तेल बर्बाद करते हुए एक-एक पुर्जा खोलकर उसमें लगे कीमती तांबे का सामान निकाल कर ले गये। स्थानीय लोगों एवं ईसीएल के सुरक्षाकर्मियों ने चोरों को ललकारते हुए पीछा किया। अपने को घिरता देख चोर कुछ समान छोड़ जंगल की ओर भाग गये। सूचना पाकर कोलियरी अभिकर्ता एवं निरसा पुलिस पहुंची। चोरों द्वारा छोड़े गये समानं उठाने में पुलिस को ग्रामीणों का कोपभाजन बनना पड़ा। लोगों का कहना था कि पुलिस की सुस्ती के कारण ही चोरी में वृद्धि हुई है। एक माह पूर्व आज ही के दिन 7 सितंबर को इसी ट्रांसफॉर्मर में चोरों ने घटनां को अंजाम दिया था। इस घटना से करीब पांच हजार आबादी प्रभावित हो गई थी। काफी समझाने बुझाने पर स्थानीय लोग शांत हुए। ट्रांसफार्मर में लगे सामान की चोरी के कारण सिंहपुर बस्ती में अंधेरा छा गया है। गुस्साए लोंगों ने खदान का पावर काट दिया।

### सीआईएसएफ की कार्यशैली पर लगा प्रश्न चिन्ह

सीआईएसएफ की कार्यशैली पर लोग सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि चापापुर, बैजना एवं हरियाजाम कोलियरी के बीच सीआईएसफ का कैम्प है। कुछ कदम की दूरी पर बैजना का 29 एवं 31 नं भूमिगत खदान है। परंतु सीआईएसफ को कोई मतलब नहीं है। हालांकि कोलियरी की सुरक्षा एवं कोयला चोरी की रोकथाम के लिये उन्हें रखा गया है। प्रतिमाह ईसीएल के लाखों रुपये उन पर खर्च होते हैं। बावजूद कोलियरी क्षेत्र में चोरी बढ़ रही है।

## डीएम पब्लिक स्कूल परसिया में दशहरा उत्सव




**पुटकी।** पुटकी के परसिया स्थित डीएम पब्लिक स्कूल में सोमवार को उत्साह के साथ छात्र और शिक्षकों ने दशहरा उत्सव मनाया। कार्यक्रम का प्रारम्भ शांति पाठ से हुआ। छात्रों ने अपने भाषण में नारी शक्ति के उपर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गरबा नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या डा. गुंजन अरोरा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को श्रीराम के समान आचरण करने का सन्देश दिया। प्रबंध निदेशक मनोज कुमार महतो (मनी ) ने बच्चों को दुर्गा पूजा की शुभकामनायें दी।

## बौआकला में बिजली विभाग ने लगाया बिल माफी शिविर

कतरास । ईस्ट बसुरिया थाना क्षेत्र के बौआकला उत्तर पंचायत मध्य विद्यालय प्रांगण में बिजली विभाग ने शिविर लगाया। घरेलू उपभोक्ता जो 200 यूनिट प्रति माह (पूरे वर्ष में 2400 यूनिट) खपत करने वाले श्रेणी में आते हैं, उनको योजना का लाभ प्रदान किया गया। झारखंड सरकार के निर्णय के आलोक में सैकड़ों ग्रामीणों का बिजली बिल माफ कर दिया गया है। शिविर में विभाग के एसडीओ राकेश महतो, लाइनमैन शाहिद खान, लखीराम महतो, ऊर्जा मित्र राकेश कुमार आदि शामिल थे।

# चंदननगर की लाइट से जगमग होगा मटकुरिया का दुर्गोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शहर में इस बार दुर्गापूजा पंडाल के साथ पूजा समितियां लाइटिंग पर विशेष ध्यान दे रही हैं। एलसी रोड के बाद इस बार मटकुरिया में श्रद्धालुओं को आकर्षक विद्युत साज सज्जा देखने को मिलेगी। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि श्रीश्री दुर्गापूजा समिति हर साल लाइटिंग पर विशेष ध्यान देती है। इस बार पश्चिम बंगाल के चंदन नगर की विद्युत सज्जा आकर्षण की केंद्र होगी। विद्युत सज्जा का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। विकास नगर से कोल बोर्ड कॉलोनी तक की सड़क रोशनी से जगमगाने लगी है। इस बार पूजा का अनुमानित बजट 20 लाख है। समिति के सदस्यों ने बताया कि सड़क के बीच लाइटिंग के जरिये उड़ता हुआ बाज दर्शाया गया है। इसके अलावा दीया लाइटिंग, ट्यूबलिंग झालर आदि से सड़क को पाट दिया गया है। लाइटिंग पर इसबार 10 लाख रुपये खर्च किये गए हैं। मूर्ति का बजट डेढ़ लाख तथा पूजा पंडाल के अंदर डेकोरेशन पर 4 लाख खर्च किये जा रहे हैं।

### विदाई में पहली बार होगा सिंदूर खेला

13 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन होगा। इससे पहले भव्य तरीके से सिंदूर खेला का आयोजन होगा। महिला समिति इसका आयोजन करेगी। महिलाएं गहरे लाल रंग की बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहन कर इस सिंदूर खेला में भाग लेंगी।

### 1977 से हो रही है पूजा

पूजा कमेटी 1977 से मटकुरिया में दुर्गा पूजा आयोजित करती आ रही है। पूजा को सफल बनाने में कमेटी के चेयरमैन चंद्रिका सिंह, वाइस चेयरमैन मोहन सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष नितिन भट्ट, सचिव नरेंद्र शर्मा (राजू), कोषाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह (बाबू), संरक्षक गुरुपाल सिंह, राजनारायण तिवारी, संजय कुमार जैन, द्वारिका तिवारी, माला झा, राकेश राम, राम प्रकाश पासवान, गोविन्द वर्णवाल, सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, नरेश कुमार सक्रिय हैं।

# हेमंत सरकार ने योजनाओं से खींची विकास की लंबी लकीर: जोबा माझी

**चाईबासा के बड़ा लगिया में सांसद का हुआ अभिनंदन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चाईबासा।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने कहा केंद्र सरकार दस साल से जुमलेबाजी कर देश को गर्त में धकेलने का काम किया हैं। लेकिन राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की लंबी लकीर खींची हैं। सांसद सोमवार को चाईबासा सदर प्रखंड के बड़ा लगिया हाट बाजार परिसर में ग्रामीणों की ओर से आयोजित अभिनंदन सह मिलन समारोह में बोल रही थीं। सांसद ने हेमंत सोरेन सरकार की मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, बकाया बिजली बिल माफी योजना, कृषि ऋण माफी समेत उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विधानसभा चुनाव में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने वन अधिकार पट्टा का उल्लेख करते हुए कहा शहीद देवेंद्र माझी के संघर्ष और बलिदान की वजह से ये कानून लागू हो सका। इससे पूर्व ग्रामीण और विभिन्न ग्राम मुंडाओं ने सांसद का स्वागत किया। सांसद ने 14 अक्टूबर को गोइलकेरा में आयोजित होने वाले देवेंद्र माझी के श्रद्धांजलि सभा में ग्रामीणों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर ग्राम मुंडाओं ने सांसद के समक्ष गांवों की विभिन्न समस्याओं को रखते हुए उसके समाधान की मांग की। समारोह में बड़ा लगिया पीढ़ के मानकी हेमंत लाल सुंडी, गुन्ना सुंडी, सेलाय सुंडी, जय सिंह सुंडी, मोटाय अंगरिया, सोनार सुंडी, कमरू बानसिंह, जय प्रकाश सुंडी, कांडेराम सुंडी, गारदी सुंडी, बीर सिंह सुंडी, विजय सिंह सुंडी, प्रधान तामसोय, चंद्रमोहन लोहार, डेविड बोयपाई, गोनो दोराइबुरु, सुनील बोयपाई, रजनी कुंटिया समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बोकारो : स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने किया औषधीय पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो के चीराचास स्थित वास्तुविहार फेज 6 के सांब सदाशिव मंदिर के प्रांगण में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा रुद्राक्ष लाल चंदन रक्त चंदन कचनार पाकड़ नीम बरगद सहित अनेक दिव्य वृक्षों का रोपण किया गया।

यह कार्यक्रम वास्तु विहार निवासी अक्षय कुमार दुबे के नेतृत्व में आयोजित किया गया तथा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप ने संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुकुल ने कहा कि पेड़ों से ही हमारा जीवन है इसलिए सबों वृक्षारोपण करना होगा तथा इसकी रक्षा का भी दायित्व भी सबोंको निभाना पड़ेगा। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। संस्थान के सचिव बबलू पांडेय ने कहा कि प्रकृति की रक्षा की जवाबदेही सबों की है। वस्तुविहार के सचिव केडी यादव ने कहा कि सबों को अपने जीवन में कम से कम दस वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। मौके पर शशि भूषण ओझा मुकुल बबलू पांडेय लक्ष्मण शर्मा अक्षय कुमार दुबे मनोज सिंह राजेंद्र कुमार झा कपिल देव यादव सुनीता सिंह मनोरम वर्मा पूनम प्रसाद मीनाक्षी अजय वर्णवाल मिथिलेश सिंह संजीव शर्मा कुंदन शर्मा लीला देवी मंजू लता दुबे एस के मिश्र कुंदन ओझा धर्मेंद्र जितेंद्र सिंह आरपी पंडित आरपी सिंह एसके वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### सीसीएल सीकेएस में जीवन लाल रजक उपाध्यक्ष व सह सचिव प्रतोष नये सदस्य के रूप मनोनित



बेरमो। सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र के क्षेत्रीय कमिटि में नवीन सदस्य के रूप में जीवन लाल रजक को उपाध्यक्ष तथा सह सचिव के रूप में प्रतोष कुमार रॉय मनोनित किए गए है। इस अवसर पर सीसीएल सीकेएस कार्यसमिति सदस्य सह संयुक्त सालाहाकर संचालन समिति सदस्य सीसीएल रवींद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप, क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे। मिश्रा ने नए पदाधिकारीयों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और कहा कि आज से आप सभी मिलकर ढोरी क्षेत्र में कामगारों के ज्वलंत समस्याओं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। मौके पर सुबीर मुखर्जी, बिरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सोमनाथ मिश्रा, शरद कुमार, प्रशांत मिश्रा, पंकज कुमार,संदीप उरांव आदि उपस्थित थे।

### महाप्रबंधक, कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार कोयला चोरों के विरुद्ध चला औचक छापेमारी अभियान



बेरमो। महाप्रबंधक, कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में बोकारो थर्मल थाना के सहयोग से क्षेत्रीय गस्ति दल एवं जारंगडीह गश्ती दल संयुक्त रूप से जारंगडीह परियोजना के क्वॉरी कोल स्टॉक तथा जारंगडीह साइडिंग काँटा घर के आस- पास प्रात: लगभग 05:15 बजे कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया। छपा में गस्ति दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इसके उपरांत लावारिस हालत में कोयले से लदा पाँच (5) मोटर साइकिल और पंद्रह (15) साइकल को जब्त कर मौके पर ही क्षतिग्रस्त किया गया तथा मानसनगर के विपरीत कोयला साइडिंग से सटे रोड किनारे से कोयला चोरों द्वारा जमा किया हुआ लगभग 12 टन कोयला जब्त कर पेलोडेर द्वारा उठा कर सीसीएल ट्रक से लोड कर क्वॉरी कोयला स्टॉक में गिर दिया गया। इस छापेमारी मे शैलेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी, बोकारो थर्मल अजित कुमार, रक तथा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी गण के अलावे इबरार हुसैन, सुरक्षा प्रभारी, महाप्रबंधक कार्यालय मंटू सिंह, एचएसजी जमुना नोनिया, ल्ग्र्भ्र भुनेश्वर, सुरक्षा प्रहरी सुरेश राम, सुरक्षा प्रभारी, जारंगडीह कोलियरी संतोष कुमार बांसफोरे, एचएसजी तथा होमगार्ड के जवान शामिल थे।

### तेनुघाट ओपी ने पकड़ा सात छाई लदा हाईवा




बेरमो। बेरमो अनुमंडल स्थिति तेनुघाट ओपी पुलिस ने रात्रि गस्ती के दौरान सात छाई लदा हाईवा को थाना लाया। वही ओपी प्रभारी के द्वारा जब छाई लदा हाईवा से पेपर लेकर उसे बोकारो डिटीओ को जांच के लिए भेज दिया गया है। छाई लदा हाईवा ड्राइवर से इसके बारे में पूछा गया तो बताया की मुझे इसके बारे में कुछ भी पता नहीं है की किस मामले में हमलोगो को थाने में गाड़ी लगाने को कहा गया है और हम लोग लगा दिये है। वहीं रूट के बारे में पूछा गया तो बताया की जैना मोड़ होकर जाना है मगर हमलोग इधर से आ गए शायद इसी लिए पकड़ा गया है। बताता चलू कि यह छाई लदा हाईवा बोकारो थर्मल से छाई लेकर पेटरवार जाते है जहां हाइवे सड़क का निर्माण हो रहा है उसी में इस छाई को गिराया जा रहा है।

### इनमोसा ने किया एडीओसीएम (अमलो) के नये पीओ का स्वागत व और पुराने पीओ को दी विदाई



बेरमो। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के एडीओसीएम( अमलो) के परियोजना कार्यालय मे इनमोसा के अधिकारियो ने नये पीओ राजीव कुमार का स्वागत शॉल और बुके देकर किया। इस अवसर पर इनमोसा के अधिकारियो पुराने पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी की भावभीनी विदाई दी। इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने पुराने पीओ के कार्य की सराहना की ओर नये परियोजना पदाधिकारी से बेहतर कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि उनका संगठन हर तरह का सकारात्मक सहयोग प्रदान करेगा। नये परियोजना पदाधिकारी ने उन सब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सबके सहयोग से सुरक्षा नियम का पालन तथा पर्यावरण की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उत्खनन कार्य करने का प्रयास करेंगे। पुराने परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी ने इनमोसा के सहयोग की सराहना करते हुए उनके सभी सदस्यो का अभार व्यक्त किया। मौके पर क्षेत्रीय सचिव पवन कुमार सिंह, शाखा अध्यक्ष कमलेश कुमार, शाखा सचिव जयराम सिंह,संगठन सचिव अमरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, उपाध्यक्ष शशांक शेखर, उप सचिव प्रमोद कुमार, जयराम सिंह, आनंद विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार, मनोहर, श्री राम, जितेंद्र ,उदय सिंह, सुमन पांडे, विनोद सिंह, अशोक सरकार, विनय, ऋषिकेश, प्रशांत मंडल, राजकिशोर राजेश रोशन, राजेश पांडे, महेश हसदा, मनोज, शशि रंजन सिंह, विनोद नोनिया, दीपक, मोहित, लक्ष्मण आदि शामिल थे।

### बिरहोर डेरा और काशीटांड में जल्द बिजली बहाल करें, नहीं तो करेंगे आमरण अनशन : माधव लाल



बेरमो। गोमिया-गोमिया प्रखंड अंतर्गत सियारी पंचायत के बिरहोर डेरा और काशीटांड आदिवासी गांवों में बिजली की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर मांझी ने पूर्व मंत्री के साडम स्थित आवास पर मुलाकात की और बताया कि इन गांवों में पिछले 4-5 वर्षों से बिजली नहीं है। गांव के लोग लगातार संबंधित विभाग से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। रामेश्वर मांझी ने कहा कि बिजली के साथ-साथ गांव में सड़क की सुविधा भी नहीं है, और प्रशासन इन गांवों में विकास पहुंचाने में असमर्थ साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि हर चुनाव में कानून सम्मत तरीके से मतदान करने के बावजूद भी ये गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह ने इस पर गहरी चिंता जताई और कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में विकास हो रहा है, लेकिन बिरहोर डेरा और काशीटांड में बिजली समस्या का समाधान न होना चिंताजनक है। उन्होंने तुरंत विद्युत विभाग के धनबाद जीएम से बात की और स्पष्ट किया कि यदि 15 दिनों के भीतर बिजली की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वह रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे विद्युत विभाग के जीएम ने पूर्व मंत्री को आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर तकनीकी गड़बड़ियों को दूर कर इन गांवों में बिजली बहाल की जाएगी। सिंह ने जिला प्रशासन से भी अनुरोध किया कि वह पथ निर्माण और अन्य विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने सियारी पंचायत के असना पानी गांव में भी बिजली नहीं पहुंचने की जानकारी दी और जल्द समाधान की मांग की।

## स्पीड न्यूज

### झूमर जैसे लोकनृत्य के आयोजन से बढ़ेगा सम्मान : कुमार अमित




बोकारो। बोकारो के नया मोड़ स्थित वेस्टर्न फार्म में नींव फाउंडेशन के द्वारा डांडिया महोत्सव का आयोजन किया। भाजपा नेता कुमार अमित कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह जवाहर महथा प्रगति शंकर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर भाजपा नेता कुमार अमित ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि देश के पश्चिमी हिस्सा गुजरात के डांडिया नृत्य का आयोजन के माध्यम से से देश की एकता अखंडता और मजबूत होगी। अगर झारखण्ड के लोकप्रिय झूमर जैसे लोकनृत्य का आयोजन भी अगर देश के दूसरे हिस्से में हो तो इससे झारखण्ड के सम्मान बढ़ने के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव यहां नागरिकों में और दृढ़ होगा। कुमार अमित ने आयोजन समिति के बोकारो में डांडिया नृत्य का आयोजन हिन्दी गानों के साथ खोरठा नागपुरी भोजपुरी आदि गानों पर भी करने का सुझाव दिया है। अन्य उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी इस अवसर पर संबोधित करते हुए इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में स्वैगी सिंह राजपूत अर्चना गोस्वामी दीपक राणा सागर गोस्वामी विधान दत्ता डीजे नितेश जैसे बाहर से आए कलाकारों ने उपस्थित लोगों को अपने गानों पर झूमाया। इस अवसर पर आयोजक सोनी शर्मा मनीष शर्मा अभि विश्वकर्मा दीपक शर्मा, सागर पासवान कनक बादशाह लालबाबू चंद्रप्रकाश सिंह मुकेश सिंह पियूष पल्लव दीपक राहुल श्रीवास्तव सहित अनेक महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### केंद्रीय अस्पताल ढ़ोरी के नये सीएमओ आर एन झा का स्वागत



बेरमो। कौटिल्य महापरिवार की बैठक अजय कुमार झा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में शाम सामयिक विषयों पर चर्चा हुई। तत्पश्चात केंद्रीय अस्पताल ढोरी में डॉक्टर आर एन झा को मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का दायित्व संभालने पर बधाई दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सचिव ब्रज बिहारी पांडेय ने कहा की झा के नेतृत्व में चिकित्सालय और उन्नति करें यही मंगल कामना उन्हें अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ दी गई। शुभकामना देने वालों में देवतानंद दूबे, रामनरेश द्विवेदी,अनिल चंद्र झा, बसंत कुमार पाठक, शंभू दुबे, रितेश तिवारी, संजय पांडेय, रमेश मिश्रा, पीके झा, मुकेश मिश्रा, पिंटू कुमार, ए के सिन्हा, ललन बाउरी, भुवन जी उपस्थित थे।

### चौकीदार बहाली परीक्षा को लेकर केंद्रों का निरीक्षण



गोड्डा। मंगलवार को आयोजित होने वाली चौकीदार बहाली परीक्षा को लेकर गोड्डा अनुमंडल पदाधिकारी बैधनाथ उरांव, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के संयुक्त नेतृत्व में नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार महली, सदर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ मिलकर विभिन्न स्कूलो का निरीक्षण किया। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से परीक्षा आयोजित कराने का प्रयास किया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों मे सुरक्षा और निष्पक्ष परीक्षा कराने हेतु पुलिस बल के जवानों की तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

**चाईबासा : टोंटो के सेरेंगसिया, बड़ा झींकपानी व कोंदवा पंचायत में झामुमो पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

# केंद्र सरकार से एनओसी नहीं मिलने के कारण अधूरा पड़ा है बरकेला-मोगरा सड़क निर्माण कार्य : मंत्री बिरुवा

**भाजपा सरकार की गलती के कारण कुछ जगहों पर सड़क निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**चाईबासा।** चाईबासा विधानसभा अंतर्गत बरकेला भाया हेस्साबांध, जोजोहातु सिंगीजारी अंजेदबेड़ा होते हुए मोगरा जाने वाले मुख्य सड़क बनकर लगभग तैयार हो चुका है। लेकिन केंद्र के भाजपा सरकार की गलती के कारण कुछ जगहों पर सड़क निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। केंद्र पर बैठी भाजपा सरकार के पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से एनओसी नहीं मिलने के कारण सड़क नहीं बन पाया और उसे अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसके कारण यहां के लोगों को आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। यही हाल चाईबासा-हाटगम्हारिया एनएच-75 मुख्य सड़क का भी है। अब भाजपा के ही कुछ नेताओं के द्वारा इस तरह ग्रामीणों को बरगला कर विरोध कराया जा रहा है। यह बातें सोमवार को टोंटो के सेरेंगसिया, बड़ा झींकपानी व कोंदवा पंचायत में आयोजित झामुमो पंचायत स्तरीय सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा। उन्होंने कहा कि झामुमो माटी की पार्टी है इस तरह के जनहित कार्यों में हमेशा तत्पर रहती है। झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार गांव-गांव, गली-मोहल्ले में सड़क, पुल, पुलिया, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देकर कार्य कर रही है। ताकि यहां के जनता को किसी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं हो। लेकिन यहां विपक्ष पर बैठी भाजपा के नेताओं ने गलत प्रचार प्रसार कर लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। भाजपा के ठगबाजों से होशियार रहने की जरूरत है। उन्होंने भाजपा के ठगबाज नेताओं के झूठा प्रचार का जवाब जोरदार तरीके से देने की बात कही। इस कार्यक्रम में वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित कर योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। वहीं मंत्री ने हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हुए सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने की बात कही। सरकार के ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना लाकर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। मौके पर जिप सदस्य राज नारायण तुबिद, मंगल तुबिद, ओम प्रकाश लागुरी, आशीष लागुरी, पूर्ण चंद्र बलमुचू, फुलेंद्र महतो, सूबेदार बिरुवा, कुशनू सिंकू, मुन्ना सुंडी, राजीव हेस्सा, तुराम बिरुली, मनजीत हासदा समेत अन्य उपस्थित थे।

## ढोरी ग्राउंड के नाम पर रैयतों की जमीन पर कब्जा करना बंद करे : कमलेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/फुसरो।** ढोरी बस्ती गणेश मन्दिर वार्ड संख्या 18 में खतियानधारी विस्थापित रैयत की बैठक ढोरी ग्राउंड को स्टेडियम बनाने के विरोध में हुई। जिसमें ढोरी मौजा के खतियानधारी शामिल हुए। बैठक में ढोरी ग्राउंड को स्टेडियम बनाने पर बेरमो विधायक और सीसीएल प्रबंधन का जमकर विरोध किया गया। खतियानधारी कमलेश महतो व मोहन महतो ने कहा कि जिस जमीन पर बेरमो विधायक डीएमएफटी फंड से बिना रैयतों का एनओसी लिए लगभग 10 करोड़ का शिलान्यास करना यह दशार्ता है कि आज रैयतो की जमीन योजना के नाम पर लूटी जा रही है। कहा कि इससे पूर्व में बेरमो सीओ को आवदेन देकर जबतक ग्राउंड के जमीन का मापी नहीं हो जाता है, तबतक रोक लगाने की बात कही गई थी और सीसीएल को भी इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। अगर बिना रैयतों की अनुमति के संवेदक ग्राउंड का काम करती है तो खतियानधारी विस्थापित रैयत आन्दोलन को मजबूर होगा और अगर किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो सारा जवाबदेही बेरमो सीओ की होगी। बैठक में मिथलेश महतो, घनश्याम महतो, महादेव महतो, महरू महतो, जगदीश महतो, लालमोहन महतो, विकाश कुमार महतो, प्रीतम महतो, जागेश्वर महतो, धर्मेंद्र महतो, जुगल महतो, पिंटू महतो, प्रमोद महतो, चितरंजन महतो, टेकलाल महतो, संभू महतो, अघुनु महतो, सोनू कुमार, किशोर महतो, अमृत महतो, महेंद्र महतो, अश्विनी महतो, साइकिल महतो, उर्मिला देवी, लालू महतो आदि रैयत उपस्थित थे।

# गोड्डा जिले में मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय, नहीं रुक रही चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ये गाड़ी अभी अभी राजाभीठा हटिया से चोरी हो गई है जेएच 17एम 8309। ऐसी ही खबरें प्रतिदिन सोशल साइट्स और समाचार पत्रों मे प्रकाशित होती रहती है।

ये गाड़ी भदरिया का है जो राजाभीठा थाना क्षेत्र मे है, इससे पहले इस हटिया से 3 बार मोटरसाइकिल चोरी हो चुका है! चित्र मे दिख रही मोटर साईकिल चोरी हो गई है। ऐसे कांड़ों मे पुलिस की क्या भूमिका हो सकती है। सिवाय इसके कि आपके आवेदन पर सनाहा दर्ज करें और आपको तसल्ली देकर घर भेज दे, या दरोगा जी मोबाइल चोरी हो गई है। ठीक है सर्वलेंस पर डलवा देता हूँ अगर वो स्विच ऑन करता है तो लोकेशन पता करने कि कोशिश करूंगा। लेकिन इन घटनाओं के पीछे जिम्मेदारी किसकी बनती है पहले तो उसकी जिसकी बाइक या मोबाइल चोरी हो गईं। सुरक्षा के इंतजाम तो आपको खुद करना होगा। हां आपसे जबरदस्ती किसी ने छीन ली हो तो पुलिस उस अपराधी तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

बाइक लॉक भी नहीं कि और मार्केटिंग के लिये निकल पड़े आये तो देखा बाइक गायब इसमें पुलिस सिवाय प्राथमिकी दर्ज करने के अलावे क्या कर सकती है, कभी कोई गिरोह कब्जे मे आता है तो दो चार चोरी हुई बाइक का पता चलता है जबकि गोड्डा जिला बिहार बंगाल कि सीमा पर है गाड़ी गायब, इसलिए अपने सामान कि जिम्मेदारी खुद लें और बाइक लगाकर भी नजर आपकी बाइक पर ही होनी चाहिए।

हेंडललॉक के अलावे भी ताला चाबी और चेन का इस्तेमाल कर बाइक कि सुरक्षा कर सकते हैं। मोबाइल ज्यादा खो जाती है चोरी भी होती है पर्स कि तरह उसे भी सुरक्षित रखें। ऐसे भी पुलिस बल कि भारी कमी रहती है अपनी सुरक्षा के साथ अपने सामान कि सुरक्षा का दायित्व भी आप पर है।

# बोकारो : कल की अबला महिलाएं आज सबला बन चुकी हैं : योगेन्द्र महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड कसमार के द्वारा सीएलएफ कार्यालय मंजूरा में आयोजित वार्षिक आम सभा में सदस्यों ने वार्षिक कामकाज का विवरण और लेखा जोखा प्रस्तुत किया। वार्षिक आम सभा में मुख्य रूप से अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया विधायक लंबोदर महतो प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी ज़िप सदस्य अमरदीप महाराज उपस्थित थे। इस दौरान योगेंद्र महतो ने कहा कि वो दिन गए जब महिलाएं अबला होती थीं वे आज सबला बन चुकी हैं और घर समाज राज्य और देश के विकास में पुरुषों के बराबर अपनी भूमिकाएं निभा रही हैं। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर महिलाओं ने अपनी दिशा और दशा बदली। महतो ने कहा कि आज अगर राज्य की महिला दीदियों के विकास अधिकार और सम्मान के लिए कोई मेहनत कर रहा है और यह सोच रखता है तो वो माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना फूलो झानो किशोरी समृद्धि योजना और ऐसे दर्जनों योजनाओं की शुरूआत की। मौके पर पंसस प्रिया देवी पूर्व मुखिया नरेश कुमार महतो शिशुपाल महतो बीएपी यशोदा देवी सीसी गुडिया देवी संगीता कुमारी सुनिता देवी साहिदा खातुन गीता देवी प्रतिमा कुमारी उषा देवी प्रभा देवी संजोति देवी अनिता देवी वीणा देवी संजु देवी माधुरी देवी प्रतिमा देवी प्रिती देवी नाजमा खातुन लालबानो खातुन समेत दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# बोकारो : केबीसीए का केंद्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** कुड़मालि भाखि चारि आखड़ा (केबीसीए) का त्रैमासिक केंद्रीय कोर कमिटी का सेमिनार कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित सपाहीटांड़ मैदान में कुड़मि समाज के हड़कमियां तरणी बानुहड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सेमिनार में विभिन्न प्रखंडों से पंहुचे कुड़मि समाज के हड़कमियों ने अपने अपने गांव घर एवं क्षेत्र में कुड़मालि नेगा चारी के अनुपालन एवं विस्तार को लेकर समीक्षात्मक प्रतिवेदन दिया। इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो एवं गोमिया विधायक लंबोदर महतो भी शामिल हुए और केबीसीए के आंदोलन को समर्थन करने की बात कही। वहीं कुड़मालि के प्रसिद्ध लोक शिल्पी कवि गोविंद लाल महातो हसतुआर ने सोहराय गीत चाइचर गीत लालजी महतो हिंदइआर एवं पारबति हिंदइआर ने टुसू का महत्व बताते हुए गीतों की प्रस्तुति दी। सेमिनार में केबीसीए के महादेव डुंगरिआर दीपक पुनरिआर अरविंद सांखुआर प्रहलाद प्रवीण केसरिया मूरलीधर जालबानुआर भागीरथ बंसरिआर हीरालाल केसरिआर मिथलेश केटिआर सहदेव झारखंडी शैलेश केसरिआर संजय पुनरिआर सदानंद गुलिआर सोनू सुबाष बालेश्वर आदि कुड़मि समाजकमिया शामिल थे।

# कांग्रेसयुक्त भारत

एक दशक तक सत्ता से बाहर रहने वाली कांग्रेस हरियाणा में अब सत्ता हासिल करने को तैयार है। उम्मीद है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अपने दम पर सरकार बनाएगी, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा के दूसरे स्थान पर रहने की संभावना है। पिछले दो दशकों में, राज्य में विधानसभा चुनावों के नतीजों ने एक पूवार्नुमानित पैटर्न दशार्या है-पहले कांग्रेस दो लगातार कार्यकाल के लिये सत्ता में आई और फिर भाजपा ने दो कार्यकाल में सरकार चलायी। किसी भी पार्टी के लिये यह संभव नहीं हुआ कि वह तीसरी बार सत्ता हासिल कर सके। दरअसल,जब सरकारें जनता की आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरती, तो जनता धैर्य खोने लगती है। वास्तव में सत्ता विरोधी घटक ने भाजपा को कमजोर कर दिया था। तभी गत मार्च में जनमानस में व्याप्त सत्ता विरोधी रुझान को टालने के लिये मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया गया। कह सकते हैं कि यह बदलाव पार्टी की हताशा का ही परिचायक रहा। हालांकि, भाजपा ने तीसरी बार सत्ता में वापसी और डैमेज कंट्रोल के लिये सभी दांव-पेच खेले। मतदान से ठीक पहले डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम की रिहाई कांग्रेस का गणित बिगाड़ने का आखिरी प्रयास था। बहरहाल, उत्तर भारत में भाजपा का जनाधार कम होता जा रहा है। ये नतीजे यदि भाजपा के खिलाफ जाते हैं तो ये भाजपा की बेचैनी बढ़ाने वाला होगा। 2024 के लोकसभा चुनावों में घटे जनाधार ने भी पार्टी की कमजोरी को ही उजागर किया। यदि कांग्रेस हरियाणा को अपनी झोली में शामिल करने में सफल हो जाती है तो राष्ट्रीय स्तर कांग्रेस मुक्त भारत के भाजपाई नारे की जगह कांग्रेस युक्त भारत होगा। भाजपा की जीत के बाद का अहंकार और महंगाई के साथ किसानों का विरोध कांग्रेस की जीत का कारक बन सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष : योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृष : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8**

**मिथुन : लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5**

**कन्या : बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7**

**तुला : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8**

**वृश्चिक : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8**

**धनु : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6**

**मकर : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7**

**कुंभ : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6**

**मीन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9**

## कार्टून वर्ल्ड




# पोटका विधानसभा: अब झामुमो की संभावना बेहतर

कोल्हान के पोटका विधानसभा को कुल तीन हिस्सों में बांट सकते हैं।

1. डुमरिया प्रखण्ड 2. पोटका प्रखण्ड

3. जमशेदपुर महानगर का एक हिस्सा (बागबेड़ा, घाघीडीह, हल्दीपोखर वाला ईलाका) अगर चुनावों के नजरिए से देखें तो जमशेदपुर का बागबेड़ा, घाघीडीह, हल्दीपोखर जैसे इलाके परुंपरागत रूप से भाजपा का गढ़ रहे हैं। लेकिन चुनावी हार-जीत का फैसला डुमरिया और पोटका प्रखण्ड के वोटर करते हैं।

पोटका से भाजपा की मेनका सरदार तीन बार विधायक रहीं। लेकिन 2019 के विधानसभा चुनावों में झामुमो के संजीव सरदार ने उन्हें करीब 43 हजार वोटों के बड़े अंतर से हराया। संजीव सरदार को 1,10,753 वोट मिले, जबकि मेनका सरकार महज 67,643 वोटों पर सिमट गईं।

पोटका में कैसे जीत-हार का फैसला होता है, इसे आंकड़ो के जरिए समझिए

पिछले 6 चुनावों में 4 बार भाजपा जीती है और एक बार झामुमो और एक बार बाबूलाल मरांडी की झारखण्ड विकास मोर्चा

2014 विधानसभा चुनाव

भाजपा - 36.69%झामुमो- 33.69%

कांग्रेस- 13.03%

**2019 विधानसभा चुनाव**

भाजपा- 34 %झामुमो+कांग्रेस- 55.61 % इतना तो समझ में आ ही गया होगा कि 2019 में कांग्रेस और झामुमो के वोटर एकजुट हुए इसलिए भाजपा की मेनका सरदार की इतनी बड़ी हार हुई। अब वोटों के अंकगणित देखिए

**2014 विधानसभा चुनाव**

मेनका सरदार (भाजपा)- 68, 151 वोट

संजीव सरदार (झामुमो) - 61,485 वोट

दुखनी माई सरदार (कांग्रेस)- 14,227 वोटसूर्य सिंह बेसरा (झा. पिपुल्स पार्टी)- 12,177 वोटपोटका में कांग्रेस के परंपरागत रूप से 8-10 प्रतिशत वोट हैं, जब-जब कांग्रेस और झामुमो के बीच गठबंधन होता है, झामुमो उम्मीदवार की जीत की संभावना बढ़ जाती है। सामाजिक समीकरण की बात करें तोएसटी- 52.5%एससी- 3.64 %

मुस्लिम- 5.9%शहरी आबादी- 27.02%ग्रामीण आबादी- 72.98 %

हम एक अक्टूबर को सुबह जमशेदपुर से पोटका विधानसभा की ओर रवाना हुए। हमारा पहला पड़ाव था हाता चौक। हाता पोटका प्रखण्ड में आता है। हाता चौक पर मंदिर के ठीक सामने चाय की दुकान पर एक स्थानीय पत्रकार कुछ लोगों के साथ मिले।




वहां पर भाजपा के एक पुराने उम्मीदवार खेलाराम बेसरा जी से भेंट हुई। खेलाराम बेसरा जी का राजनीति से मोहभंग हो चुका है। उन्होने विधानसभा की जानकारी देते हुए बताया कि हवा का रूख समझना है तो डुमरिया प्रखण्ड जाइए। शहरों में तो भाजपा ही दिखेगी, डुमरिया आदिवासी इलाका है, वहां जाकर आपको पता चलेगा कि सही में पोटका विधानसभा में इस बार जमीन पर क्या चल रहा है। हम हाता से हरिणा होते हुए डुमरिया की ओर बढ़ चले। सबसे पहले हम रुके पुटनुपुंग गांव में। पुटनुपुंग में सड़क किनारे ही हमें तीन-चार लोग एक पंक्चर दुकान के पास बैठे मिले। वहां रुककर बात करने पर उदाल गांव के संजीव सरकार ने बताया कि यह गांव टेंगराईन पंचायत में आता है। यहां के बूथ में तीन गावों के वोटर वोट देने आते हैं।महुलडीहा,कैरासाई और पुटलुपुंग, महुलडीहा गांव में मंडल लोग ज्यादा हैं, कैरासाई संथाल आदिवासी बहुल गांव है और पुटलुपुंग में मंडल लोग अधिक हैं। हमें इन लोगों से बातचीत कर जो अंदाजा लगा वो ये कि मंडल लोग भाजपा के समर्थक हैं और आदिवासी झामुमो के। एक आदिवासी चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन का भी समर्थक था। उसने बताया कि हर पर्व, त्योहार या गांव के छोटे-मोटे फंक्शन में बाबूलाल सोरेन पैसे वगैरह से मदद करते हैं, इसलिए मुझे वो पसंद हैं। घोर जंगल, खराब रास्ते और नदियों को पार करते हुए हम हरिणा मंदिर को पार करते हुए डुमरिया की ओर धीरे-धीरे बढ़ रहे थे. हरिणा इलाके का प्रसिद्ध मंदिर है, यहां एक बहुत बड़ा मेला लगता है। हरिणा मंदिर से आगे बढ़ते हुए इलाका बेहद सुनसान है, दोनों ओर पहाड़ियां और बीच में जंगल...कच्चा रास्ता। हमारे साथ चल रहे एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि अरुण उरावं जब पुलिस कमिश्नर थे, तब इसी इलाके के ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने नौ नक्सलियों को खाने में जहर देकर मार डाला था। हम जहां से गुजर रहे थे, वो इलाका बंगाल, झारखण्ड और ओडिशा का बॉर्डर है। इस तरह के घने जंगल और राज्यों का बॉर्डर नक्सलियों के लिए सुरक्षित ठिकाने होते ही हैं। बीच-बीच में संथाल आदिवासियों के छोटे-छोटे गांव नजर आते थे। एक ऐसे ही गांव बोंबरो में हमें दो नौजवान एक पेड़ के नीचे बैठे मिले। नाम पूछने पर पता चला कि एक का नाम आजाद सोरेन है, वे गांव के प्रधान हैं. दूसरा युवक रघु मार्डी थे। रघु मार्डी घाटशिला विधानसभा के मुसाबनी प्रखण्ड के रहने वाले थे। आजाद सोरेन जी ने बताया कि आदिवासी परंपरागत रूप से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वोटर हैं। लेकिन इस इलाके में चंपई सोरेन और उनके बेटे बाबूलाल सोरेन का भी थोड़ा प्रभाव है. जब चंपई सोरेन झामुमो में थे, तब तो कोई बात नहीं थी। लेकिन अब वो भाजपा के साथ हैं। वे 5-10 प्रतिशत वोट काट सकते हैं, लेकिन 90 प्रतिशत आदिवासी आज भी झामुमो को ही वोट करेंगे। बोंबरो गांव से आगे बढ़ हम डुमरिया प्रखण्ड से सटे खड़िदा गांव पहुंचे। उस गांव में हमें भाजपा नेता उपेन्द्र सरदार उर्फ राजू सरदार के समर्थक ज्यादा दिखे। गांववालों ने बताया कि डुमरिया प्रखण्ड हमेशा से उपेक्षित रहा है। लेकिन उपेन्द्र सरकार उर्फ राजू सरदार हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में ग्रामीणों की मदद करते हैं।



- पंकज प्रसून

> इस बार वहां भाजपा के उपेन्द्र सरदार उर्फ राजू सरदार को भी कुछ वोट मिलेगा. ये उनका अपना व्यक्तिगत वोट है जो पिछले 8-10 सालों से लगातार मेहनत कर बनाया गया है। इसके अलावा चंपई सोरेन और उनके बेटे बाबूलाल सोरेन भी कुछ आदिवासी वोटों को भाजपा की ओर खिंचेंगे। मेनका सरदार के बारे में पूछने पर डुमरिया प्रखण्ड के अधिकतर लोग नाकारात्मक दिखे। लोग उनके पति विभिषण सोरेन के किस्से सुनाने लगते थे।

खड़िदा से एक किलोमीटर आगे बढ़ने पर कुमराशोल गांव मिला। वहां एक छोटे से होटल में 8-10 लोग बैठे थे। कुमराशोल के लोगों ने बताया कि गांवों में जहां आदिवासी आबादी है, वो तो झामुमो की ओर हमेशा से जाता है। लेकिन इस बार वहां भाजपा के उपेन्द्र सरदार उर्फ राजू सरदार को भी कुछ वोट मिलेगा. ये उनका अपना व्यक्तिगत वोट है जो पिछले 8-10 सालों से लगातार मेहनत कर बनाया गया है। इसके अलावा चंपई सोरेन और उनके बेटे बाबूलाल सोरेन भी कुछ आदिवासी वोटों को भाजपा की ओर खिंचेंगे।

मेनका सरदार के बारे में पूछने पर डुमरिया प्रखण्ड के अधिकतर लोग नाकारात्मक दिखे। लोग उनके पति विभिषण सोरेन के किस्से सुनाने लगते थे। एक स्थानीय भाजपा समर्थक का कहना था कि मेनका सरदार हारने के बाद घर बैठ गईं, वे अब भी पुरानी राजनीति कर रही हैं कि जब टिकट मिलेगा, तब क्षेत्र में दौड़ेंगे। लेकिन आज की राजनीति हार के बाद भी लगातार जनता के बीच रहने वालों की है। सातरी तोपे पूर्व जिला परिषद सदस्य हैं। यह सीट महिला के लिए रिजर्व कर दी गई और पार्वती मुंडा जीत गईं। (लेखक एनएमएफ से जुड़ें हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### तकनीक का खतरा

**लेबनान** में पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोटक रखकर किए गए धमाके दिल दहला देने वाले हैं। यह नई तकनीक का खतरनाक उपयोग दशार्ता है। पहले से ही लोग साइबर अटैक से चिंतित हैं, अब मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे गैजेट्स भी खतरा बन गए हैं। इस्राइल ने युद्ध में दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो तरीका अपनाया है, वह न केवल नया है, बल्कि खतरनाक भी। विशेषज्ञों को मोबाइल फोन और अन्य उपकरणों से होने वाले संभावित खतरों के खिलाफ उपाय खोजने चाहिए।

**– रविन्द्र सिंह, रांची**

### संदेह के घेरे में

**प्राचीन** काल में विभिन्न शक्तियों का दुरुपयोग मानव जाति के लिए हानिकारक होता था। आज विज्ञान की सुविधाओं का भी दुरुपयोग हो रहा है। राष्ट्रविरोधी तत्व तकनीक का दुरुपयोग कर सकते हैं।यह स्थिति चिंता का विषय है।

**–प्रिया सिन्हा, हजारीबाग**

## एक्स - ट्वीट

**बेहतर** स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में झारखण्ड आगे बढ़ रहा है। एक गरीब, पिछड़ा राज्य होते हुए भी झारखण्ड ने हमेशा विपरीत परिस्थितियों में परचम लहराया है। हालांकि अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

**किसान** भाइयों से बहुत सार्थक चर्चा हुई है। मैंने किसान भाइयों के संवाद को अंतर्मन से सुना है। हमने गहराई से कई चीजों का अध्ययन किया है। किसान आगे बढ़ें और कृषि क्षेत्र की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए हम प्रयत्न करेंगे।

**–शिवराज सिंह चौहान**
**केन्द्रीय मंत्री**

# आखिर मुइज्जू को आना पड़ा दिल्ली के शरण में

**बिक्रम उपाध्याय**

सामयिक

**मालदीव** के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू दिल्ली में हैं और छह महीने के भीतर उनकी यह दूसरी भारत यात्रा है। जून में वह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे शपथग्रहण समारोह में आए थे। लेकिन ताजा यात्रा का उदेश्य दूसरा है। इस बार मुइज्जू बड़ी उम्मीद और याचना के साथ आए हैं। वह भारत से अपने देश के आर्थिक संकट से निबटने के लिए मदद मांगने आए हैं। यह वही मुइज्जू हैं जो राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए भारत के खिलाफ अभियान लेकर मैदान में उतरे थे।

चीन को खुश करने के लिए मुइज्जू और उनके कुछ मंत्री प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपशब्द बोल रहे थे। अब वही मुइज्जू उम्मीद कर रहे हैं कि भारत उनको करोड़ों डॉलर के बेलआउट पैकेज दे दे, क्योंकि चीन अपनी आदत के अनुसार मुइज्जू को भी ठेंगा दिखा चुका है। चीन अपने कथित दोस्तों को भी भारी सूद पर पैसा देता है और स्थिति यह है कि मालदीव कर्ज की वर्तमान देनदारी को भी देने की स्थिति में नहीं है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि मालदीव डिफॉल्ट की कगार पर पहुँच गया है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 440 मिलियन डॉलर (334 मिलियन) रह गया है। यानी आने वाले दिनों में मालदीव जरूरी आयात के भुगतान के लिए भी संघर्ष करेगा।

मुइज्जू ने दिल्ली रवाना होने से पहले बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत, मालदीव की वित्तीय स्थिति से पूरी तरह वाकिफ है और उन्हें उम्मीद है कि उनके बोझ को कम करने के लिए नई दिल्ली बेहतर विकल्प और समाधान देने को तैयार होगा। नई दिल्ली के प्रति मुइज्जू का यह लहजा बताता है कि अपने चुनाव अभियान के दौरान जो रुख उन्होंने भारत के प्रति दिखाया था, उससे उनको अब शर्मिंदगी महसूस हो रही है। ह्लभारत को बाहर करोह्व की उनकी पुरानी नीति अब जरूरत पड़ते ही बदल गई है। इसीलिए अब वह अफसोस के साथ कह रहे हैं कि किसी भी मतभेद को खुले संवाद और आपसी समझ के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है।

मुइज्जू के भारत के प्रति बदले सुर के पीछे असली वजह है मालदीव का आर्थिक संकट। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग घटा दी है और डिफॉल्ट जोखिम बढ़ने की ओर इशारा भी किया है। अब मुइज्जू के सामने दो ही विकल्प हैं- या तो वह डिफॉल्ट से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम में जाए या फिर किसी दोस्त मुल्क से बेल आउट पैकेज के लिए निवेदन करें। मूडीज के अनुसार मालदीव को 2025 में लगभग \$600 मिलियन और 2026 में \$1 बिलियन से अधिक की रकम ऋण के पुनर्भुगतान और ब्याज सेवा के लिए चाहिए। मुइज्जू सरकार के लिए इस संकट से उबरने के लिए धन जुटाना आसान नहीं है। तभी तो मुइज्जू दिल्ली की यात्रा पर आए हैं। चूंकि भारत ने पहले भी मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 बिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश की थी इसलिए मुइज्जू को उम्मीद भारत से ही है।

उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में मुइज्जू जब सत्ता में आए थे तो कुछ ही समय में मालदीव और भारत के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे और उसके एकमात्र जिम्मेदार खुद मुइज्जू थे। पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने भारत के बजाय तुर्की और चीन से दोस्ती को ज्यादा अहमियत दी थी। वह उन दोनों देशों की यात्रा पर गए। उन्होंने भारत का अपमान करने का रास्ता चुना। यही नहीं, मालदीव के तीन अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में व्यक्तिगत अपमानजनक टिप्पणी की। मुइज्जू ने भारत द्वारा दिए गए दो बचाव और टोही हेलीकॉप्टरों और एक डोर्नियर विमान के रखरखाव व संचालन के लिए वहां तैनात लगभग 80 सैनिकों को वापस बुलाने का अल्टीमेटम भी भारत को दिया। दूसरी तरफ भारत ने संबंधों की मयार्दा रखते हुए विमान को संचालित करने के लिए सैनिकों की जगह भारतीय नागरिक तकनीकी कर्मचारियों को रखने पर सहमति जताते हुए मालदीव के साथ नए समझौते पर सहमति भी दे दी। भारत को नीचा दिखाने के लिए मुइज्जू ने भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू करने से मना कर दिया और चीनी अनुसंधान जहाज, जियांग यांग होंग 3 को बंदरगाह पर आने की अनुमति दे दी। चीनी जहाज के मालदीव बंदरगाह पर आने से नया तनाव पैदा हुआ। मुइज्जू के इन फैसलों के पीछे सिर्फ यह सोच थी कि मालदीव में दिल्ली के प्रभाव को कम किया जाए और प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने पर जोर दिया जाए। बावजूद इसके भारत सरकार ने संयम से काम लिया।

# बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना

भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवस (8 अक्तूबर) पर विशेष

**-योगेश कुमार गोयल**

रक्षा

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस बार अपने 92वें स्थापना दिवस से पहले भारतीय वायुसेना ने 6 अक्तूबर को चेन्नई के मरीना बीच पर भव्य एयर शो का आयोजन किया, जिसमें राफेल, मिग-29, त्तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स सहित वायुसेना के कुल 72 विमानों ने अपनी ताकत और कुशलता का प्रदर्शन किया और जांबाज वायुवीरों ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। आसमान में वायुवीरों के प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा।

एयर शो का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा ऐतिहासिक विरासत के रूप में दिखाया गया प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हुआ हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट, जिसे भारतीय वायुसेना ने वर्ष 1974 तक ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया था। राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे फाइटर जेट्स, सारंग, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (प्रचंड), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) जैसे हेलीकॉप्टर तथा सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक, जगुआर इत्यादि अन्य एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना की अभेद्य ताकत बन चुके हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है।

रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं।

भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं।

भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था ह्लरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्व। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। ह्लरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्व की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में ह्लरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्व का नाम बदलकर ह्लइंडियन एयरफोर्सह्व कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी ह्लवेस्टलैंडह्व द्वारा निर्मित ह्लवापिती-2एह्व था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

## एक नजर में

### रोजगार के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा हुआ कार्यालय का उद्घाटन

**चरही।** जन सहयोग केंद्र चीचीकला के द्वारा कल्याण विभाग झारखंड सरकार रांची के सहयोग से जन सहयोग केंद्र के पंजीकृत कार्यालय परिसर में आय वृद्धि कार्यक्रम के तहत पंद्रह महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला कल्याण पदाकारी सुभाष कुमार तथा चनारो पंचायत के मुखिया ब्रजबिहारी महतो ने संयुक्त रूप से किया। संस्था के सचिव नरेंद्र कुमार रंगीला ने बताया कि आय वृद्धि कार्यक्रम के माध्यम से छः माह प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर प्रशिक्षित महिलाओं को बैंक से जोड़कर ऋण भी दिलाया जायेगा। जिससे स्वरोजगार मिल पायेगा।

### तालाब में डूबने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत, घंटो बाद मिला शव

**चौपारण।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत ब्रह्मोरिया में रविवार को 50 वर्षीय महेंद्र यादव, उर्फ माथुर यादव पिता स्वर्गीय गिरधारी यादव की मौत तालाब में डूबने से हो गई। लोगों ने बताया कि गावं के छोटू यादव की मृत्यु हो गयी थी जिसके अंतिम संस्कार में सभी के साथ महेंद्र यादव भी श्मशान गया था। जिसके बाद लौटने के क्रम में रास्ते मे पड़ने वाले तालाब में नहाने चला गया। जिसके बाद लोगों के मना करने पर भी वह गहरे पानी मे चला गया। तालाब में पानी भी अधिक मात्रा में है। जिसके बाद वह डूबने लगा। वहां कुछ लड़के बचाने के लिए तालाब में कूदे परन्तु जब तक ये उसके पास पहुंच पाते महेंद्र यादव गहरे पानी मे समा गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब कुछ पता नही चला तो चय से गोताखोरों की टीम आई और शव बरामद किया। घटना के बाद प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर थी।

### शोकाकुल परिवार से मिले कांग्रेस जिला अध्यक्ष और प्रतिनिधिमंडल, परिजनों को दी सांत्वना

**बरही।** रविवार को बरही के मल्लाह टोली निवासी और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के छोटे भाई मो. बेलाल का आकस्मिक निधन हो गया, जिससे परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनका अंतिम संस्कार बरही कब्रिस्तान में किया गया। इस दुखद घटना की खबर सुनते ही कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग जिला प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के नेतृत्व में शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव और उनके साथ आए अन्य नेताओं ने परिवार से मिलकर उनका दु:ख साझा किया और ढाढस बंधाया। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों से मुलाकात की और उन्हें इस कठिन समय में मजबूत बने रहने की प्रेरणा दी।

### निहंत ऑटोमोबाइल्स का नवरात्रि ऑफर

**चरही।** भारत का टू व्हीलर हीरो सबसे बड़ी कंपनी है। जिसे चरही मुख्य पथ स्थित निहंत ऑटोमोबाइल ने फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए अपनी बाइक और स्कूटरों पर ऑफर देना शुरू कर दिया है। निहत ऑटोमोबाइल ने नवरात्र बुकिंग ऑफर शुरू किया है। इस बार कौन ऑफर के तहत कौन-कौन सी बाइक व स्कूटर को खरीदने पर आपको फायदा हो सकता हैऔर कब तक इस ऑफर के लाभ उठाया जा सकता है। निहत ऑटोमोबाइल्स के संचालक उमेश सिंह के अनुसार कंपनी की दो बाइक और एक स्कूटर को खरीदने पर इस नवरात्रि में अच्छी बचत का मौका मिल रही है। इस नवरात्रि बुकिंग ऑफर के तहत 1000 एक्स्ट्रा कैश डिस्काउंट ग्राहकों को दिया जा रहा है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**हजारीबाग।** पगमिल स्थित अल्फलाह कमिटी ने सोमवार को अल्फलाह कॉलोनी रोड नंबर दो स्थित प्रो एस एम कैसर आलम के आवास पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मौके पर 25 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। सरकारी रक्त अधिकोष की टीम ने रक्त एकत्रित किया। अल्फलाह कमिटी के अध्यक्ष नमूद आलम खान ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी के मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। कमिटी के सचिव मो जमाल अहमद ने कहा कि रक्तदान किसी व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है।

### हजारीबाग के नये उप विकास आयुक्त के रूप श्री इश्तियाक अहमद ने पदभार ग्रहण किया

**हजारीबाग।** जिले के 41वें उप विकास आयुक्त के रूप में सोमवार को 39वें बैच के झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री इश्तियाक अहमद ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

### दूधमटिया जंगल में वृक्षों का रक्षाबंधन कर लगाया पर्यावरण मेला

**टाटीझरिया।** प्रखंड के एन एच 522 हजारीबाग विष्णुगढ़ मुख्य मार्ग अंतर्गत टाटीझरिया पंचायत के दूधमटिया जंगल में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ वृक्ष रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला का आयोजन वन समति सदस्य संग दुधमटीया वन महोत्सव के संस्थापक महादेव महतो के नेतृत्व में 30 वीं वर्ष दुधमटीया वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 7 अक्तूबर 2024 दिन सोमवार को किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल,टाटीझरिया पंचायत के स्थानीय मुखिया मुखिया सुरेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष टाटीझरिया कैलाशपति सिंह, जगदीशचंद्र यादव, मनीष चौधरी,महेश अग्रवाल,राजू यादव ने पेड़ पौधे को विधिवत पूजन कर रक्षाबंधन किया।

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना सलगावां

**कटकमदाग।** कटकमदाग मैदान में रविवार को सांसद खेल महोत्सव 2024 के तहत नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला हुआ। सलगावां टीम ने खपरियावां बनहा को 1-0 से पराजित कर टूनार्मेंट का विजेता बना। जबकि बालिकाओं की टीम में जमुआरी टीम ने फतहा टीम को हराकर विजेता बनी। मुख्य अतिथि श्रद्धानंद सिंह व विशिष्ट अतिथियों ने विजेता बालक टीम को 25 हजार का चेक शील्ड व उप विजेता टीम को 15 हजार का चेक व शिल्प प्रदान कर पुरस्कृत किया।

### मैं आज भी भाजपा का सक्रिय सदस्य हूं, और आगे भी काम करता रहुंगा: जयंत

**कुजू।** हमारी राजनीति जीवन की शुरूआत भाजपा में एक सदस्य के रूप में हुआ। मैं आज भी भाजपा का सक्रिय सदस्य हू और भविष्य में भी एक सदस्य के रूप में पार्टी के लिए काम करता रहूंगा। उक्त बातें केंद्र सरकार के पूर्व वित्त राज्य मंत्री सह पूर्व हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने दिगवार फोरलेन स्थित जेपी बैंक्वेट हॉल में उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति द्वारा स्वागत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर भाजपा मुझे जो भी जिम्मेवारी देगी मैं उस पर खरा उतरने का काम करूंगा। श्री सिन्हा ने कहा कि झारखंड प्रदेश नेतृत्व के द्वारा गत लोकसभा चुनाव में मुझ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था।

# कांग्रेस का जल सत्याग्रह प्रशासन को चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग झील में सफाई की अनदेखी के कारण बढ़ते प्रदूषण और जनस्वास्थ्य की चिंताओं को लेकर कांग्रेस ने सख्त रूप अपनाते हुए सोमवार को जल सत्याग्रह किया। इस संबंध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य समन्वयक ओबीसी विभाग सुरजीत नागवाला ने अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि झील में फैली गंदगी और प्रशासन की लापरवाही देखकर हैरत होती है।

इस इलाके में शहर के बड़े अधिकारियों का निवास स्थान है। उसके बावजूद झील की स्थिति दयनीय है। सुरजीत नागवाला ने कहा कि हजारीबाग के झील हजारीबाग के हृदय स्थली कही जाती है, लोग यहां अपने परिजनों को घूमने के लिए लाते हैं, और लोग नारकीय स्थिति का सामना करते हैं। शहर के बीचो-बीच का एकमात्र सुंदर स्थल झील है, जो जिला प्रशासन के उदासीनता के कारण बेहाल हो गया है।हजारीबाग झील में प्रदूषण के चलते पानी दूषित हो गया है और आसपास के क्षेत्रों में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। कहा कि यहाँ के संसाद भाजपा के है इसलिए अधिकारियों का मन बढ़ा हुवा है। श्री नागवाला ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से उचित कदम उठाने और झील की सफाई के लिए जरूरी कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि अगर ऐसा नहीं हुवा तो वे अधिकारियों के सम्पति का जांच कराएँगे। इस तस्वीर का दूसरा पहलु यह है कि सुरजीत नागवाला का अभियान बहुत ही अच्छा है। यहाँ तीन करोड़ की मशीन लायी गयी झील की सफाई के लिए लेकिन वो झील में पड़ा सड़ रहा है। इनकी कही हर बातें अपनी जगह सही है। लेकिन जब वे भाजपा पर आरोप लगाते है तो ये हास्यास्पद लगता है। महाराज, पांच साल से सरकार आपकी, मंत्री आपके उसके बावजूद अगर कुछ हो नहीं पा रहा। तो फिर कब होगा। आज तो आपकी सरकार है जब इनके कार्यकाल में इतनी परेशानी है तो फिर अगर सरकार ना रही तब क्या होगा।



जल सत्याग्रह में शामिल लोग।

# भाजपा का पांच प्रण घोषणा पत्र जारी

## पूर्व विधायक मनोज यादव विभिन्न पंचायतों में बैठक कर लोगों को दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा ने अपना चुनावी घोषणापत्र पांच प्रण जारी किया है, जिसमें महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने इसे जनता के लिए अत्यंत लाभदायक बताया। उन्होंने बरही के कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती, कोल्हुआकला पंचायत भवन व भण्डारो के बैरिशाल व पुरहरा में बैठक आयोजित कर इस घोषणापत्र के बारे में लोगों को जानकारी दी। भंडारों एवं कोल्हुआकला पंचायतों में पूर्व विधायक मनोज यादव ने ग्रामीणों को पांच प्रण की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे यह योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक सिद्ध होंगी। पांच प्रण घोषणापत्र के मुख्य बिंदुओं में गोगो दीदी योजना, इस योजना के तहत झारखंड की प्रत्येक महिला के बैंक खाते में हर महीने 2,100 रुपये जमा किए जाएंगे।

### भाजपा किसान मोर्चा ने दिया एकदिवसीय धरना



धरने में शामिल लोग

**हजारीबाग।** भाजपा किसान मोर्चा कमिटी के द्वारा किसानो के मुद्दे को लेकर सोमवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही कमिटी के सदस्यों ने उपायुक्त के नाम एक आवेदन भी दिया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि कहा कि झारखण्ड की हेमंत सरकार ने किसानो को छलने का काम किया है। सरकार किसानो के मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। किसान त्राहिमाम है। कहा कि भाजपा के रघुवर दास सरकार में मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना की शुरूवात की गयी थी जिसमें किसानो को प्रति एकड़ ५००० रुपये दिए जाते थे। हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री बनते ही इस योजना को बंद कर दिया। इससे लागू कर किसानो को पैसे आवंटन किये जाए। दूसरी बात की बेमौसम बरसात ने किसानो के द्वारा लगायी गयी टमाटर, आलू, मटर की फसल को बर्बाद कर किसानो की रीढ़ तोड़ दी है। सरकार से मांग है कि फसल की नुक्सान की भारपाई सरकार करे, किसानो को मुवाबजा दिया जाय। कहा की प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत जो राशि किसानो को मिलती थी वो भी लैंड सेडिंग के नाम पर कई किसानो का बंद कर दिया गया है। किसान आज इसके कारण ब्लॉक और अंचल कार्यालय दौड़ने को मजबूर है। किसानो को एलपीसी, दाखिल खारिज कराने, ऑनलाइन कराने में परेशानी हो रही है।

### छह मंदिरों में समाज सेवी ने दिया ढोल

**कुजू।** पोचरा निवासी सोशल वर्कर जीतेंद्र यादव ने सोमवर को छह शिव चर्चा मंडली के बीच ढोल का वितरण किया। इसमें हथमारा हनुमान मन्दिर, नीम टोला हनुमान मंदिर, नीम टोला बड़ा हनुमान मंदिर, अमृतनगर हनुमान मंदिर, गिरी मुहल्ला शिव मंदिर आदि जगहों के शिव चर्चा मंडली के सदस्य शामिल है। मौके पर जीतेंद्र ने कहा कि हिंदू धर्म के प्रचार प्रसार को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमावर को महिलाओं द्वारा मंदिरों में किये जाने वाले भजन कीर्तन में सुविधा मिलेगी। मौके पर निर्मल यादव, पप्पू यादव समेत बड़ी संख्या में शिव चर्चा कर रही महिलाएं मौजूद थे।

### नियमों का पालन करते हुए वाहन चलायें चालक: यातायात प्रभारी



बैठक में शामिल लोग

**रामगढ़।** यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए यातायात प्रभारी और रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन की सोमवार को शाम सुभाष चौक के निकट बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अमित सिन्हा ने की। जबकि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी रजत कुमार उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए यातायात प्रभारी रजत कुमार ने ऑटो एवं अन्य वाहनों के चालकों से कहा की वे सभी अपना परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस और इंश्यूरेंस का दस्तावेज धीरे धीरे अपडेट करवा लें।

# भक्ति जागरण का हुआ आयोजन, रातभर झूमे श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नवरात्र के पावन अवसर पर जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित न्यू डॉन बास्को एकाडमी स्कूल के समीप रविवार की रात्रि भक्ति जाकरण का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने विधिवत फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। श्री चौधरी ने नवरात्र के अवसर पर माता रानी से समस्त जनता के कल्याण की कामना करते हुए भजन मंडली को चुनरी प्रदान कर सम्मानित किया। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर भक्तिगीत व भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को देर रात तक झुमाये रखा।



लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी

### भक्ति जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी, पतरातू सहित आसपास के ग्रामीणें क्षेत्रों के मंडप, मंदिर व घरों में नवरात्रि महापर्व के पांचवे दिन सोमवार को श्रद्धालु भक्तों ने पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की नव शक्तियों के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना भी की।


**Directorate of Agriculture, Department of Agriculture, Animal Husbandry and Cooperative Kanke Road, Ranchi**

**Details of the RFE**

| | |
|---|---|
| RFE No. | Agri/09/2024 |
| Title of RFE | Request for empanelment of interested reputed suppliers/manufacturers for supply of reagent refill of soil testing- mini lab (Mridaparikshak) (which having license from Indian Institute of Soil Sciences (IISS), Bhopal for manufacturing of reagent refill for soil testing mini lab (Mridaparikshak) of 12 parameters, suitable for preparation of soil health card) |
| RFE Processing Fee/Document Fee | Rs. 5,000.00 (Rupees Five Thousand) Paid through Online mode |
| Date of Publication of RFE | 04-10-2024 at 6:00 PM |
| Start & End Date & Time for Downloading of RFE document | 04-10-2024 at 06:00 PM to 11-10-2024 at 4:00 PM |
| Last date and time for online submission of RFE response | 11-10-2024 at 4:00 PM The online RFE response should be submitted at http://jharkhandtenders.gov.in/. |
| Date of opening of the RFE | 14-10-2024 at 5:00 PM |
| Mode of Empanelment Submission | The application forms along with terms and conditions etc. can be filled with the link available on the website jharkhandtenders.gov.in |
| EMD | The bidder is required to submit EMD of INR 3,00,000 (INR Three lakhs only) online |
| Period of Empanelment | 03 year (Three Years) from FY 2024-25 to 2026-27 Financial Year 2024-25 in 14 districts (Ranchi, Gumla, Lohardaga, West Singhbhum, Dumka, Pakur, Sahebganj, East Singhbhum, SarikellaKharsawa, Palamu, Giridih, Dhanbad, Deoghar, Chatra) |

Sd/-
Director Agriculture

PR 338227 Agriculture(24-25)#D



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या – 01/2024 के आलोक में चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु लिखित परीक्षा में सफल चयनित अभ्यर्थियों की औपबंधिक सूची कोडरमा जिला के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर प्रकाशित करते हुए दिनांक 28-09-2024 को उनका शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दौड़ निर्धारित की गयी थी।

शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दौड़ में **मात्र 55 अभ्यर्थी** सफल हुए। अतः चौकीदार के शेष पद पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की **द्वितीय औपबंधिक सूची** कोडरमा जिला के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर प्रकाशित की जा रही है।

द्वितीय औपबंधित सूची में चयनित अभ्यर्थियों के लिए सूचना निम्नवत है :-

1. शारीरिक दक्षता जाँच एवं दौड़ की तिथि – **दिनांक 09-10-2024**
2. शारीरिक दक्षता जाँच एवं दौड़ हेतु अभ्यर्थियों की Reporting Time – **पूर्वाह्न 06:00 बजे**
3. शारीरिक दक्षता जाँच एवं दौड़ का स्थान – के०टी०पी०एस० रोड, बांझेडीह, चन्दवारा, कोडरमा (चन्दवारा थाना के बगल)
4. रिपोर्टिंग के समय अभ्यर्थी को सत्यापन हेतु निम्न कागजात लाना होगा :-
   (क) प्रवेश पत्र की प्रति
   (ख) फोटोयुक्त पहचान पत्र की प्रति
   (ग) पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटोग्राफ
   (घ) शारीरिक दक्षता जाँच एवं दौड़ के पूर्व सभी प्रकार के दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। शैक्षणिक/ जाति/ स्थानीय/आचरण/आ०क०वर्ग (EWS)/झारखण्ड ओलम्पिक अथवा उससे सम्बद्ध संघो द्वारा आयोजित अधिकाधिक राज्य चैम्पियनशीप प्रतियोगिता में द्वितीय एवं तृतीय स्थान से संबंधित प्रमाण पत्र/दिव्यांग प्रमाण पत्र की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं उसकी स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति कार्यालय कार्य हेतु जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। दौड़ के पश्चात् कोई भी दस्तावेज सत्यापन का मौका नहीं दिया जायेगा।

**Category-wise Cut Off Marks**

| Gender | UR | BC-1 | ST | EWS | PWD |
|---|---|---|---|---|---|
| Male | 41 | 34 | NIL | NIL | NIL |

ह०/–
अपर समाहर्त्ता
कोडरमा

PR 338240 District (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,चतरा**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या– **24/2024-25/RWD/CHATRA** दिनांक– 05.10.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/ पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/148/ 2024-25 | टण्डवा | बचरा उत्तरी | महेश राम के घर से चतुरी राम के घर तक PCC पथ निर्माण | 1285100.00 | बारह लाख पचासी हजार एक सौ मात्र | 01 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/149/ 2024-25 | टण्डवा | बचरा दक्षिणी | बचरा मेन रोड से जयराम के घर से होकर विजय राम के घर तक PCC पथ निर्माण | 983100.00 | नौ लाख तेरासी हजार एक सौ मात्र | 01 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ CHATRA/150/ 2024-25 | टण्डवा | बचरा दक्षिणी | मेन रोड से वकील के घर से होकर प्रकाश लोहार के घर तक पथ निर्माण | 650500.00 | छः लाख पचास हजार पाँच सौ मात्र | 01 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/ CHATRA/151/ 2024-25 | टण्डवा | बचरा दक्षिणी | दुसरा मेन रोड से गोला राम के घर से शंकर राम के घर तक तक PCC पथ निर्माण | 748100.00 | सात लाख अड़तालीस हजार एक सौ मात्र | 01 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/ CHATRA/152/ 2024-25 | टण्डवा | किचटो | ग्राम होसीर में चांदो महतो के घर से गवाट स्थल तक गार्डवाल एवं PCC पथ निर्माण | 4381000.00 | तैंतालीस लाख इक्यासी हजार मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/ CHATRA/153/ 2024-25 | टण्डवा | किचटो | होसीर मेन रोड से टोली हसनातु तक पथ निर्माण | 6661500.00 | छियासठ लाख इकसठ हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
   विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 338197 Rural Work Department(24-25).D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 15/2023–24(5th Call)

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नांकित दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, यदि रोजगार हेतु सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त किये हों का प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 16.10.2024 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क्र0. सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 01 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 15.10.2024 |
| 02 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 02 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 15.10.2024 |
| 03 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 03 का साईज– 10' X 10' | 50000.00 | 500.00 | 15.10.2024 |

**नियम एवं शर्त्त–**

1. सभी दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया खुली डाक के द्वारा की जायेगी। साथ ही उच्चतम डाककर्ता के पक्ष में दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
2. आवेदक को दुकान के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में **500.00 (पांच सौ) रू0 नगद** जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त डाक की निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 15.10.2024 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को डाक में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी/सामायोजन नहीं की जायेगी।
3. दुकानो की खुली डाक उपस्थित आवेदको के बीच नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष में गठित समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
4. आवेदक को दुकान आवंटन होने के उपरान्त दुकान की कुल क्षेत्रफल का 8.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
5. उपरोक्त दुकानों का आवंटन स्थानीय मत्स्य बिक्रेताओं को किया जायेगा।
6. आवेदक को दुकान आवंटित हो जाने के उपरान्त डांक में बोली गई सम्पूर्ण राशि का **बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो** 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्ध कानुनी कारवाई की जायेगी।
7. डाक की राशि का समायोजन दुकान के निर्धारित किराये में नहीं किया जायेगा।
8. आवंटित दुकानों का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तो के अधिन डांक की पूर्ण राशि जमा होने के उपरांत अगले 15 वर्षो के लिए किया जायेगा।
9. दुकान आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
10. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
11. उपरोक्त डांक के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में ली जा सकती है।
12. उपरोक्त डाक को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 338234 Urban Development(24-25)#D

# बहुचर्चित आठ वर्षीय बालक हत्या कांड के हत्यारोपी रिजवान कोर्ट में किया सरेंडर

## गूगल व यूट्यूब की सर्च हिस्ट्री ने खोले कई राज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद में गत सितंबर माह में हुए आठ वर्षीय बालक अब्दुस समद उर्फ अलसमद को अगवा कर निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में पिछले एक साल से फरार चल रहे रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई सोमवार को कोडरमा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। ज्ञात हो की हत्यारोपी के गिरफ्तारी के लिए एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा गठित छापेमारी कर रही थी। वहीं फरार हत्यारे सिंटू कसाई के घर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेशानुसार दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के अंतर्गत उद्घोषण की तामिला कोडरमा पुलिस के द्वारा किया गया था। परंतु सिंटू कसाई न्यायलय में आत्मसर्पण नहीं करते हुए फरार चल रहा था। गौरतलब है कि गत 14 सितंबर 2023 को मामा की दुश्मनी में जलवाबाद निवासी रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई ने अबुबसर उर्फ राहिल और इरशाद आलम के नाबालिग पुत्र के द्वारा 8 वर्षीय बालक अलसमद का अपहरण कर गला दबा कर निर्मम हत्या कर शव को एक बंद घर में छुपा दिया था। तत्पश्चात् बच्चे का शव को तीन दिनों के उपरांत पुलिस ने बरामद किया था।



**पुलिस ने कोर्ट में दी थी कुर्की-जब्ती की अर्जी :** कोडरमा पुलिस ने रिजवान कसाई के घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के लिए भी कोर्ट में अर्जी दे रखी थी। तत्पश्चात् दो दिन पूर्व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा कुर्की जब्ती आदेश जारी किया गया। इसके बाद ही रिजवान कसाई कोर्ट पहुंचा और वहां उसने आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि कोर्ट पहुंचने की भनक पुलिस तक को नहीं लग सकी।

**सिंटू कसाई की संलिप्ता :** बालक की हत्या के दिन ही रात्रि में मुख्य आरोपित के द्वारा अपने पिता रिजवान अहमद सिंटू कसाई को घटना की सारी जानकारी देते हुए वाट्सअप पर अफवाह फैलाने के उद्देश्य से झूठा बच्चा चोरी का अफवाह फैलाते हुए विडियो भेजा था। साथ ही सिंटू कसाई ने अपने कुछ करीबियों के मदद से स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस को बच्चा चोरी का अफवाह फैलाकर दिग्भ्रमित कर दिया था। पुलिस जांचमेंयह मामला सत्य पायागया।

**गूगलऔर यूट्यूब की सर्च हिस्ट्रीने खोले कई राज :** गिरफ्तार अभियुक्तों से टेक्निकल सेल ने जब अबूबसर उर्फ राहिल के पास से जब्त मोबाइल की गूगल और यूट्यूब की सर्च हिस्ट्री खंगाली तो अभियुक्तों की मंशा स्पष्ट हुई। मासूम बच्चे की हत्या करने के कुछ दिन पहले ही राहिल और जुनैद ने यूट्यूब पर खूनी तस्वीर, किडनैपिंग सीआईडी, मनी गन, हाउ टू ब्लॉक वाइस, किसी को मैसेज करें और अपना नंबर न आए, किसी को फेक नंबर से कॉल कैसे करें, वाई टू सेकेंड सिम नाट सेविंग नेटवर्क, हत्या कर साक्ष्य कैसे छुपाएं जैसे सर्च किए थे। वहीं कांड के अभियुक्त और उसके पिता रिजवान उर्फ सिंटू कसाई के जब्त मोबाइल में एक दर्जन के करीब ईमेल एकाउंट भी मिले हैं, जो फर्जी नामों के बने हैं और पिता पुत्र में घटना के दिन से शव मिलने तक कई बार बात हुई, जबकि दोनों का लोकेशन एक ही जगह है। पुलिस डायरी में मिले कई साक्ष्य पुलिस के द्वारा अभियुक्तों से पूछताछ में सारे राज उगल दिए। सर्च हिस्ट्री में मर्डर से कुछ दिन पहले उसकी सुनियोजित तैयारी का पता चला। पुलिस ने इसे अपने केस डायरी में साक्ष्य के तौर पर न्यायलय में प्रस्तुत किया है। साथ ही कहा है कि इससे इनकी हत्या की मंशा स्पष्ट होती है।

### हत्या के कारण

कोडरमा थाने में पुलिस के समक्ष और चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए बयान में अभियुक्तों ने हत्या की बात स्वीकारते हुए कहा कि कुछ माह पहले उनके घर के समीप एक मदरसे में करीब एक लाख तीस हजार रुपए की चोरी की थी, जिसके उद्भेदन में मृतक बालक अलसमद के मामा ने अहम भूमिका निभाई थी। चोरी के पैसे उसने लौटा दिए पर परिवार की बदनामी हुई थी। इसी को बदले की भावना से उसने इनके भांजे अलसमद की हत्या की थी। जिसमें सिंटू कसाई शव को छिपाने और बच्चा चोरी की झूठी अफवाह फैलाई थी। बहरहाल घटना के बाद से ही अभियुक्त रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई फरार चल रहा था।

## एक नजर में

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में सहायक शिक्षक घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चंदाबाद के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक कमलेश कुमार राणा सोमवार को कौलेश्वरी मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए। वे विद्यालय में बनने वाले मध्यान भोजन के लिए राशन लाने के लिए गिद्धौर आ रहे थे। उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वे गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने पूर्व उपमुखिया सुरेश प्रसाद राणा को सूचित किया, जिन्होंने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर पहुँचाया। उन्हें बेहतर इलाज दिया गया और अब वे खतरे से बाहर हैं।

### तोड़-फोड़ की राजनिति पर टिकी है भाजपा: राजेश ठाकुर



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित टाउन हॉल परिसर में जन संवाद अभियान कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई नेता शामिल हुए। कार्यकताओं ने सभी नेताओं का स्वागत किया और फिर नेताओं ने कार्यकताओं को संबोधित किया।राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी में चुनाव लड़ने वालों की होड़ है, लेकिन वही प्रत्याशी चुना जाएगा जिसे कार्यकर्ता चुनेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि जो चुनाव लड़ना चाहते हैं, वे पहले जिले और विधानसभा में पार्टी के शीर्ष नेताओं और कार्यकताओं से मिलें, क्योंकि कार्यकर्ता ही उन्हें चुनाव जिताएंगे।

उन्होंने विपक्षी भाजपा पर भी हमला बोला और कहा कि भाजपा ने ईडी सहित अन्य जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। उन्होंने भाजपा की गोगो दीदी योजना की भी आलोचना की और कहा कि भाजपा राज्य सरकार की मईयां सम्मान योजना की नकल कर रही है।

## मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए सभी प्रकार की सुविधा सदर अस्पताल में उपलब्ध : सीएस



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई, जिसमें राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं परिवार नियोजन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये गये। वहीं सीएस डॉ. अनिल कुमार द्वारा बताया गाया कि मोतियाविन्द ऑपरेशन के लिए जिला में दो नेत्र विशेषज्ञ पदस्थापित है, मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए सभी प्रकार के सुविधा सदर अस्पताल में उपलब्ध है। वहीं परिवार नियोजन से संबंधित महिला बंध्याकरण, पुरूष बंध्याकरण कराने को लेकर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाकिारी को निदेश दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सिविल सर्जन एवं एसीएमओ से सम्पर्क करेंगे। वहीं एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के जितने आंख से संबंधित मरीज आते हैं उसे स्क्रीनिंग कर जो मरीज मोतियाविन्द से ग्रसित है, उसे तिथि निर्धारित कर सदर अस्पताल में ऑपरेशन कराने हेतु भेजें। वहीं मरीज को सदर अस्पताल लाने के लिए संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी वाहन की व्यवस्था करेंगे। वहीं नेत्र विशेषज्ञ डा. मनोज कुमार ने सभी नेत्र सहायक को बताया कि जिले में 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मोतियाबिन्द की जांच की जाय। वहीं डीपीएम महेश कुमार ने बताया कि जिला अन्तर्गत परिवार नियोजन से संबंधित महिला बंध्याकरण, पुरुष बंध्याकरण अधिक से अधिक कराने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में रावण दहन कर मना दशहरे का महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया मॉडर्न पब्लिक स्कूल में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व 'दशहरा' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर किड्स पैराडाइस के नन्हे-मुन्हें बच्चे श्री राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, रावण आदि के परिवेश में आकर सभी का मन मोह लिया और सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय परिसर में ही श्री राम और रावण के बीच युद्ध की लीला का संक्षिप्त मंचन के साथ विद्यालय की शिक्षिका प्रीति प्रसाद द्वारा रामचरित्र मानस की कथा छोटे बच्चों को सुनाई गई। वहीं विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार के द्वारा असत्य एवं बुराई रूपी रावण के पुतले का दहन किया गया और बुराई की पराजय का संदेश छात्रों को दिया गया। रावण दहन के पश्चात् छात्रों ने स्वतंत्र रूप से डांडिया नृत्य कर एक दूसरे के साथ अपनी खुशियां बांटी। वहीं प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने सभी छात्रों को नवरात्री की बधाई एवं दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है।



### ग्रिजली पब्लिक स्कूल में जोरशोर से मना वर्ल्ड एनिमल डे

**कोडरमा।** ग्रिजली पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड एनिमल डे के अवसर पर अनोखा उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कक्षा यूकेजी और कक्षा एक के बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं एनिमल डे के अवसर पर बच्चे तरह-तरह की पशुओं की पोशाक धारण कर स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं यूकेजी की छात्रा आयशा खान ने जानवरों के बारे में बातें बताई। तृषि, लौरिक, माब्या, अद्विका, अर्पिता, अनय आर्यन ने कविता सुना कर जानवरों के प्रति अपने स्नेह की अभिव्यक्ति की।

### डांडिया व गरबा नृत्य मां दुर्गा को समर्पित होती है : निदेशक

**कोडरमा।** चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में नवरात्र के शुभ अवसर पर डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमे सीनियर कक्षा की छात्राएं सहित सभी महिला शिक्षकों ने भी चढ़ पढ़ कर भाग लिया। सभी ने मिलकर डांडिया व गरबा नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं उपस्थित सभी शिक्षकेतर कर्मचारियों व बच्चों ने भी नृत्य पर खूब खुशियां मनाया। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि डांडिया व गरबा नृत्य मां दुर्गा को समर्पित होती है।

### सेविका सहायिकाओं का हड़ताल जारी

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी सेवाशर्त नियमावली में संशोधन, हर साल मानदेय बढ़ाने की प्रक्रिया सरल करने, पारा शिक्षकों की तरह वेतनमान व अन्य सुविधाएं, रिटायर्मेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त राशि देने एवं अंतिम मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन देने, वरियता के आधार पर सेविका को सुपरवाइजर के पद पर प्रमोशन देने, आदेशानुसार ग्रेच्युटी का भुगतान करने, पोषाहार राशि, आठ सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शनिवार से बेमियादी हड़ताल तीसरे दिन जारी रही।

### देवीपुर पंचायत के ग्रामीणों को पानी की घोर किल्लत

**कोडरमा।** जिले के देवीपुर पंचायत में पीने का पानी का घोर किल्लत देखने को मिल रहा है। जहां ग्रामीण पीने के पानी के लिए नदी किनारे एक चापाकल के भरोसे हैं। वहीं ग्रामीण शशिकांत पांडेय ने बताया कि हमलोग के घर में पानी तो है, लेकिन वो पीने योग्य नहीं है। हम सभी को पीने के पानी के लिए नदी किनारे चापाकल पर आना पड़ता है। अगर चापाकल खराब हो जाता है तो, नदी में चुआं बनाकर हमलोग पानी निकालकर पीते हैं।

### नवनिर्मित पंचायत भवन काराखुट का किया गया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत काराखुट में सोमवार को पंचायती राज्य विभाग द्वारा प्राप्त मद से नवनिर्मित पंचायत भवन काराखुट का शिलान्यास विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप सदस्य शांति प्रिया व पूर्व मुखिया धर्मेन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। लगभग एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस पंचायत भवन को एक वर्ष में पूरा करना है। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि नया पंचायत भवन के बन जाने के बाद लोगों को अपना कार्य करवाने में काफी सुविधा होगी एवं पंचायत का विकास और तेजी से होगा।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया जांच अभियान, किया सैंपल एकत्रित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** दशहरा व आगामी त्यौहार को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी ने कोडरमा क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जिसमें मैसर्स सुधा स्वीट्स में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य प्रतिष्ठान जैसे मिठाई दुकान, होटल, रेस्तरां एवं खुदरा दुकानों आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए मिठाइयों का सैंपल भी संग्रह किया। उन्होंने इन प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के साथ कारोबार करने का निर्देश दिया। खाना पकाने में साफ़ पानी का उपयोग करने, कर्मियों के स्वच्छता पर ध्यान देने, फूड सेफ्टी के अनुज्ञप्ति के साथ कारोबार करने वाले कारोबारियों से समान की खरीद करने, उचित लेबल के साथ खाद्य सामग्रियों का पैक करने और खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया गया। वहीं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार के मिलावटखोरी के विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी।

## अवैध शराब के विरुद्ध चला छापामारी अभियान, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आगामी दुर्गापूजा एवं विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गझंडी क्षेत्र के हथुआधरन गांव में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान लगभग 900 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया एवं मौके से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया। इस संबंध में विधि सम्मत करवाई की जा रही है।

# शांति समिति की बैठक कर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दिए कई निर्देश

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय की अध्यक्षता में दुगार्पूजा, दीपावली, छठ त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को कहा गया। साथ हीं बैठक में लिए गए निर्णय का पालन कराने को कहा गया।



बैठक में उपस्थित सदस्यों से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर विधि व्यवस्था बनाए रखने संबंधी चर्चा किया एवं सभी से अपनी-अपनी राय एवं सुझाव देते हुए सप्तमी से लेकर दशमी तक कुछ रास्ते को वन-वे करने, विसर्जन जुलूस का समय सीमा तय करने, सफाई कर्मी नियुक्त करने, बैरिकेटिंग, लाइट, पेयजल की व्यवस्था करने समेत अन्य सुझाव दिए गए।जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी से त्योहारों को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक एवं लाइसेंसी व गैर लाइसेंसी पंडालों की जानकारी ली गई। त्योहारों में सक्रिय होकर विधि व्यवस्था बनाए रखने संबंधित निर्देश देते हुए सभी को त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा पूजा समिति व मंदिर प्रबंधन समिति से अपील किया गया कि पूजा पंडालो में सीसी टीवी कैमरा अपने स्तर से लगाए। पंडालों में दो निकासी द्वार महिला एवं पुरूष, अग्निशामक, पूजा पंडाल में वोलेंटियर, पंडाल में बिजली कनेक्शन लेकर अच्छे से प्लास्टिक कोटेड तार लगाए। जिससे अप्रिय घटना घटने से बचा जा सके।

### अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम को लेकर टास्ट फोर्स की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम हेतु जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की गई। बैठक में 28 अगस्त 2024 को दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटरयान निरीक्षक को खनन क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहनों की निरंतर जांच करने और नियमों का पालन न करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभी तक अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध 44 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, 83 वाहन जप्त किए गए हैं और 84 वाहन अवैध परिवहन में जब्त किए गए हैं। कुल 11,23,532 रुपये की जुमार्ना राशि वसूल की गई है। उपायुक्त ने अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध शून्य कार्रवाई वाले अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें लगातार जांच अभियान चलाते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### अमरेंद्र कुमार सिंहा ने 25वें डीडीसी के रूप में पदभार ग्रहण किया

खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** सोमवार को डीडीसी पवन कुमार मंडल ने नवनियुक्त डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिंहा को पदभार सौंपा। पदभार सौंपने के बाद, निवर्तमान डीडीसी पवन कुमार मंडल ने चतरा के लोगों की प्रशंसा की और कहा कि यहाँ के लोग बहुत अच्छे हैं। 25वें डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिंहा ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि वह वर्तमान विकास कार्यों में तेजी लाएंगे और अधिकारियों और कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पारदर्शी विकास करने का प्रयास करेंगे।



उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल विधानसभा चुनाव को लेकर व्यस्तता रहेगी।

### बरियारडीह पिकेट हटाये जाने के विरोध में ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित बरियारडीह चौक पर बरियारडीह पिकेट हटाये जाने के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों ने एक घंटा सड़क जाम कर दिया। जिस कारण आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ा। वहीं सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा एवं एसआई विशाल कुमार ने पहुंच कर लोगों को समझा बूझकर सड़क जाम को हटवाया। ज्ञात हो कि पिकेट हट जाने के बाद बरियारडीह के अगल बगल क्षेत्रों के लोगो ने एसपी को एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर पुलिस पीकेट नहीं हटाने की मांग की थी। पोषक क्षेत्र के लोगों ने आवेदन में कहा था कि बरियारडीह पुलिस पीकेट लगभग दो दशक से लगाया गया था, जब वहां माओवादी का बोलबाला था। अभी फिलहाल आला अधिकारियों के द्वारा पुलिस पिकेट को हटा लेने का आदेश जारी किया गया है, इसके विरोध में बरियारडीह, डोंगोडीह, मूर्कमनाय, डगरनवां, नवलशाही, खेशमी आदि कई गांव के लोगों ने एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन एसपी को दी थी और कहा था कि पीकेट को बरियारडीह से नहीं हटाया जाए।

# एसएसपी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, समितियों को दिये निर्देश

## सरगांव में सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीण और घर को तोड़ डाला



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के बीच संपन्न कराने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सोमवार को एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। एसएसपी के नेतृत्व में बाइक पर सवार पुलिस पदाधिकारियों का दल जिले के कई क्षेत्रों से होकर गुजरा। निरीक्षण के दौरान पुलिस दल हीरापुर, झारखंड मैदान, लूबी सर्कुलर रोड, सिटी सेंटर, बेकरबाँध, रांगातांड, बैंकमोड, धनसार चौक, नया बाजार, वासेपुर, भूली, पॉलिटेक्निक होते हुए गुजरा। एसएसपी ने पंडालों का निरीक्षण करते हुए समिति के सदस्यो को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। कहा कि सभी जगहों पर पर्याप्त बल तैनात कर दिया गया है। पंडालों व मेले की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर सभी पूजा समितियों से सजग रहने को कहा। कमिटियों को पर्याप्त वोलेंटियर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। आसामजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में बड़ी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी क्षेत्रों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। शरारती तत्वों से सख्ती से निपटने के लिए पुलिस को हर समय तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। पुलिस की विशेष टीम सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर निगरानी रख रही है। लावारिस वस्तु को न छुने और किसी भी तरह के संदेहास्पद व्यक्ति की सूचना हेल्पलाइन नम्बर 112 या फिर पुलिस कंट्रोल रूम के नम्बर 8210840901 अथवा 03262311217 पर जानकारी देने की अपील की। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे। निरीक्षण में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह समेत कई पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## संत मैथ्यूज स्कूल में मना दुर्गोत्सव
### बच्चों ने पेश किये मां दुर्गा के नौ रूप

**राजगंज।** हटिया स्थित संत मैथ्यूज हाई स्कूल में सोमवार को दुर्गोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूप को नृत्य के जरिये प्रदर्शित किया। धुनुची नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। बच्चों ने महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका की जीवंत प्रस्तुति दी। जूनियर विंग के बच्चों में फैंसी ड्रेस का आयोजन किया, जिनमें मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, सरस्वती एवं रामजी के स्वरूप देखने को मिले। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता भी हुई। छात्रा प्रिया कुमारी ने दुर्गा पूजा के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य राहुल कुमार दे ने कहा कि दुगार्पूजा आस्था, संस्कृति, सहयोग और शक्ति के समन्वय का पर्व है। यह पर्व जीवन की नीरसता को तोड़कर उसमें उमंग एवं उल्लास का संचार करता है। दुगार्पूजा सात्विक शक्तियों को जागृत करती है। कार्यक्रम के अंत में निर्देशक रबिन्द्र चंद्र दे ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।



## क्रॉसवे बिल्डिंग डांडिया नाइट में विधायक पूर्णिमा ने भी दिया साथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सरायढेला स्थित क्रॉसवे बिल्डिंग के लेवल अप टर्फ एंड कैफे के टर्फ गेमिंग एरिया में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। डांडिया नाइट का शुभारंभ मां दुर्गा की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर झरिया की विधायक नीरज पूर्णिमा सिंह मौजूद थी। उन्होंने महिलाओं के संग डांडिया नृत्य किया। उन्होंने गरबा नृत्य में सम्मिलित सभी लोगों,आयोजक और धनबाद वासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही लेवल अप टर्फ एंड कैफे के सभी पार्टनर्स यश शाह,तनुज पोद्दार, पीयूष सतनालिका और मोहित पोद्दार को डांडिया नाइट के शानदार आयोजन के लिए और धनबाद में पहली बार मेट्रो की तर्ज पर सरायढेला जैसा व्यस्ततम इलाके में चौथे तल्ले (छत) पर एकतरफ कैफे में स्वादिष्ट जायकेदार व्यंजन का आनंद और सामने बने जालीदार एवं सुरक्षित टर्फ गेमिंग एरिया में परिवार के सदस्यों एवं दोस्तों संग खेल व मनोरंजन की व्यवस्था के लिए बधाई दी।

स्पीड न्यूज

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने धनबाद से चुनाव लड़ने की जताई इच्छा



**धनबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नवनीत नीरज ने सोमवार को रांची में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमिटी के चेयरमैन गिरीश चोडनकर प्रकाश जोशी, स्क्रीनिंग कमिटी की सदस्य पूनम पासवान से मुलाकात की। चुनाव को लेकर पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि संगठन से संबंधित बातचीत हुई है। यदि धनबाद विधानसभा सीट से पार्टी मुझे टिकट देकर विश्वास जताती है तो निश्चित रूप से उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पार्टी की झोली में डालने का काम करूंगा।

### 240 से अधिक आदिवासी छात्रों को आईआईटी ने दिया प्रशिक्षण

**धनबाद।** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्राइबल डेवेलपमेंट कार्यक्रम के तहत आईआईटी (आईएसएम) के संकाय सदस्यों ने सोमवार को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सिंदरी, पश्चिम सिंहभूम के 240 से अधिक आदिवासी छात्रों को आईटी और कंप्यूटर शिक्षा की जानकारी दी है। जनजातीय विकास केंद्र की समन्वयक प्रो रश्मि सिंह के नेतृत्व में टीम ने लाभार्थी छात्रों के साथ बातचीत की और क्षमता निर्माण कार्यक्रम के रूप में दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीलाद्री दास की टीम ने जनजातीय छात्रों को प्रशिक्षण के लाभ से अवगत कराया। ज्ञात हो कि आईआईटी में जनजातीय विकास के लिए सीओई द्वारा इस वर्ष 1 जुलाई से कुल सात एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में बुनियादी और उन्नत स्तर का सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल, धनबाद रेफर

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहेबगंज हाईवे में नतूनडीह के समीप सोमवार सुबह करीब 8 बजे सड़क दुर्घटना में एक महिला और एक युवती घायल हो गई। घटना के बाद दोनों घायलों का इलाज सीएचसी नारायणपुर में करने के बाद चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति को गंभीर देख धनबाद रेफर कर दिया। अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के करमोई-सलैया निवासी इनायक उल्ला की 49 वर्षीय पत्नी तुरेन निशा और उनकी 15 वर्षीय पुत्री आयशा मुर्गाडीह गांव से पुत्र के साथ बाइक पर पीलिया का इलाज कराने जा रहे थे। तभी थाना क्षेत्र के नतूनडीह के समीप बाइक के चक्का में दुपट्टा फंस जाने के कारण दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गया।

# हेमंत सरकार ने किया भाजपा नेताओं का भी बिजली बिल माफ : डॉ इरफान

## शिविर में योजना के तहत बांटा गया माफी प्रमाण पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत झारखंड बिजली वितरण निगम ने घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण शिविर लगाया। नारायणपुर प्रखंड मुख्यालय प्रंगण में बिल माफी का प्रमाणपत्र मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बांटा। कार्यपालक अभियंता अभिषेक आनन्द ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि जिस उपभोक्ता का 200 यूनिट मासिक या 24 सौ यूनिट वार्षिक खपत है, उसका बिजली बिल माफ किया जा रहा है। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शिविर में नारायणपुर के सैकड़ों उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी का प्रमाण-पत्र दिया। धोती साड़ी वितरण योजना की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार गरीब, मध्यम वर्ग, आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है, जो विभिन्न प्रकार के ऋण के बोझ तले दबे हुए थे, उन्हें ऋणमुक्त करने का काम कर रही है। वर्ष 2013 के बाद ग्रामीण उपभोक्ता बिजली बिल नहीं चुका पाने के कारण काफी परेशान थे। मुख्यमंत्री झारखंड में पुराना बिजली बिल माफी योजना लेकर आए और 200 यूनिट फ्री बिजली देने का काम किया। किसानों के दो लाख रुपये तक के केसीसी ऋण माफ किया। डॉ अंसारी ने कहा कि भाजपा नेता और उनके परिवारों का बिजली बिल भी हेमंत सरकार ने माफ किया है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के 7 लाख 25 हजार,सीपी सिंह 13 लाख 25 हजार,भानुप्रताप शाही 18 लाख 36 हजार,नवीन जयसवाल 12 लाख 50 हजार,दीपक प्रकाश 26 लाख नेताओ और उनके परिवार के बिजली बिल माफ कर दिया।

### मंत्री ने बिना माइक शिविर को किया संबोधित

मंत्री डॉ इरफान अंसारी शिविर को संबोधित कर रहे थे, तभी बिजली कट गई। मंत्री ने कार्यपालक अभियंता को हटाने की बात कह डाली। हालांकि कार्यपालक अभियंता सामने बैठे थे। बिजली दुरुस्त करने को कह मुस्कुराये और बिना माइक से ही शिविर का संबोधन शुरू कर दिया। हालांकि कुछ मिनट बाद बिजली पुन: बहाल हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव,अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता,बीस सूत्री अध्यक्ष बीरबल अंसारी, प्रमुख अंजना हेम्ब्रम, लालू अंसारी, बिजली कर्मी कन्हैया लाल ओझा, बिजली मिस्त्री दिलीप मंडल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल निरसा में नवरात्र महोत्सव

**मैथन।** डीएवी पब्लिक स्कूल, निरसा में सोमवार को नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा स्तुति के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य शुभाशीष चट्टाराज ने बच्चों को दुगार्पूजा, नवरात्र एवं रावण वध की महत्ता से अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों एवं महिषासुर वध की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। हे राम रे सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोवाली भजन ने सबको मोहित कर दिया। छात्राओं ने ऐ गिरी नंदिनी गीत प्रस्तुत कर सभी को आकर्षित किया। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा नारी की शक्ति पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। बंगाली नृत्य तथा मां दुर्गा के नौ रूप की सुन्दर झांकी और महिषासुर वध के दृश्य ने सबको भाव विभोर कर दिया। अंत में प्राचार्य शुभाशीष चट्टाराज ने विद्यालय परिवार की तरफ से सभी विद्यार्थियों, शिक्षक - शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

## एक नजर में

### लोयला स्कूल तालडांगा में मना दुर्गोत्सव




**मैथन।** चिरकुंडा क्षेत्र के लोयला स्कूल तालडांगा में सोमवार को दुर्गात्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन नृत्य के माध्यम से किया। बच्चों की प्रस्तुति देख अभिभावक एवं बच्चे भाव विभोर हो गए। मौके पर उपस्थित स्कूल के प्राचार्य जानी पी देवासिया एवं फादर ए अल्फान्स ने कहा कि दुर्गापूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ये दस दिनों तक चलने वाला पवित्र पर्व है। दुर्गा मां अच्छाई की प्रतीक हैं।

### झमाडा कर्मियों के आश्रितों ने मुख्यमंत्री व प्रभारी एमडी का किया श्राद्ध



**धनबाद।** अनुकंपा पर नौकरी की मांग को लेकर झमाडा कार्यालय के समक्ष पिछले 958 दिनों से धरना पर बैठे झमाडा कर्मियों के आश्रितों ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व झमाडा के प्रभारी एमडी रविराज शर्मा का श्राद्ध कर दिया। दोनों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धरनार्थियों का कहना था कि झमाडा एमडी सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। हमलोग लंबे समय से धरना पर हैं, लेकिन हमारी एक नहीं सुनी जा रही है, जबकि झमाडा में बाहरी लोगों को काम दिया जा रहा है। लेकिन मृत कर्मियों के आश्रितों के लिए इनके पास कोई प्रावधान नहीं है। इसके बाद भी सरकार ने हमारी बात नहीं सुनी तो हमलोग 15 अक्टबूर को रणधीर वर्मा चौक पर सामूहिक आत्मदाह करेंगे।

### यौन शोषण के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया अदालत का इश्तेहार



**कतरास।** बाघमारा महिला थाने की पुलिस सोमवार को बरोरा पहुंची, जहां बरोरा पुलिस के सहयोग से खोखीबिगहा निवासी श्रीराम चौहान के आवास पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी वर्षा रानी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप है। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी फरार हो गया।

### मुआवजे की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**धनबाद।** अत्यधिक बारिश से फसलों के नुकसान को लेकर सोमवार को रणधीर वर्मा चौक पर जिले के किसानों ने भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि अधिक बारिश के कारण धान के साथ सबसे ज्यादा नुकसान सब्जियों का हुआ है। आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। लेकिन सरकार इस मामले में कोई सुध नहीं ले रही है। समय पर मुआवजा नहीं मिला तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। प्रदर्शन के बाद किसानों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रखंड स्तर पर विशेष टीम गठित कर वास्तविक नुकसान का आकलन करने, आपदा राहत कोष से प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने, वर्ष 2024-25 की धान अधिप्राप्ति सत्र में किसानों को प्रति क्विंटल 500 रुपये का बोनस देने की मांग की।

## रंजय हत्याकांड : जप्त स्कूटी, खोखा को पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

**धनबाद।** पूर्व विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में सोमवार को मॉलखाना प्रभारी ने अदालत की सख्ती के बाद आखिरकार मौके ए वारदात से जब्त किए गए स्कूटी एवं गोली के खोखा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत मे पेश किया। बीते चार तारीख से पुलिस जप्त प्रदर्शों को पेश नहीं कर रही थी ।सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित व सूचक के अधिवक्ता मो जावेद के निवेदन पर अदालत ने उसे वस्तु प्रदर्श के रूप मे अंकित किया। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया । वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे । बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है ! पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था ! जबकी चंदन शर्मा ,हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है।

## रोहड़ाबांध में खुला केनरा बैंक का सिंदरी ब्रांच

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी ।** सिंदरी थाना के सामने रोहडाबांध स्थित आवास संख्या इ वन में केनरा बैंक की शाखा का उद्घाटन सोमवार को बैंक के अंचल महाप्रबंधक सुजीत कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड में केनरा बैंक की कुल 190 शाखाएं हैं और राज्य के विकास में केनरा बैंक अपना योगदान दे रहा है। इसके पूर्व प्रबंधक अनिल मल्लिक ने महाप्रबंधक सुजीत कुमार साहू को पौधा देकर सम्मानित किया। अंचल महाप्रबंधक ने कहा कि 1974 में सिंदरी के मनोहरटांड़ मार्केट कांप्लेक्स में केनरा बैंक की शाखा खोली गई थी। 50 वर्षों के बाद मनोहरटांड़ की शाखा की स्थिति जर्जर होने के कारण इस शाखा को रोहड़ाबांध में नयी शाखा के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इस अवसर पर आमंत्रित उपभोक्ताओं ने अंचल महाप्रबंधक से लोन सुविधा को सहज बनाने और आसपास एटीएम मशीन लगाने का आग्रह किया। परिसर में महाप्रबंधक द्वारा पौधरोपण किया गया और ग्राहकों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि सिंडिकेट बैंक को कैनरा बैंक में समायोजित किया गया है। इसमें सिंडिकेट बैंक के ग्राहक भी सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। मौके पर केनरा बैंक क्षेत्रीय सहायक महाप्रबंधक अंतिम जैन तूफान, सिंदरी शाखा प्रबंधक कुलदीप रजक, शहदाब आलम, दुर्गेश सिंह, एफसीआई सिंदरी संपदा अधिकारी देवदास अधिकारी, जयराम सिंह यादव, ददन सिंह, डॉ एस एस साहू, सच्चिदानंद सिंह, जगदेव सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# वेतनमान की मांग को लेकर सेविकाओं का धरना

## धरना के कारण एलसी रोड में लगा लंबा जाम, राहगीर हुए परेशान



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** वेतनमान की मांग को लेकर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाएं सोमवार को रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गई। काम बनाता हिंदुस्तान, भारत का मजदूर किसान, हेमंत सरकार होश में आओ, औरत से टकराना महंगा पड़ेगा आदि नारे लगाये। धरना के समर्थन में पहुंचे विधायक राज सिन्हा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की वादाखिलाफी के कारण आज बहनों को सड़क पर कड़ी धूप में बैठना पड़ा है। ये लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रही हैं। पिछले चुनाव के समय हेमंत सोरेन ने कहा था कि हमें वोट दो, मुख्यमंत्री बनने के बाद सबको स्थायी कर देंगे और वेतनमान भी लागू किया जायेगा। लेकिन कुछ नहीं किया। अब तो इन्हें मानदेय भी समय पर नहीं मिलता है। इसलिए ये लोग भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में आज धरने पर हैं। वहीं धरना में शामिल सेविका रीता सिंह ने कहा कि अब हमें मानदेय नहीं चाहिए, वेतमान चाहिए। जबतक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती, हम यहां से हिलने वाले नहीं हैं। सरकार हमलोगों से बच्चों की देखभाल के साथ मलेरिया, फलेरिया की दवा बंटवाने के साथ बीएलओ बनाकर चुनाव का सब काम कराती है। लेकिन मानेदय इतना कम देती है कि गुजर बसर भी नहीं कर सकते। हमें ना रिटायमेंट का लाभ मिलेगा ना ही पेंशन। बावजूद पूरी ईमानदारी के साथ काम करते हैं। लाल कार्ड भी नहीं बनाने दिया जाता है। अब हम शांत नहीं होंने वाले है, अपना हक लेकर रहेंगे।

### जाम से परेशान रहे लोग

ज्ञात हो कि रणधीर वर्मा चौक पर किसान और आगनबाड़ी सेविकाओं के धरना, दुर्गापूजा की खरीदारी और पुलिस के फ्लैग मार्च के कारण जाम स्थल बन गया। चौक सहित पूरा एलसी रोड घंटों जाम रहा। धरना के कारण पुलिस को भी अपना रास्ता बदलना पड़ा। आम लोग घंटों परेशान रहे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## टाटा मोटर्स : 15 कर्मियों को मिला मेडिकल लाभ

**जमशेदपुर।** सोमवार को मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमेटी की बैठक हुई। बैठक में अगस्त और सितंबर 2024 में जमा हुए सभी आवेदनों पे विचार विमर्श किया गया। जिसमें कुल मिलाकर 24 आवेदनों में से 15 को नियमानुसार उचित पाया गया। लाभुकों को लगभग 6 लाख 12 हजार रुपये की राशि का लाभ मिला। लाभुकों के नाम क्रमशः है :- संजीत कुमार यादव, गगन विशाल सिंह, अमित कुमार, मास्टर राहुल, नंद किशोर तिवारी, रंजीत कुमार, रिंकू सिंह, योगेंद्र मौआर, अनूप कुमार शर्मा, निर्पेन्द्र कुमार, पिंटू राय, धीरेन्द्र कुमार शशि, तेजपाल सिंह और रूपेश कुमार सिंह। बैठक में सेक्रेटरी श्री वर्सिल सहाय, डॉक्टर श्री एस एल श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, एच एस सैनी, अजय भगत, अमित कुमार सिंह और मनोज शर्मा उपस्थित हुए।

## गुड़ाबांदा प्रखंड में अवैध भंडारित 8000 सीएफटी बालू जब्त



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार खनिजों के अवैध भंडारण, परिवहन एवं उत्खनन के विरुद्ध औचक छापेमारी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला खनन पदाधिकारी सतीश नायक एवं खान निरीक्षक ने गुड़ाबांदा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया, जिसमें ग्राम बनमाकड़ी में बालू खनिज लगभग 8000 सीएफटी का अवैध भंडारण पाया गया। बालू खनिज को जब्त कर ग्राम प्रधान को जिम्मेनामा पर दिया गया है, साथ ही अवैध भंडारणकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। वहीं बहरागोड़ा अंचल के पानीपारा बालू घाट का भी औचक निरीक्षण किया गया जहां बालू खनिज का अवैध परिवहन करते कोई वाहन नहीं पाये गये।

## जिप निधि से बनने वाले सड़क और जलमीनार का हुआ शिलान्यास



**चांडिल।** प्रखंड के फदलोगोड़ा मे 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत आवद्ध /अनावद्ध मद से स्वीकृत अनिल महतो के घर से शिष्टपद गोप के घर तक 4 सौ फीट पीसीसी व सिमा गोड़ा पाथरडीह में राकेश हेंब्रम के घर के सामने जलमिनर निर्माण कार्य का विधायक सविता महतो एवं जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायेक ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा 15 वें वित्त आयोग से दोनों योजनाओं का निर्माण करीब 13 लाख की लागत से होगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, मुखिया बिदू मुर्मू, पंसस माधवी सिंह, राहुल वर्मा, सुब्रतो नाग, प्रदीप महतो, संजय प्रमाणिक, दिलीप महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## झामुमो और कांग्रेस की वादाखिलाफी के खिलाफ है पंच-प्रण : दिनेश कुमार



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार के उस बयान पर विरोध जताया जिसमें उन्होंने भाजपा के पंच-प्रण को जुमला बताया। रविवार देर शाम को भाजपा नेता दिनेश कुमार की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि, भाजपा द्वारा घोषित गोगो योजना की महिलाओं के मध्य सर्व-स्वीकार्यता से झारखंड की कांग्रेस और झामुमो गठबंधन की सरकार घबरा गई है। भाजपा की शिविरों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ने से डॉ. अजय कुमार सरीखे नेताओं परेशान हैं, दरअसल ये भय और परेशानी उन्हें अपनी वोट बैंक खिसकने के कारण है।

# टाटा मोटर्स : नये प्लांट हेड सुनील तिवारी 15 से संभालेंगे पदभार

- टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ पहुंचे वर्तमान प्लांट हेड
- यूनियन ने किया रवींद्र कुलकर्णी का भव्य स्वागत,उनके व्यवहार व नेतृत्व की प्रशंसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



वर्तमान प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी का पुणे प्लांट में तबादला होने पर यूनियन पहुंचे तो उनका अभिनंदन किया गया।

**जमशेदपुर।** 7 अक्टूबर 2024 को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में टाटा मोटर्स के वर्तमान प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी औपचारिक मुलाकात करने यूनियन कार्यालय पहुंचे। उनके साथ में एचआर हेड मोहन गंट और ई आर हेड सौमिक राय मौजूद हुए।

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह एवं महामंत्री श्री आर के सिंह ने प्लांट हेड रविन्द्र कुलकर्णी को शॉल ओढा कर साथ में यूनियन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर प्लांट हेड के तौर पर जमशेदपुर प्लांट में उनके सहयोग की विस्तृत चर्चा की। बता दें कि रवींद्र कुलकर्णी का बतौर प्लांट हेड टाटा मोटर्स के पुणे प्लांट में तबादला हो गया है।

इस अवसर पर महामंत्री श्री आरके सिंह ने कहा की श्री रविंद्र कुलकर्णी टाटा मोटर्स के प्लांट हेड के तौर पर गुणवत्ता और सेफ्टी के क्षेत्र में काम करते हुए उत्पादन का रिकॉर्ड मापदंड जब जैसी आवश्यकता हुई पूरी की है। तमाम मजदूर को साथ लेकर आवश्यकता को पूरा करने का काम किया इनके साथ बड़े ही तालमेल के साथ यूनियन मजदूर के तमाम मसलों को हल कर पाई। अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि इनका सरल एवं सौम्य स्वभाव सभी को पसंद आता रहा है। सरल व्यवहार से सभी काम बड़ी ही सुलभता से प्लांट हेड महोदय निकाल लेते हैं। यह इनकी व्यक्तित्व की खासियत है।

प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने कहा कि जो बेहतर कार्य हो रहा है उसे लगातार करते रहना है। जो कमियां है उसे पर मिलकर के काम करते हुए उसे दूर करना है तथा भविष्य निर्माण के लिए लगातार प्रयास जारी रखना है। इन तीनों मूल मंत्र के साथ हम सभी लोग आगे बढ़ सकते हैं। आने वाले 15 तारीख से टाटा मोटर्स के नए प्लांट हेड के तौर पर श्री सुनील कुमार तिवारी अपना योगदान देंगे। उनके संबंध में भी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा सुनील कुमार तिवारी जी कि टाटा मोटर्स जमशेदपुर से पूरी तरह परिचित है इसके साथ उन्होंने कई कंपनियों में अपना सहयोग दिया है। आज के समय उन जैसा प्रतिभावान व्यक्तित्व का जमशेदपुर प्लांट की आवश्यकता है और वह यहां आकर बड़े ही सुलभ ढंग से सभी के साथ बेहतर तालमेल के साथ कंपनी को आगे बढ़ने का काम करेंगे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया और मंच का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

### जुबिली पार्क में आने वाले स्कूली बच्चों से छिनतई और मारपीट करने वाले गैंग का भंडाफोड़

# तीन नाबालिग समेत कुल आठ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सिटी एसपी ऋषभ गर्ग गिरफ्तार अपराधियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते हुए।

**जमशेदपुर।** जुबिली पार्क में तफरीह करने आने वाले छात्र-छात्राओं को डरा-धमका कर छिनतई, वसूली और मारपीट करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए जमशेदपुर पुलिस ने तीन नाबालिगों समेत कुल 8 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से यूपीआई से ट्रांसफर कराये गए रुपये,छिने गई मोबाइल आदि को बरामद किया है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों में अधिकांश युवक आदित्यपुर के हैं। **इनके नाम हैं :** आदित्यपुर रोड नंबर 5 निवासी विशाल कुमार 19 वर्ष, आदित्यपुर रोड नंबर-10 के ईडब्ल्यूएस 10/12 निवासी गोलु कुमार सिंह 20 वर्ष, बाबा आश्रम आदित्यपुर रोड नंबर-1 दिवासी आदित्य राज सिंह 19 वर्ष, बंता नगर, आदित्यपुर निवासी पंकज कुमार 19 वर्ष और रवि कुमार 19 वर्ष शामिल हैं। इसके अलावा तीन नाबालिग भी गिरफ्तार किये गये हैं।

जमशेदपुर के सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि बिष्टुपुर स्थित जुबली पार्क के पास से ऐसी घटना होने की बात सामने आ रही थी जिसमें 6-7 की संख्या में अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा स्कुल में पढने वाले लडके को मारपीट करते हुये अपनी मोटरसाईकिल में बैठाकर अपहरण करते हुये आदित्यपुर पुल पार ले जाकर उसका मोबाईल व पैसा छिन करके एवं लड़को से अपने फोन पे पर पैसा ट्रॉसफर करवा कर छोड दिया जाता था। इस तरह की घटित घटना के आलोक में

1. बिष्टुपुर थाना कांड संख्या-306/24 दिनांक-05.10.24 धारा-126 (2)/ 127(2)/ 115(2)/137(2)/140(3)/ 134/307/308(5)/352/351 (2)/3(5) बीएनएस।
2. बिष्टुपुर थाना कांड संख्या-307/24 दिनांक-05.10.24 धारा-126(2)/ 127(2)/ 115(2)/ 137(2)/ 140(3)/ 134/ 307/ 308(5)/ 352/ 351(2)/ 3(5) बीएनएस,
3. बिष्टुपुर थाना कांड सं0 296/24 दि0 25.09.24 धारा 126 (2)/ 127(2)/ 115(2)/ 137(2)/ 140(3)/ 134/ 307/ 352/ 351(2)/ 3(5) बीएनएस कांड पंजीकृत किया गया।

उक्त गिरोह का उद्दभेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेर्शानुसार पु०उपा० महोदय सी0सी0आर0 की देखरेख में पु०नि०-सह-थाना प्रभारी के द्वारा अपनी नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किये जिसमें घटनास्थल के आस-पास के सी०सी०टी०वी० फुटेज, टेकनिकल टीम की सहायता एवं गुप्तचरो की मदद से इस तरह की घटना में संलिप्त सभी अपराधियों को धर दबोचा गया। कुल 08 लोगो (05 बालिग) को गिरफतार एवं 03 को निरुध किया गया है। जिसमें से सभी के पास से चोरी व छिनतई किये गये 7 मोबाईल भी बरामद हुये है एवं कांड में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल एवं एक स्कुटी को बरामद कर जप्त किया गया। सिटी एसपी ने बताया कि उपरोक्त तीनों कांडो का उद्भेदन करते हुए अपराध में शामिल सभी अभियुक्त गिरफ्तार किये गये।

## राज्यपाल रघुवर दास ने किया हिंद क्लब रानीकुदर के पूजा पंडाल का उद्घाटन



रानीकुदर में हिन्द क्लब दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन करते ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास। साथ में पूजा कमेटी के अध्यक्ष नंदजी प्रसाद व भाजपा के पूर्व अध्यक्ष गुंजन यादव।

# भाजपा के बांटो और राज करो के खिलाफ एकजुट होने का समय है : डॉ अजय कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### डॉ अजय ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के नाम लिखा खुला पत्र



जमशेदपुर पूर्व से संभावित कांग्रेस प्रत्याशी डा अजय।

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने सोमवार को जमशेदपुर के सभी कांग्रेसी कार्यकताओं एव नेताओं के नाम पत्र लिख कर उनसे एकजुट रहने का आह्वाहन किया। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि भाजपा की बांटो और राज करो नीति के खिलाफ एकजुट रहने का समय है। अंग्रेजों की तरह बीजेपी भी बांटो और राज करो की नीति में विश्वास करती है। जिसका हमें सामना करना है और भाजपा की डिवाईड एवं रुल की नीति के संबंध में लोगों को जागरुक करना हम सब की जिम्मेवारी है।

डॉ अजय ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा समाज में नफरत फैला कर लोगों को बांटने का कार्य कर रही है। उनका एक ही मकसद है फूट डालो और राज करो जो भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। भारत विविधताओं का देश है। यहां हर जाति औ? धर्म के लोग आपस में भाईचारे के साथ रहते हैं। भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है और यही इसकी पहचान एवं खुबसुरती भी है। जो भाजपा के लोगों को पसंद नहीं। कांग्रेस सभी धर्मों एवं जातियों का सम्मान करती है। हमारी कोशिश समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाना है। झारखंड की इंडिया गठबंधन की सरकार इसी नीति पर कार्य कर रही है।

# पटमदा में विधायक मंगल कालिंदी ने किया ग्राम प्रधान भवन का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



भवन का उद्घाटन करते ग्राम प्रधान व उपस्थित विधायक मंगल कालिंदी।

**पटमदा/जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के विधायक निधि से पटमदा के बिरसा चौक में निर्मित ग्राम प्रधान भवन का उद्घाटन सोमवार को विधायक के उपस्थिति में सेवानिवृत्त शिक्षक सह ग्राम प्रधान मदन मोहन व ग्राम प्रधान सुधीर चंद्र टुडू के हाथों से फीता काटकर किया गया। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्राम प्रधान संघ के भवन निर्माण की मांग वर्षों पुरानी थी। जिसे आज पूरा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भवन बन बन जाने से अब ग्राम प्रधान संघ की कोई भी कार्यक्रम अब यंही संपन्न होगा। विधायक श्री कालिंदी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चौमुखी विकास का कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि यंहा के किसानों को सालों भर खेती के लिए सिंचाई हेतु चांडिल डैम से पानी लाने का काम किया जा रहा है।

## टाटा मोटर्स के सेवानिवृत कर्मियों को यूनियन ने दी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सोमवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन प्रांगण में सेवानिवृत्त हुए लोगो का सम्मान शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह दे कर अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह जी के द्वारा किया गया। सेवानिवृति कर्मचारियों के द्वारा यूनियन को कई सुझाव दिए गए और यूनियन के द्वारा किये गए कार्यों की सभी मे प्रशंसा की। सम्मान समारोह में महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि आप सबका सुझाव हम लोगों के लिए नए कार्य करने का नया रास्ता बनाता है। बताते हुए काफी हर्ष हो रहा है सुझाव जो आपके माध्यम से आते हैं हम लोग प्रबंधन से बात कर उसे इंप्लीमेंट या लागू करने का काम करते हैं और इसी तरह से टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन आपके सुविधाओं को इजाफा करने का काम करती रही है। हम लोगों को काफी खुशी होती है आपके द्वारा

# हेमंत सरकार ने योजनाओं से खींची विकास की लंबी लकीर : जोबा माझी

- सदर प्रखंड चाईबासा के बड़ा लगिया में सांसद का हुआ अभिनंदन, सांसद ने राज्य सरकार की गिनायी उपलब्धियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सांसद जोबा माझी का अभिनंदन करते ग्रामीण।

**चाईबासा/जमशेदपुर।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने कहा केंद्र सरकार दस साल से जुमलेबाजी कर देश को गर्त में धकेलने का काम किया हैं। लेकिन राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की लंबी लकीर खींची हैं। सांसद सोमवार को चाईबासा सदर प्रखंड के बड़ा लगिया हाट बाजार परिसर में ग्रामीणों की ओर से आयोजित अभिनंदन सह मिलन समारोह में बोल रही थीं। सांसद ने हेमंत सोरेन सरकार की मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, बकाया बिजली बिल माफी योजना, कृषि ऋण माफी समेत उपलब्धियों की जानकारी देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने वन अधिकार पट्टा का उल्लेख करते हुए कहा शहीद देवेंद्र माझी के संघर्ष और बलिदान की वजह से ये कानून लागू हो सका। इससे पूर्व ग्रामीण और विभिन्न ग्राम मुंडाओं ने फूलों का गुलदस्ता एवं माला पहनाकर सांसद का स्वागत और अभिनंदन किया। सांसद ने 14 अक्टूबर को गोइलकेरा में आयोजित होने वाले देवेंद्र माझी के श्रद्धांजलि सभा में ग्रामीणों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर ग्राम मुंडाओं ने सांसद के समक्ष गांवों की विभिन्न समस्याओं को रखते हुए उसके समाधान की मांग की। मुंडाओं ने एक स्वर में कहा की गांव में कोई भी विकास योजना हो या पुलिस कैंप का स्थापना बिना ग्राम सभा के नहीं हो। अभिनंदन सह मिलन समारोह में बड़ा लगिया पीढ़ के मानकी हेमंत लाल सुंडी, गुन्ना सुंडी, सेलाय सुंडी, जय सिंह सुंडी, मोटाय अंगरिया, सोनार सुंडी, कमरू बानसिंह, जय प्रकाश सुंडी, कांडेराम सुंडी, गारदी सुंडी, बीर सिंह सुंडी, विजय सिंह सुंडी, प्रधान तामसोय, चंद्रमोहन लोहार, डेविड बोयपाई, गोनो दोराइबुरु, सुनील बोयपाई, रजनी कुंटिया समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित रहे।


## एक नजर में

### विधायक सबिता ने 6 सड़कों का किया शिलान्यास



**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में 21.65 किमी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन सोमवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत रुप से शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा ईंचागढ़ प्रखंड क्षेत्र मे 12 करोड़ 75 लाख कि लागत से निर्माण होने वाले 6 प्रमुख सड़कों का भूमि पूजन किया गया। जिसमें, बड़ा आमड़ा (हुटूप )से डूंगरीडीह भाया हुंडी 5.2 किमी, सितु से हड़तालडीह तक 3.8 किमी, झारुवा से चोगा तक 2.6 किमी, कुमारडीह से बड़ा चुनचुरिया तक 2.95 किमी, टिकर सिल्ली रोड से बंगाल बॉडर भाया रघुनाथपुर तक 3.9 किमी व सितु बड़ालापांग रोड से सापड़ा तक 3.2 किमी सड़क का विशेष मरम्मति किया जाएगा। इस दौरान विधायक ने कहा 21.65 किमी सड़क का निर्माण 12 करोड़ 75 लाख से होगा। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदसय काबलु महतो, सपन महतो, शंकर मंडल, हीरालाल महतो, प्रखंड अध्यक्ष नीताई उरांव, किसुन किस्कु, राहुल वर्मा, फोरेन महतो, नयन, हरेन महतो, पंचानन पातर, अमित सिन्हा, हृदय महतो, अधर महतो, सुर्जन स्वासी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### श्रीनाथ विवि में रही गरबा और डांडिया की धूम



**जमशेदपुर।** सोमवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में दुर्गोत्सव धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच डांडिया एवं गरबा की धूम रही। छात्र-छात्राओं के द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। विश्वविद्यालय परिसर मे कॉमर्स एंड मैनेजमेंट तथा अन्य विद्यार्थियों के द्वारा कई खाने-पीने के स्टाल लगाये गये। कुलाधिपति सुखदेव महतो ने कहा कि दुर्गोत्सव मे मां दुर्गा की आराधना की जाती है, यह उत्सव मां आदिशक्ति को समर्पित है साथ ही यह त्योहार यह बताता है कि अधर्म चाहे जितना भी बलशाली हो एक दिन वह धर्म के आगे घुटने टेकता है। कार्यक्रम में ब्रह्मानंदम अस्पताल, सोनारी के डा सुनील केडिया, श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डा एस एन सिंह श्रीनाथ विश्वविद्यालय तथा श्रीनाथ कॉलेज आफ एजुकेशन के सहायक प्राध्यापक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेवानिवृत 18 कर्मचारियों को यूनियन ने दी विदाई



**जमशेदपुर।** सोमवार को यूनियन परिसर में आयोजित विदाई समारोह में टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और टाटा वर्कर्स यूनियन के 18 सदस्यों को सम्मानित किया गया। संजीव चौधरी, अध्यक्ष, सतीश सिंह, जनरल सचिव, शैलेश सिंह, उपाध्यक्ष, शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष, संजय सिंह, उपाध्यक्ष, संजीव तिवारी, उपाध्यक्ष, नितेश राज, सहायक। सचिव, श्याम बाबू, सहायक। सचिव एवं आमोद दुबे, कोषाध्यक्ष एवं लेखाकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत किया और गुलदस्ता एवं उपहार भेंट किये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कंपनी और यूनियन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके सुखद एवं शांतिपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की कामना की गयी।

### आदित्यपुर नगर निगम को पूर्व पार्षद का ज्ञापन



**गम्हरिया।** वार्ड 17 की पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर वार्ड की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए यथाशीघ्र इसके निदान की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि पूर्व में नगर निगम के बोर्ड की बैठक में पारित कई योजनाओं में मुख्य रूप से सड़क, नाली तथा डीप बोरिंग, हाई मास्ट लाइट, स्ट्रीट लाइट एवं पेयजल समस्या के साथ-साथ ही वार्ड में जहां-तहां जल जमाव होने के कारण रास्ता पूरी तरह से कई जगह तालाब में तब्दील हो गयी है। बताया गया कि इस बावत कई बार पूर्व में नगर प्रबंधक तथा नगर आयुक्त को मौखिक तथा लिखित रूप से जानकारी दी गयी थी। इसके बावजूद उस जगह की साफ सफाई नहीं कराई गई। पूर्व पार्षद की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अपर नगर आयुक्त ने दुगार्पूजा के बाद चिन्हित जगहों का निरीक्षण कर सफाई करवाने तथा शेष कार्यों को भी धरातल पर उतारने का आश्वासन दिया।

### नव ज्योति विद्या मंदिर में कन्या पूजन



**गम्हरिया।** नवरात्रि पर नव ज्योति विद्या मंदिर स्कूल, जगन्नाथपुर गम्हरिया में कन्या पूजन किया गया। इस पूजन में कक्षा नर्सरी से कक्षा तीन तक की छात्राओं ने कन्या के रूप में भाग लिया। सभी कन्याएं मां दुर्गा के स्वरूप लग रही थीं। कार्यक्रम की शुरूआत कन्याओं के पैर धोकर तथा उनके पैरों में लाल आलता लगाकर किया गया। इसके बाद कन्या पूजन की रस्में निभायी गयी और सभी कन्याओं को भोजन कराया गया। इस मौके पर डॉ मानव प्लाजा, अनंत कुमार कुशवाहा, डॉ प्रदीप पंडित के साथ विद्यालय के सचिव डॉ संजीव श्रीवास्तव, प्राचार्या अनामिका श्रीवास्तव समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## मदगढ़ी में दुर्गा पूजा विसर्जन व शोभा यात्रा मार्ग में परिवर्तन के खिलाफ भंडारिया प्रखंड मे आक्रोश, प्रशासन को दी चेतावनी

# पूजा समितियों ने कहा, नहीं करें शक्ति प्रदर्शन के लिए विवश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड के मदगढ़ी क गांव में वर्षों से निर्धारित दुर्गा पूजा की शोभा यात्रा और विसर्जन जुलूस की रूट को एक विशेष समुदाय के इशारे पर बदलने की प्रशासन की मंशा का भंडरिया प्रखंड के सभी 17 पूजा समितियों ने पुरजोर विरोध किया है। इसे लेकर देवी मंडप भंडरिया में बैठक की गई। बैठक में उपस्थित पूजा समितियों के 200 से ज्यादा पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने एक स्वर में प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वर्षों से चले आ रहे पूजा की परंपरा को कुचलने का प्रयास नहीं किया जाए। भारत की संविधान भी इसकी इजाजत नहीं देती है। बावजूद इसके उनकी धार्मिक भावना को आघात किया गया तो वे भी शक्ति प्रदर्शन से पीछे नहीं हटेंगे।

### एकजुट हुई पूजा समितियां

प्रशासन के नकारात्मक रुख को देखते हुए प्रखंड के सभी सत्तरह पूजा समिति ने एकजुटता का परिचय दिया। इसके लिए एक आवश्यक बैठकर बुलाई गई। जिसमें भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी क पंचायत से दो, जनेवा पंचायत से छः, करचाली पंचायत से एक, फकिराड़ीह पंचायत से तीन, बीजका पंचायत से दो एवं भंडरिया पंचायत से दो पूजा समितियों सहित कुल सत्तरह समितियों ने हिस्सा लिया। बैठक में निर्णय लेते हुए इस मामले में प्रशासन की रुख की निंदा की गई। कहा गया कि प्रशासन के अनावश्यक हस्तक्षेप से तनाव बढ़ने की पूरी संभावना बन गई है। सनातन धर्मावलम्बी वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करके शांति व सौहार्द के साथ सभी पर्व एवं उत्सव का आयोजन करते रहे है। भारत का संविधान हमें अपने धर्म व उपासना की स्वतंत्रता प्रदान करता है, जिसे हम किसी अन्य धर्म व सम्प्रदाय को बिना क्षति पहुंचाये आपसी सौहार्द से मनाते रहे है। बावजूद इसके वर्तमान में प्रशासन के द्वारा मदगड़ी क ग्राम में लाईसेंस में निर्धारित मार्ग को बदलने का जो कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। यह हमें धर्म और उपासना की स्वतंत्रता पर कुठाराघात प्रतीत हो रहा है। वर्षों से तय मार्ग में विसर्जन करने पर किसी भी व्यक्ति अथवा संगठन का विरोध हास्याप्रद प्रतीत होता है। साथ ही इसमें प्रशासन की भूमिका भी उनके निष्पक्ष कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खडा करता है। जो अत्यन्त खेदजनक है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि मदगड़ी क ग्राम में दुर्गा पूजा में शोभायात्रा सह विसर्जन का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित व लाईसेंस में वर्णित मार्ग के माध्यम से ही सम्पन्न कराया जाएगा। इस संवैधानिक अधिकार की रक्षार्थ प्रशासन हमें पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराकर अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। सभी पूजा समिति प्रशासन को पूर्ण सहयोग करेंगे, साथ ही विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होने पर प्रशासन के द्वारा व्यवधान का समाधान करने तक शांति पूर्वक उसी स्थान पर विसर्जन कार्यक्रम को रोककर पूजा अर्चना में लगे रहेंगे। किसी के द्वारा उन पर शक्ति और सख्ती का प्रयोग किया जायेगा तो वे भी अपने रक्षार्थ शक्ति प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।


बैठक करते पूजा समितियों के पदाधिकारी।

### क्या है मामला

मदगड़ी क ग्राम में विगत पचास वर्षों से अधिक समय से चले आ रहे लाईसेंस प्राप्त दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर प्रशासन की ओर से विसर्जन सह शोभायात्रा को पूर्व निर्धारित एवं लाईसेंस में वर्णित मार्ग से नहीं ले जाने का मौखिक आदेश दिया है। मूर्ति विसर्जन के मार्ग को लेकर उठे विवाद का शांति समिति की बैठक में भी समाधान नहीं हुआ।

### पूजा समितियों ने की प्रशासन से ये मांगे

भंडरिया प्रखण्ड की समस्त दुर्गा पूजा समितियों ने गढ़वा जिला प्रशासन से प्रखण्ड के सभी पूजा पण्डाल को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने, विगत 50 वर्षों से मदगड़ी क ग्राम में आयोजित होते आ रहे दुर्गा पूजा महोत्सव को लाईसेंस में वर्णित मार्ग के माध्यम से शोभायात्रा सह विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न कराने, लाईसेंस में वर्णित विसर्जन मार्ग को लेकर आपत्ति जताने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कारवाई करने की मांग की है। मांग पत्र में स्थानीय प्रशासन से आपसी सहमति बनाकर निर्वाद्ध रूप से दुर्गा पूजा महोत्सव को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने की अपील की गई। ऐसा न हो कि विवश होकर शांति के उपासक को शक्ति उपासना छोड़कर शक्ति प्रदर्शन हेतु बाध्य होना पड़े।

---

## स्पीड न्यूज

### विधायक रामचन्द्र ने किया जरासंध मंदिर का उदघाटन


उद्घाटन मौके पर विधायक।

**मझिआंव।** नगर पंचायत के वार्ड नं 01 स्थित अखौरी तहले गांव के मुख्य पथ पर नवनिर्मित भगवान जरासंध मंदिर का उद्घाटन विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने पूजा अर्चना कर व माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि अखौरी तहले के चंद्रवंशी समाज की मांग थी कि गांव में उनके पूर्वज भगवान जरासंध का मंदिर बने। जिसके बाद उन्होंने इस मंदिर का निर्माण कराया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, बिरेंद्रनाथ दुबे, संजय सिंह एवं रबिन्द्र सिंह उपस्थित थे।

### भारी मात्रा में देसी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले की नवलपुर पुलिस ने भारी मात्रा में देशी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजनीश कांत प्रियदर्शी ने यहां बताया कि सूचना मिली थी कि गंडक नदी दियारा से नवलपुर थाना क्षेत्र के रमना रेता की ओर से शराब की खेप लेकर तस्कर आने वाले है। सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। रमना के समीप गंडक नदी में संभावित मार्ग पर पुलिस ने मछुआरा का भेष बनाकर नदी में मछली पकड़ने का बहाना शुरू किया। इसी बीच तस्करों की टोली शराब की खेप लेकर आयी। जैसे हीं तस्करों की टोली पुलिस के समीप आयी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए तस्करों को पकड़ लिया।

### दरभंगा में चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव

**दरभंगा।** भारतीय साहित्य, संस्कृति और इतिहास की समृद्ध धरोहर को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य को लेकर आयोजित हो रहे चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन 18 अक्टूबर को बिहार के राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। महोत्सव के आयोजन को लेकर आज भूमि पूजन का आयोजन किया गया। शुभारंभ के साथ नवग्रहों की शांति के लिए विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें महोत्सव के सफल और निर्विघ्न संचालन की कामना की गई।

---

## मंत्री ने किया 13 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित महिला कॉलेज का उद्घाटन

# राज्य में तेजी से हो रहा है विकास कार्य : मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गढ़वा के सोनपुरवा में 12 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से निर्मित महिला कॉलेज का उद्घाटन किया। मंत्री श्री ठाकुर ने फीता काटकर, विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर कॉलेज का उद्घाटन किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व की सरकारों को जो कार्य धरातल पर करनी चाहिए थी वह कार्य अब हमारी जन सरोकार की सरकार काफी तेजी से कर रही है। गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी तेजी से विकास कार्य हो रहा है। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि वर्ष 1991 में गढ़वा जिला का निर्माण हुआ, परंतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि, किसी भी सरकार को यहां की बेटियों को पढ़ने की लिए एक महिला कॉलेज बनाने की चिंता नहीं हुई। यह महिला कॉलेज सर्व सुविधा संपन्न अत्याधुनिक कॉलेज है। बहुत जल्द ही इसमें पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। सरकार की सोच एवं संवेदनशीलता होगी तभी विकास कार्य का उद्देश्य पूर्ण होगा।

मौके पर मुख्य रूप से एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, संवेदक अनिल सिंह, वंदना जायसवाल, आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।


फीता काट कर उद्घाटन करते मंत्री।

### महिला कॉलेज में यह सुविधा है उपलब्ध

महिला कॉलेज का निर्माण 4.26 एकड़ भूमि में 12. 87 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। तीन मंजिला इस भवन का कुल क्षेत्रफल 70 हजार वर्ग फुट है। इस भवन में 28-25 फीट की 15 कक्षा, में 50 -28 फीट का तीन लेक्चर थिएटर, भौतिकी, रसायन शास्त्र, कंप्यूटर, गृह विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, भू विज्ञान के लिए प्रयोगशाला, पुस्तकालय, 40-28 फीट का एक सेमिनार हॉल, छात्रों के लिए 7 शौचालय, स्टाफ के लिए 3 शौचालय, शारीरिक रूप से विकलांग छात्राओं के लिए विशेष प्रावधान है। रैंप एवं 6 पीएच शौचालय का भी निर्माण किया गया है। कॉलेज में सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए ओपन एयर एमफी थियेटर, विद्यार्थियों की गतिविधियों के लिए आंगन की सुविधा, कैंटीन, प्रधानाचार्य कक्ष, प्रशासनिक कार्यालय, प्रत्येक मंजिल पर स्टाफ रूम तथा अग्नि सुरक्षा और अग्नि अलार्म प्रणाली की भी सुविधा उपलब्ध है।

---

## खबर एक नजर में

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन


विदाई देते कर्मी।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के स्थानांतरण होने पर सोमवार को थाना परिसर में पुलिसकर्मियों व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर पुलिस कर्मियों एवं गणमान्य लोगों ने थाना प्रभारी को गुलदस्ता भेंट कर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। मौके पर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना किया। कहा कि विदाई की बेला बहुत मार्मिक होती है, लेकिन नौकरी में ट्रांसफर प्रक्रिया लगी रहती है। कहा कि मुझे उनके साथ काम करने के लिए बहुत कम समय मिला, लेकिन उन्होंने अपने कार्यकाल मे अपराध नियंत्रण के साथ साथ घटित घटनाओं का उदभेदन करने में सफलता पाई और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था को कायम रखा। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि कृष्ण कुमार युवा होने के साथ साथ एक होनहार थाना प्रभारी के रूप में जाने जाते है। कहा कि हरिहरपुर ओपी के प्रभारी रहते मुझे हमेशा उनका सहयोग मिला। उन्होंने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। पूर्व थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने भी अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि थाना में सात महीने का कार्यकाल के दौरान मुझे यहां के आम आवाम का काफी सहयोग मिला है, जिसे मैं कभी भूल नही सकता हूं। मौके पर एसआई प्रदीप उरांव, निरंजन शर्मा, दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, मकबूल अंसारी, मुकेश कुमार, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह, राजेश्वर पासवान, संतोष चंद्रवंशी, अब्दुल अंसारी, मुन्ना यादव, निरंजन पाठक,राजमोहन यादव, संतोष चन्द्रवंशी, अनिल चन्द्रवंशी, उपेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राधा स्वामी संगठन की बैठक संपन्न

**धुरकी।** राधा स्वामी संगठन का उद्देश्य बताते हुए कार्यकर्ता अरविंद तिवारी ने कहा कि हमारा संगठन का संदेश है हर घर के लोग संगठन के बारे में जाने। आज हमारे गांव,समाज में बच्चियों की शादी को बोझ समझते हैं तो उन्हें बोझ समझने की जरूरत नहीं। अक्सर देखा जाता है कि हमारे गांव समाज में बच्चियों को घर में बेटी पैदा हो गई तो हम उसकी शादी नहीं कर पाएंगे, लेकिन ऐसा बात नहीं है। हमारे संगठन के माध्यम से हम लोग 201 रुपए का राशि सहयोग लेते हैं और इसके बदले में एक लाख रूपए और उपहार समान 21 वर्ष होने पर दिया जाता है। हर व्यक्ति को हर समाज के हर धर्म के हमारे यहां कोई धर्म कोई बंधन भेद भाव नहीं है।

---

## भाजपा का सदस्य बन विकसित भारत का सपना करें साकार : विवेक ठाकुर

**एजेंसी**



**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। सांसद विवेक ठाकुर ने गोविंदपुर विधानसभा के विभिन्न हिस्सों में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान सांसद ने पार्टी कार्यकताओं के साथ क्षेत्र के रूपो, सलैया, शेखोदोरा आश्रम राजेंद्र हॉल, खरसड़ी इस कार्यक्रम का मंच संचालन मुन्ना शर्मा ने किया। इत्यादि इलाकों में जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सांसद विवेक ठाकुर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा की भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री ने विकसित भारत का संकल्प लिए है तो मैं भी उन्ही के संकल्पों के साथ विकसित नवादा का संकल्प लिया हूं।यह पार्टी वर्तमान में पूरे देश में अपना सर्वव्यापी और समावेशी स्वरूप बनाने में सफल रही है। आमजन में भाजपा के लिए स्वतः स्फूर्त भाव से सम्मान है इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, जिला महामंत्री विजय पांडे, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर चौरसिया, जिला उपध्यक्ष प्रताप रंजन, जितेंद्र पासवान, भोली सिंह, जिला मंत्री नीतू गुप्ता, जिला पार्षद पंकज सिंह, अजीत यादव, भाजपा नेता रंजीत यादव, अमन सिंह, रोहित कुमार, समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## विधायक ने किया माता शबरी का प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत बिड़ंडा गांव के भुइयां टोला में माता शबरी का प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर का उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। उद्घाटन के बाद उत्तर प्रदेश के वृंदावन से आए रुद्र महाकाल ग्रुप के मैनेजर अमरेश कुमार के नेतृत्व में कलाकारों के द्वारा भक्ति गानों पर भव्य संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कला को प्रदर्शन किया और भक्ति गानों पर लोगों को झुमाया।

मौके पर विधायक ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र में अपनी जनता के लिए हर तरह का विकास कार्य किया हूं। सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल-कॉलेज के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्य किया हूं। इस क्षेत्र में शबरी माता के मंदिर बनने से लोगों को काफी आशीर्वाद प्राप्त होगा। शबरी माता के साथ-साथ भगवान राम एवं लक्ष्मण का भी मूर्ति लगाया गया है। जिससे यह संदेश जाता है कि शबरी माता को भगवान श्री राम ने कितना चाहा था। मैं अपने क्षेत्र वासियों से यही अपील करता हूं कि आगामी चुनाव में मैं या मेरा पुत्र डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी को मजदूरी के रूप में सहयोग करना है।

मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र नाथ दुबे उर्फ वीर दुबे, अर्जुन दास, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, बिश्रामपुर के विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, अरुण कुमार मिश्रा, सजन सिंह, पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान आदि उपस्थित थे।


संबोधित करते विधायक।

---

## प्रत्येक पांच वर्ष पर होगा शिक्षकों का स्थानांतरण

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का अब हर पांच वर्ष के बाद स्थानांतरण होगा। नीतीश सरकार ने सोमवार को शिक्षकों के लिए नई स्थानांतरण नीति लागू कर दी है। इसके तहत शिक्षकों का हर पांच साल पर स्थानांतरण किया जाएगा। हालांकि, दिव्यांग या बीमार शिक्षकों की समस्या को देखते हुए पांच वर्ष से पहले भी स्थानांतरण किया जा सकता है।

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि नई नीति के तहत सभी बीपीएससी से नियुक्त, सक्षमता परीक्षा पास और पुराने वेतनमान वाले शिक्षकों का स्थानांतरण प्रत्येक पांच साल पर किया जाएगा। स्थानांतरण के लिए शिक्षकों को 10 विकल्प दिए जाएंगे और यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। जिन शिक्षकों को शारीरिक दिव्यांगता या गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी और उनका स्थानांतरण पहले ही हो सकता है। इसके अलावा पति-पत्नी को एक ही विद्यालय में पोस्टिंग की सुविधा भी इस नीति में दी गई है। सुनील कुमार ने कहा कि सरकार की इस नई नीति के तहत पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित एप्लीकेशन के जरिए तबादले और पोस्टिंग की जाएगी। इसके लिए विभाग एक खास सॉफ्टवेयर विकसित कर रहा है।

---

## पूर्वी चंपारण के बाढग्रस्त बंजरिया अंचल में डुबने से तीन की मौत

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र में तीन अलग अलग जगहों पर डूबने से तीन लोगो की मौत हो गई। पहली घटना अजगरी पंचायत के सरेह की है, जहां घास काटने गये अजगरी वार्ड नं-4 निवासी 55 वर्षीय विजय मुखिया की पैर फिसलकर बाढ के गहरे पानी में डुबने से मौत हो गई। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के चैलाहां फुलवार मुख्य मार्ग में सिसवानिया सरेह की हैं। जहां बाढ़ के पानी में मोहम्मदपुर गांव निवासी शेख बुधन के 42 वर्षीय पुत्र तबरेज आलम का डूबने से मौत हो गया। वही तीसरी घटना सुखीडीह गांव के समीप की है। जहां शौच करने गये सुखीडीह गांव निवासी अब्दुल कलाम के 42 वर्षीय पुत्र सरफे आलम पानी में डूब गया।

---

## पेज एक का शेष

### नक्सलवाद पर अंतिम ...

भटके युवा मुख्य धारा में लौटें : श्री शाह ने भटके युवाओं से समाज की मुख्य धारा में लौटने की भी अपील की। सभी राज्यों ने पुर्नवास की अच्छी योजनाएं बनायी हैं, इसका फायदा उठायें और देश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को विकसित बनाना चाहते हैं। विकसित भारत बनाने के पीएम के लक्ष्य में दूरदराज के इलाकों और जनजातीय लोगों तक सरकारी योजना का लाभ नहीं पहुंच पाता है। इसका सबसे बड़ा कारण बाधा नक्सलवाद है। नक्सलवाद के कारण गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, कनेक्टिविटी, बैंकिंग और डाक सेवा की सुविधा नहीं मिल सकी। नक्सल मोर्चे पर छत्तीसगढ़ में मिली बड़ी कामयाबी पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साय सरकार की प्रशंसा की है।

### अश्रितों को सीएम ...

मौके पर झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा में जान गंवाने वाले 15 युवाओं के परिजन तथा मॉब लिंचिंग के कारण जान गंवाने वाले 28 तथा घायल 1 व्यक्ति के आश्रितों बीच कुल 1 करोड़ 82 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया।

### दो अमेरिकी वैज्ञानिकों...

इसके साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा का छह-दिवसीय कार्यक्रम स्टॉकहोम के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में शुरू हो गया।

पिछले वर्ष, फिजियोलॉजी या चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार हंगेरियाई-अमेरिकी नागरिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी नागरिक ड्रू वीसमैन को उन खोजों के लिए दिया गया था, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ एमआरएनए टीके विकसित करने में मदद की। चिकित्सा क्षेत्र में अब तक कुल 227 विजेताओं को 114 बार नोबेल पुरस्कार दिया गया है। केवल 13 महिलाओं को यह पुरस्कार मिला है।

### झारखंड में शीघ्र एनआरसी...

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड लड़ाई सिर्फ सत्ता परिवर्तन की नही है, बल्कि राज्य की रोटी, माटी और बेटी तीनों को बचाने की है। उन्होंन कहा कि जल्द ही भाजपा का विस्तृत घोषणा पत्र जारी होगा। राज्य में सरकार बनते ही एनआरसी लागू कर घुसपैठियों बाहर निकालेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों के आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं। वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जा रहे। यह सब वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये आकर आदिवासी बहन बेटियों से शादी करके उनकी जमीन हड़पते हैं। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये अब आदिवासी बेटियों से शादी कर स्थानीय सरकार पर भी कब्जा कर रहे हैं। वहीं केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को खुली छूट दे दी है। घुसपैठिये मूल सनातनी समुदाय की पहचान को मिटाने की कोशिश की है। ऐसे में झारखंड में एनआरसी का कार्यान्वयन जरूरी है। इसे बंगाल, असम और अन्य राज्यों में भी लागू किया जाना चाहिए। पूरे देश में भारतवंशियों की एक पहचान होनी चाहिए।

---

# मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत 200 यूनिट तक की बिजली बिल माफ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वावधान में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना अंतर्गत विद्युत विपत्र माफी के लाभुकों को प्रमाण पत्र वितरण करने के लिए सोमवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में शिविर का आयोजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत गढ़वा जिला के 1 लाख 82 हजार 929 घरेलु उपभोक्ताओं के 90 करोड़ 39 लाख 86 हजार रुपए के बकाया राशि माफ किया गया।


मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वैसे उपभोक्ताओं, जिनका ऊर्जा खपत प्रतिमाह 200 यूनिट तक है, का बिजली बिल पूर्व बकाया समेत माफ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस कल्याणकारी योजना के तहत 200 यूनिट तक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को जहां राहत मिली है, वहीं 200 से 400 यूनिट तक ऊर्जा खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने सांकेतिक रूप से शिविर में ही उपभोक्ताओं को विद्युत विपत्र माफी से संबंधित प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही है, जिससे गरीब, असहाय, जरूरतमंद एवं अंतिम पंक्ति के लोगों को फायदा मिल सके। राज्य सरकार की तरफ से 1400 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे बहुत जल्दी सभी गांव टोला में पूरी तरह से विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं को शिविर में प्रमाण पत्र नहीं मिल सका हैं, उन्हें जल्द ही कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल गढ़वा द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर दिए जाएंगे। बतातें चले कि झारखण्ड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के अंतर्गत झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलु उपभोक्ताओं, जिनका उर्जा खपत 200 युनिट प्रतिमाह (पुरे वर्ष में 2400 यूनिट) रहा है, झारखण्ड सरकार के द्वारा माह अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिल (पिछले बकाया एरिअर सहित) माफ कर दिया गया है। पूरे झारखण्ड राज्य के 24 जिलों के 38 लाख 46 हजार 26 घरेलु उपभोक्ताओं के 3565 करोड़ 94 लाख 86 हजार 733 रुपए के बकाया राशि माफ किया गया है। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल गढ़वा समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं काफी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित थे।



प्रमाण पत्र का वितरण करते मंत्री।

स्पीड न्यूज

## मणिरत्नम की फिल्म में काम करेंगे रजनीकांत



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत, सुप्रसिद्ध फिल्मकार मणिरत्नम के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत ने वर्ष 1991 में प्रदर्शित मणिरत्नम निर्देशित फिल्म थलपति में काम किया था। इस फिल्म में ममूटी, अरविंद स्वामी, अमरीश पुरी, श्रीविद्या, भानुप्रिया और शोभना ने भी अहम भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी महाभारत के कर्ण और दुर्योधन की दोस्ती से प्रेरित थी। इस फिल्म में रजनीकांत ने कर्ण से प्रेरित सूर्य की भूमिका निभाई थी जबकि ममूटी ने दुर्योधन से प्रेरित देवराज की भूमिका निभाई थी ।चर्चा है कि रजनीकांत 33 साल के बाद फिर से मणिरत्नम की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत के जन्मदिन 12 दिसंबर को इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है। मणिरत्नम इन दिनों कमल हासन के साथ ठ्ठगठ लाइफ की शूटिंग कर रहे हैं। वहीं रजनीकांत अपनी फिल्म 'वेट्टैयन' की रिलीज के लिए तैयार हैं, जो 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

## पाकिस्तान: पंजाब में पुलिस अभियान में 07 आतंकवादी ढेर

**पाकिस्तान।** पंजाब में पुलिस अभियान में 07 आतंकवादी ढेर इस्लामाबाद 07 अक्टूबर (वार्ता) पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के मियांवाली जिले में सात आतंकवादियों को मार गिराने का सोमवार को दावा किया। सीटीडी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रविवार देर रात जिले के मेकरवाल इलाके में खुफिया सूचना के आधार पर अभियान चलाया गया, जिसके बाद आतंकवादियों और सीटीडी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी के दौरान सात आतंकवादी मारे गए, जबकि उनके आठ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

## केजरीवाल के मार्गदर्शन में दुरुस्त की जा रही सड़कें : आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की दिशा में युद्धस्तर पर काम कर रही है। सुश्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी (आप) और उसके मुखिया अरविंद केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र रचकर उन्हें एक झूठे केस में फंसाया और छह महीने तक जेल में रखा। इस षड्यंत्र का मकसद किसी भी तरीके से दिल्ली सरकार के कामों को रोकना था। हम सबने देखा कि किस तरह पिछले छह महीने से दिल्ली के आम लोगों के रोजमर्रा के कामों को रोका गया।

चुनाव 2024 पर सबकी निगाहें

# झारखंड विधानसभा चुनावों की घोषणा कभी भी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**झारखंड** विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां कमर कस चुकी हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का आ कभी भी ऐलान हो सकता है। मंगलवार को हरियाणा और जम्मू कश्मीर के नतीजे आ जायेंगे। माना जा रहा है दो से तीन दिनों में चुनाव आयोग झारखंड और महाराष्ट्र में चुनावों की घोषणा कर सकता है। झारखंड की ाात करें तो इसका स्थापना दिवस 15 नवंार को है ऐसे में इस बात की काफी संभावना है कि झारखंड में चुनाव 15 नवंबर के के बाद हों।

### इंडिया ब्लॉक की रणनीति

झारखंड विधानसभा के लिए महागठांधन या इंडिया ब्लॉक भी अपने घटक दलों के साथ सीट शेयरिंग को लेकर ाातचीत जारी है। झामुमो और कांग्रेस के ाीच सीटों के बंटवारे को लेकर आ तक सा कुछ साफ नहीं हुआ है। 2019 के चुनावों में कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इस बार कांग्रेस ने 33 सीटों की मांग की है। इसके अलावा पिछले चुनाव में 4 सीटों पर लड़ने वाले राजद ने इस बार 22 सीटों की मांग की है। ऐसे में गठांधन में सीटों के बंटवारे को लेकर पेंच फंस सकता है। दूसरी तरफ सभी पार्टियां सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के चयन के लिए मंथन कर रहे हैं। कांग्रेस रायशुमारी और सर्वे के आधार पर जिताउ उम्मीदवार को तलाश रही है।

झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव एक साथ होने वाले हैं। महाराष्ट्र की नई विधानसभा 26 नवंार से पहले गठित होना जरूरी है। ऐसे में ये जरूरी है कि 17 अक्टूार से पहले चुनावों की घोषणा हो जाये, क्योंकि चुनावों की घोषणा होने से लेकर परिणाम निकलने तक 40 दिनों का समय होना जरूरी है। वहीं ऐसी उम्मीद है कि झारखंड में 15 नवंार के ााद तीन चरणों में मतदान हों और चुनाव प्रक्रिया नवंार के तीसरे हफ्ते में खत्म हो जायें। नक्सल प्रावित झारखंड में एक चरण में चुनाव करवा पाना मुमकिन नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि झारखंड में कम से कम 3 फेज में हो सकते हैं। झारखंड में जंगल और पहाड़ भी काफी हैं, यहां काफी दुर्गम इलाके भी भी हैं, कई क्षेत्रों में पहुंचना भी पोलिंग पार्टी के लिए चुनौती भरा होता है।



### इंडिया और एनडीए में सीधी टक्कर

झारखंड की तमाम पार्टियां कमर कस चुकी हैं। सभी 81 विधानसभा सीटों पर नेता प्रचार में जुटे हुए हैं। इंडिया गठांधन और एनडीए के बीच सीधा मुकाबला है। 2019 के चुनाव 30 नवंार से 20 दिसंार तक पांच चरणों में संपन्न हुए थे, नतीजे 23 दिसंार को आये थे। महागठांधन की जीत के बाद हेमंत सोरेन ने सीएम पद की शपथ ली थी। सूत्रों के अनुसार इस बार मतदान दो या तीन चरणों में पूरे हो जायेंगे।

### चुनावी रणनीति बनाने में जुटी भाजपा

असम के सीएम और झारखंड चुनाव के उप प्रभारी हिमंता ािस्वा सरमा पूरी तरह से एक्टिव हैं। पार्टी की रणनीति बनाने में उनका बड़ा योगदान है। हिमंता ने साफ कर दिया है कि सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए पैनल तैयार कर लिया गया है। सोमवार को दिल्ली में एक बैठक होगी, उसके बाद पार्टी की संसदीय बोर्ड उम्मीदवारों की सूची पर अंतिम मुहर लगाएगी। हिमंता ने साफ किया कि इस पूरी प्रक्रिया में कम से कम एक हफ्ते का समय लगेगा। ऐसे में माना जा रहा है कि दिल्ली में बैठक के बाद कभी भी बीजेपी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। भाजपा चुनाव में आजसू और जदयू के साथ तालमेल कर रही है। ऐसे में दिल्ली में होने वाली बैठक में ये साफ हो जायेगा कि कौन सी पार्टी कितनी और किस सीट पर चुनाव लड़ेगी। आजसू ने 11 से 12 सीटों की मांग की है। वहीं जदयू 4 से 5 सीटों की मांग कर रहा है। इसके अलावा जीतन राम मांझी और चिराग पासवान की पार्टी लोजपा(आर) भी सीटों की तालमेल करना चाहते हैं। हालांकि मांझी और चिराग गठांधन का हिस्सा होंगे या नहीं ये साफ नहीं है।

### वर्तमान समीकरण

81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 4 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठांधन की सरकार में झामुमो के साथ कांग्रेस, राजद और सीपीआईएमएल शामिल हैं। 2019 के चुनाव में झामुमो ने 30 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 16 सीटें आयी थीं। वहीं राजद और माले को एक-एक सीट मिली थी। दूसरी तरफ भाजपा ने 25, जेवीएम-3, एनसीपी(एपी) ने एक आजसू ने 2 और 2 निर्दलीय विधायक जीते हैं।

# हथियार बनाने में उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल जरूरी: राजनाथ


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्धों में निरंतर नई प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को देखते हुए भारतीय रक्षा उद्योग को भी हथियारों को बनाने में गैर पारंपरिक और दोहरे इस्तेमाल तथा असैन्य प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल की दिशा में कदम उठाने होंगे।

श्री सिंह ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में कुछ देशों के बीच चल रहे युद्धों का उल्लेख करते हुए कहा कि समय की जरूरत है कि भारत भी किसी से पीछे न रहे। उन्होंने कहा आज हम तरह-तरह के युद्धों, और युद्धों की संभावनाओं के बीच जी रहे हैं। इन युद्धों में लगातार नई-नई प्रौद्योगिकी का समावेश हुए चला जा रहा है। इनमें न सिर्फ पारंपरिक हथियारों और गोला बारूद का इस्तेमाल हो रहा है, बल्कि कई प्रकार के दोहरे इस्तेमाल या असैन्य वस्तुओं तथा प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्हें वैपनाइज किया जा रहा है। ऐसे में हमें इस प्रकार की प्रौद्योगिकी को गहराई से समझना होगा। हमें देखना होगा, कि किस प्रकार से इन प्रौद्योगिकियों का कल्पना के आधार पर इस्तेमाल हम अपनी रक्षा के लिए कर सकते हैं। मैं यहां, सिर्फ दूसरे युद्ध ग्रसित पक्षों के अनुप्रयोगों की नकल की बात नहीं कर रहा हूं। मैं इससे आगे बढ़ते हुए, उन प्रणालियों या ऐप की ओर आपका ध्यान ले जाना चाहूंगा, जो बिल्कुल नई हों, और सिर्फ हमारी हों।

उन्होंने कहा कि हमें आई डैक्स और इस तरह की योजनाओं तथा चुनौतियों के समाधान से आगे बढ़ते हुए, ऐसी प्रौद्योगिकी ऐसे नवाचार ले आएँ जो अब तक की जरूरतों से भी कहीं आगे की चीज हों, और वे हमारी जरूरत बन जाए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए आज अनेक पहल और शुरूआत की गयी हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार परीक्षण और जांच के लिए पोर्टल का शुरू होना भी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार रक्षा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए हर प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, भारत सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है। जरूरत है तो आप सभी के और मजबूती के साथ आगे आने की।



खास बातें : रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए सभी हितधारकों के सहयोग का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, आत्मनिर्भरता जैसा बड़ा काम केवल अकेले सरकार अपने दम पर नहीं कर सकती। बल्कि इसके लिए हमें इससे जुड़े हुए सभी हितधारकों का साथ जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी सभी हितधारक सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चले हैं और उन्हें विश्वास है कि यह संबंध आगे और मजबूत होगा तथा भारत में रक्षा इकोसिस्टम सबसे मजबूत तथा आधुनिक बनेगा।



कोलकाता के एक पंडाल मे मां दुर्गे की भव्य प्रतिमा

## एनसीईआरटी और अमेजन के बीच अनुबंध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को एनसीईआरटी और अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने की अध्यक्षता की। यह पहला ऐसा समझौता है, जो प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर मुद्रित मूल्य पर मूल एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों तक पहुंच सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, संयुक्त सचिव प्राची पांडे, एनसीईआरटी के निदेशक प्रो दिनेश प्रसाद सकलानी, अमेजन के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव, अमेजन के सार्वजनिक नीति निदेशक अमन जैन उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रधान ने कहा कि आज की पहल शिक्षा को समावेशी, सुलभ और सस्ती बनाने के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण को मजबूत करेगी।

# भारत-मालदीव स्थानीय मुद्राओं में करेंगे कारोबार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत और मालदीव ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा करने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत शुरू करने और स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच आज यहां हैदराााद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए। दोनों नेताओं ने भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे और 700 से अधिक आवास का उद्घाटन किया तथा मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया जो रक्षा, भ्रष्टाचार निरोधक कार्यवाही, विधि क्षेत्र में क्षमता विस्तार तथा खेल एवं युवा मामलों के क्षेत्र को लेकर हैं।

बैठक के बाद समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी पर एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें कहा गया है कि भारत और मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में समान चुनौतियां साझा करते हैं जिनका दोनों देशों की सुरक्षा और विकास पर बहुआयामी प्रभाव पड़ता है। स्वाभाविक साझीदार के रूप में, वे भारत और मालदीव दोनों के लोगों के साथ-साथ बड़े हिंद महासागर क्षेत्र के लाभ के लिए समुद्री और सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने में मिलकर काम करने का संकलप लेते हैं। मालदीव, अपने विशाल विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के साथ, समुद्री डकैती, मछली पकड़ने, नशीली दवाओं की तस्करी और आतंकवाद सहित पारंपरिक और गैर-पारंपरिक समुद्री चुनौतियों का सामना कर रहा है। दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि भारत, एक विश्वसनीय और विश्वसनीय भागीदार के रूप में, मालदीव के साथ विशेषज्ञता साझा करने, क्षमताओं को बढ़ाने और मालदीव की जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार संयुक्त उपाय करने के लिए मिलकर काम करेगा। इस मौके पर श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, भारत और मालदीव के सांध सदियों पुराने हैं। भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी 'पड़ोसी प्रथम' की नीति और 'सागर' विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है।



## विकसित भारत का लक्ष्य साकार नहीं होने तक चैन से नहीं बैठूंगा : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सरकार के मुखिया के रूप में 23 साल पूरे होने पर बधाई देने वालों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह विकसित भारत का लक्ष्य हासिल होने तक चैन से नहीं बैठेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट कर कहा कि सरकार के मुखिया के रूप में 23 साल पूरे होने पर मुझे आशीर्वाद और शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों का हार्दिक आभार। 7 अक्टूबर 2001 को मैंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करने की जिम्मेदारी संभाली थी। यह मेरी पार्टी, भाजपा की महानता थी कि उसने मुझ जैसे विनम्र कार्यकर्ता को राज्य प्रशासन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि भारत के विकास की प्रगति ने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे देश को वैश्विक स्तर पर अत्यधिक आशावाद के साथ देखा जा रहा है। दुनिया हमारे साथ जुड़ने, हमारे लोगों में निवेश करने और हमारी सफलता का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है। साथ ही, भारत वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रहा है, चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो, स्वास्थ्य सेवा में सुधार हो, सतत विकास लक्ष्य हासिल करना हो या और भी बहुत कुछ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इन 23 वर्षों में मिली सीखों ने हमें अग्रणी पहल करने में सक्षम बनाया है, जिसने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाला है। मैं अपने साथी भारतीयों को आश्वस्त करता हूं कि मैं लोगों की सेवा में और भी अधिक जोश के साथ अथक परिश्रम करता रहूंगा। जब तक हमारा सामूहिक लक्ष्य विकसित भारत साकार नहीं हो जाता, मैं चैन से नहीं बैठूंगा।

# हेमा ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया : ओम बिरला

**एजेंसी**

**मथुरा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सांसद हेमा मालिनी ने अपनी अनूठी नृत्य शैली के जरिये दुनिया में भारतीय लोकसंस्कृति को नया आयाम दिया है। पांचजन्य आडिटोरियम में हेमा मालिनी द्वारा दुर्गा नृत्य नाटिका के जीवंत प्रस्तुतीकरण से प्रभावित होकर ओम बिरला ने कहा भरतनाट्यम से प्रारंभ कर हेमा ने सिने जगत में अपनी अनूठी प्रस्तुति देकर भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। हेमा मालिनी ने आज अपनी नृत्य नाटिका में शिव पार्वती और दुर्गा के विभिन्न जनकल्याणकारी स्वरूपों को प्रस्तुत किया। मां दुर्गा जहां अपने भक्तों को संरक्षण देती है वही दुष्टों का वे संहार करती हैं तथा वे अभिमान और अत्याचार को भी बर्दास्त नही करतीं। उन्होने कहा लगातार तीसरी बार बनी मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने संसद के माध्यम से मथुरा की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया। वे यहां के विकास, यहां की संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए और यहां के पर्यावरण को बचाने के लिए संसद के अंदर और संसद के बाहर प्रयत्नशील रहती हैं। उन्होने वृन्दावन के बदरों द्वारा चश्मा छीनने तक की घटना का भी जिक्र संसद में किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम के बाद रविवार देर रात पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हेमा मालिनी ने यहां के आध्यात्म, धर्म और संस्कृति को विश्व के कोने कोने तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की इस पावन भूमि पर लोगों को आध्यात्मिक शक्ति मिलती है तथा यह भूमि सत्य पर आचरण करने की प्रेरणा देती है।

## अमेरिका के लास वेगास हवाई अड्डे पर विमान में लगी आग



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य नेवादा के लास वेगास में हैरी रीड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा हुआ, जहां फ्रंटियर एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1326 में हार्ड लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों और एयरलाइंस के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की।

# भारत-यूएई का फूड कॉरिडोर परियोजना पर 'मिशन मोड' में अमल

## दोनों पक्ष कार्य समूह बनाने पर सहमत

**एजेंसी**

**मुंबइ।** संयुक्त अरा अमीरात (यूएई) ने भारत में 'फूड पार्क' परियोजनाओं में निवेश के प्रस्ताव पर मिशन मोड में अमल के लिए सोमवार को एक कदम बढ़ाते हुए भारत के साथ एक "कार्य समूह" बनाने पर सहमति जतायी जो भारत और यूएई के बीच फूड कॉरिडोर (खाद्य-व्यापार-मार्ग) स्थापित करने के प्रयासों को गति देने में सहायता करेगा।

यूएई विशेष रूप से अपनी खाद्य आवश्यकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण खाद्य-पार्क परियोजनाओं और फूड कॉरिडोर पर प्रारंभ में दो अरब डॉलर का निवेश करना चाहता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज यहां यूएई के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख हामिद बिन जायद अल नाहियान के साथ प्रतिनिधि स्तर की द्विपक्षीय बैठक के बाद यह जानकारी दी। श्री नाहियान दुाई इन्वेस्टमेंट अथोरिटी के प्रांध निदेशक भी हैं।

यूएई भारत में बनियादी ढांचा, हरित ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 75 अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव कर चुका है। श्री गोयल के अनुसार द्विपक्षीय निवेश समझौते के बाद यह 100 अरब के स्तर तक पहुंच सकता है।

दोनों मंत्रियों ने यहां भारत-यूएई द्विपक्षीय निवेश संधि कार्यालय की बैठक में अपने अपने दल की अध्यक्षता की और द्विपक्षीय निवेश और व्यापार बढ़ाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की। श्री गोयलने कार्यालय की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दोनों पक्ष निवेशकों की सुविधा के लिए एक दूसरे के यहां अपने निवेश कार्यालय स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। बैठक में सहमति बनी है कि भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) यूएई में जल्दी ही अपना पाठ्यक्रम शुरू करेगा तथा इसके साथ ही यह प्रतिष्ठित संस्थान अपना पहला विदेशी परिसर यूएई में स्थापित करेगा। दोनों पक्ष डिजिटल भुगतान के क्षेत्र हाल में सहयोग के लिए हाल में स्थापित व्यवस्था के विस्तार पर भी सहमत हुए हैं।



श्री गोयल ने बैठक के बाद संवाददताओं से बातचीत में कहा, भारत में फूड पार्क परियोजनाओं में निवेश की पृष्ठ-भूमि तय कर ली गयी है। इससे जहां भारत में किसानों और निर्यातकों को फायदा होगा वहीं भारत में लाखों नहीं तो हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा यूएई को अपनी खाद्य सुरक्षा मजाूत करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, आज की बातचीत में हमारे बीच केंद्र सरकार, राज्यों और यूएई के बीच एक छोटे कार्य समूह की स्थापना पर सहमति हुई है ताकि भारत-यूएई फूड कॉरिडोर स्थापित करने के काम को मिशन मोड में ाढ़ाया जा सके। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि यूएसई खाद्य पार्क के लिए दो अरब डालर से शुरूआत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निवेश से यूएई की खाद्य सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भारत ने यूएई के साथ व्यापक आर्थिक भागदारी समझौता (सेपा) और द्विपक्षीय निवेश समझौता किया है। सेपा दुनिया में सबसे कम समय में किया गया मुक्त व्यापार का समझौता है जो लागू हो चुका है तथा बीआईटी अभी अगस्त महीने में प्रभाव में आया है।

श्री गोयल ने बताया कि भारत सिंगापुर के बाद यूएई में 'इंडिया इन्वेस्ट' का कार्यालय खोलेगा जो पिछले महीने सिंगापुर में स्थापित इस प्रकार के पहले कार्यालय के बाद विदेश में दूसरा कार्यालय होगा। इंडिया इन्वेस्ट का उद्देश्य विदेशी निवेशकों को सूचना और सुविधा प्रदान करना है। इसमें विदेश व्यापार महानिदेशालय, निर्यात क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन जैसी एजेंसियां सहयोग करती है। उन्होंने कहा, यूएई ने इन्वेस्ट इंडिया के कार्यालय के लिए किसी एक जगह मुफ्त में कार्यालय सुविधा प्रदान करने की पेशकश की है। इसी तरह यूएई भी दिल्लाी में अपना निवेश कार्यालय स्थापित करेगा जो भारत के निवेशकों के लिए सिंगल विडो सुविधा होगा और यह अवसरों की एक खिड़की साबित होगा।